डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | माघ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 14 जनवरी 2024, वर्ष-31, अंक- 91, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

## झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को लेवल 12 वेतनमान में प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड कैडर के 10 आईपीएस को लेवल 12 वेतनमान में प्रोन्नति मिली है। प्रोन्नति पाने वाले आईपीएस अधिकारियों में ऋषभ कुमार झा, अंजनी अंजन, सौरभ, अमित रेणु, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार और पूज्य प्रकाश शामिल हैं। इस प्रोन्नति से इन आईपीएस अधिकारियों का वर्तमान प्रतिस्थापन प्रभावित नहीं होगा। साथ ही, इस शर्त के साथ प्रोन्नति दी गई है कि वे अगले प्रशिक्षण स्लॉट में एमसीटीपी फेज-3 का प्रशिक्षण पूरा करेंगे। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## झामुमो नेता के ठिकाने से 300 टन अवैध कोयला बरामद

**धनबाद।** बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सोमवार को मधुबन थाना क्षेत्र के आशाकोठी में छापेमारी की। यहां पुलिस ने 300 टन अवैध कोयला जब्त किया है। बताया जाता है कि जब्त कोयला और यह अड्डा झामुमो नेता कारू यादव का है। यह कोयला यहां तस्करी के लिए रखा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, जब धनबाद पुलिस ने आशाकोठी में छापेमारी की, तो वहां भारी मात्रा में डंप अवैध कोयला पाया गया। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। बताया जाता कि झामुमो नेता के आशाकोठी स्थित जमीन की मापी के लिए सरकारी अमीन को बुलाया गया है। गौरतलब है कि एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार पर हमले के बाद पुलिस ने झामुमो नेता कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




### प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य शुभारंभ

# संगम की रेती पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**● डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र पावन संगम में डुबकी**

**महाकुंभनगर (एजेंसी)।** विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुंभ का श्रीगणेश सोमवार को पौष पूर्णिमा के अवसर पर पहले स्नान के साथ हो गया। पतित पाविनी गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती नदी के संगम पर अमृत स्नान करने वाले करीब तीन बजे भोर से ही संगम की रेती पर जुटने लगे थे। महाकुंभ के पहले दिन पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को प्रयागराज में डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र पावन संगम में डुबकी लगाई।



राज्य के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के मुताबिक अपराह्न 3 बजे तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। श्रद्धालुओं की यह संख्या सुबह साढ़े 9 बजे तक 60 लाख को पार कर गई थी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से तीन हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेला क्षेत्र में एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगाए गए हैं। मानवता के इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षी बनने, अपने जन्मों के पुण्यों को साकार करने और मानव सभ्यता के इस सबसे बड़े विलक्षण क्षण का साक्षी पहले ही दिन बनने की होड़ तीर्थराज प्रयाग के संगम नोज समेत सभी स्थायी एवं अस्थायी घाटों पर दिखी। अपनी पूजा व अर्चन विधि से भक्ति में रमने के साथ ही एकता के संगम में सराबोर होते दिखे। पौष पूर्णिमा के अवसर पर महाकुंभ के प्रारंभ होने और पहले स्नान के अवसर पर पूरी दुनिया से महाकुंभनगर स्थित मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। ये श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तैयारियों से **शेष पेज 11 पर**

### संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन : सीएम योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और पत्रकारों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि मानवता के मंगलपर्व 'महाकुंभ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।

### रामदास सोरेन ने दुलमी में बालिका आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन, कहा

# झारखंड में खुलेंगे और 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

**बोले शिक्षा मंत्री**

- सुधरेगा शिक्षा का स्तर, बच्चों को सभी सुविधाएं देने का है प्रयास
- जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने का कार्य शुरू होगा

**नवीन मेल डेस्क**

**रामगढ़।** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन सोमवार को रामगढ़ पहुंचे, तो उन्होंने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए और 80



सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। इससे पहले, उन्होंने दुलमी प्रखंड के चामरोम में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मंत्री रामदास सोरेन ने सभी छात्राओं को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध कराई जाए। इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा, शिक्षा एक ऐसा रास्ता है, जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते हैं, बल्कि देश व समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और पलायन रोकने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' सहित कई **शेष पेज 11 पर**

## सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार, हथियार और नकदी बरामद



**● गिरोह व्यवसायियों से रंगदारी मांगने की बना रहा था योजना**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने रविवार रात गुप्त सूचना के आधार पर सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़े छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई बैरिया हाउसिंग कॉलोनी स्थित के.के. मेमोरियल विद्यालय के पास एक खाली मकान पर छापेमारी के दौरान हुई। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि गिरोह व्यवसायियों से रंगदारी मांगने की योजना बना रहा था। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में छापेमारी दल ने मौके से 7.65 एमएम की दो लोडेड पिस्टल, मैगजीन, 11 मोबाइल, 10,130 रुपये नकदी, और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। गिरफ्तार अपराधियों में धर्मेंद्र पांडेय, अमित चौधरी, और सौरभ सिंह शामिल हैं, जिनका पहले भी हत्या, जेल पर बम फेंकने, और गोलीबारी जैसे गंभीर मामलों में नाम आ चुका है। गिरफ्तार अन्य अपराधियों में प्रिंस कुमार, अमित कुमार शर्मा उर्फ सोनू, और समीर अंसारी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गिरोह द्वारा औरंगाबाद के अंबा में भारतमाला प्रोजेक्ट पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार अपराधी जिले के व्यवसायियों के बीच भय और आतंक का माहौल बना रहे थे। छापेमारी **शेष पेज 11 पर**

### भारत सरकार के वित्त विभाग के अवर सचिव ने की समीक्षा

# जिला का प्रदर्शन भारत सरकार के मूल्यांकन मानकों को पूरा कर रहा है : अरविंद गौड

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित 112 आकांक्षी जिलों में लातेहार जिले में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस क्रम में भारत सरकार के वित्त विभाग के अवर सचिव अरविंद गौंड ने सोमवार को सर्किट हाउस में बैंकिंग सेक्टर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अरविंद गौंड ने बैंकिंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लातेहार जिला बैंकिंग सेक्टर में बेहतर



प्रदर्शन कर रहा है। जिला का प्रदर्शन भारत सरकार के मूल्यांकन मानकों को पूरा कर रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र द्वारा सरकार की सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत में गौंड ने कहा कि लातेहार जिला का बैंकिंग एवरेज अन्य जिलों की तुलना में बेहतर है। उन्होंने जिले में बैंकिंग सेवाओं को और सशक्त बनाने पर जोर दिया, ताकि जन सामान्य को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और विकास के अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।अवर सचिव अरविंद गौंड ने अधिकारियों को योजनाओं को समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिए।

# वर्ष 2025 में हज यात्रा के लिए 1,75,025 हज यात्रियों का कोटा

**● किरेन रिजिजू ने जेद्दा में सऊदी हज व उमरा मंत्री के साथ किए समझौते पर हस्ताक्षर**

**– ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत व सऊदी अरब ने हज के लिए एक द्विपक्षीय समझौता किया, जिसके तहत वर्ष 2025 में हज यात्रा के लिए 1,75,025 हज यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने जेद्दा में सऊदी हज व उमरा मंत्री डॉ तौफीक बिन फौजान अल-राबिया के साथ हज समझौते 2025 पर हस्ताक्षर किए। मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, इस साल हज के लिए सऊदी हज और उमरा मंत्री राबिया के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। भारत के लिए हज 2025 का कोटा 1,75,025 यात्रियों का तय किया गया। हम अपने हज यात्रियों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने आगे कहा, डॉ. तौफीक बिन फौजान अल-राबिया से मुलाकात के दौरान हमने हज 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और भारतीय हज यात्रियों के लिए अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाने पर विचार किया। इससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों को भी मजबूती मिलेगी। ज्ञात हो कि बीते माह राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में रिजिजू ने बताया था कि वर्ष 2025 के लिए कोटा का वितरण पहले जैसा ही रहेगा, जिसमें 70 प्रतिशत कोटा हज कमेटी ऑफ इंडिया और 30 प्रतिशत कोटा हज ग्रुप ऑर्गेनाइजेशन को आवंटित किया गया है। रिजिजू ने यह भी बताया कि बीते पांच वर्षों में हज कोटे का वितरण 70:30 से लेकर 80:20 के बीच रहा है।


**इंडिया**

# सबसे पहले झारखंड के तिलका मांझी के नेतृत्व में विद्रोह का बिगुल फूंका गया था



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड के लोग स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं और स्वतंत्रता पसंद करते हैं और इसीलिए 1857 के विद्रोह के पहले भी 1778 में जनजातीय समुदाय के तिलका मांझी ने रामगढ़ कैंट में हमला किया था । इसमें अपनी रियासत और प्राण न्योछावर करने वाले ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव भी थे और बिरसाइत धर्म के माध्यम से सामाजिक बुराइयों का अंत करने का आह्वान करने वाले भगवान बिरसा मुंडा भी थे। झारखंड बिहार के अमर शहीदों ने सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम की लौ जलाई थी ।15 अगस्त अनेक लोगों के लिए मात्र एक तिथि है कल्पना की जा सकती है कि कैसे यह रोमांचक दिन एक एक दिन गिनकर पहुंचा होगा और कितनी माताओं की गोद उजड़ी होगी कितने घरों के एकमात्र लाल तक स्वतंत्रता की बलि वेदी पर होम कर दिए गए होंगे और हमारे कितने ही जाने अनजाने पूर्वजों ने साथ मिलकर हमें उस त्रासदी और अपमान से मुक्ति दिलाई जो पराधीनता के साथ जुड़ी थी। हम शायद आज कल्पना भी नहीं कर सकते कि तब यह कितना कठिन था क्योंकि पकड़े जाने पर मृत्युदंड से लेकर संपति तक जब्त करने की घटनाएं हुईं थीं। तत्कालीन बिहार के सुल्तानगंज के तिलकपुर गांव में 11 फरवरी, 1750 को जन्मे जनजातीय समुदाय के तिलका मांझी को प्रथम स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है। चरम आक्रोश के बीच तिलका मांझी के नेतृत्व में भागलपुर का खजाना लूट कर टैक्स और सूखे की मार झेल रहे गरीबों और आदिवासियों के बीच बांट दिया गया था। बंगाल के तत्कालीन गवर्नर वॉरेन हेस्टिंग्स ने विद्रोह को कुचलने के लिए 800 सैनिकों की फौज भेजी, पर 28 वर्षीय तिलका मांझी के नेतृत्व में आदिवासियों ने 1778 में रामगढ़ कैंट में तैनात पंजाब रेजिमेंट पर ही हमला कर दिया था। आक्रोशित उग्र आदिवासियों के सामने प्रशिक्षित सैनिक भी नहीं टिक पाए और अंग्रेजों को कैंट छोड़ कर भागना पड़ा। तिलका मांझी को अंग्रेजों ने 12 जनवरी, 1785 को पकड़ लिया और घोड़ों से बांधकर भागलपुर तक घसीटा, पर वे जीवित बच गए। 13 जनवरी, 1785 को 35 वर्षीय इस पहले स्वतंत्रता सेनानी को फांसी दे दी गई। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना 1857 से बहुत पहले झारखंड के आदिवासी समुदाय ने तिलका मांझी के नेतृत्व में विद्रोह का बिगुल फूंका था जिसे निर्दयतापूर्वक दबाया गया पर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के नेतृत्व में जब रांची में आंदोलन हुआ तो उन्हें फांसी दी गई और सारी रियासत जब्त कर ली गई पर उनसे जुड़े शेख भिखारी पांडे गणपत राय जैसे अनेक देशभक्तों ने निडर होकर अंग्रेजी सरकार का विरोध किया।



झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंका था और रांची को छह महीने तक अंग्रेजों से मुक्त रखा था। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव बड़कागढ़ (जो अब रांची का हिस्सा है) के राजा थे। उन्होंने 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने छोटानागपुर क्षेत्र को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना की थी। लेकिन कुछ गद्दारों की वजह से और स्वतंत्रता सेनानियों के बीच उचित तालमेल की कमी के कारण उनका यह प्रयास सफल नहीं हो सका। 16 अप्रैल, 1858 को अंग्रेजों ने उन्हें रांची के जिला स्कूल (जो अब अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय है) के प्रांगण में फांसी दे दी थी। अंग्रेजों ने उनकी रियासत बड़कागढ़ को अपने कब्जे में ले लिया और उनके नाम के साथ 'सेक्रेटरी फॉर इंडिया इन काउंसिल' का नाम भी जोड़ दिया। उनके किले हटिया गढ़ को ध्वस्त कर दिया गया। उनकी पत्नी रानी वनेश्वरी कुंअर अपने एक साल के बेटे कपिल नाथ शाहदेव को लेकर गुमला के जंगलों में चली गईं और काफी समय तक वहां गुप्त रूप से रहीं। 1857 का सिपाही विद्रोह वस्तुतः ब्रितानी साम्राज्यवाद के विरुद्ध भारत का पहला मुक्तिकामी महासंग्राम था। अकादमिक इतिहास की पुस्तकों में इस महासमर में पलामू की जनजातियों के योगदान को बहुत महत्व नहीं दिया गया जबकि नवीनतम शोध और दस्तावेजी सच्चाइयों से यह रहस्य उद्घाटित होने लगा है कि 1857 के संघर्ष के दो वर्ष तक पलामू की जनजातियां लगभग हारी हुई लड़ाई को लड़ती रही थीं। इस जनयुद्ध के नायक भोगता थे। भोगता जनजाति के दो सहोदर भाई पीतांबर साही और नीलांबर साही। इस आंदोलन की एक कड़ी भगवान बिरसा मुंडा से जुड़ी थी जिन्होंने विदेशियों के साम्राज्यवाद से लेकर उनके पिट्ठुओं का जोरदार विरोध किया था। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के बढ़ते जुल्म के खिलाफ कम उम्र में ही अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया। वे दुनिया के ऐसे पहले आंदोलनकारी थे, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ-साथ बिरसाइत धर्म के रूप में समाज सुधार की भी थी। बात की आज भी झारखंड के लोग समन्वयवाद और भाईचारे पर विश्वास करते हैं। उन्हें जब गुलाम बनाने का प्रयास किया जाता है तब वे विरोध करते हैं।

## ग्रामीणों से झड़प में बचे सीओ, एक ट्रैक्टर जब्त

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र के समलडीह बालू घाट में बालू खनन पर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान एक बड़ी घटना होते-होते रह गई। सोमवार को सतगावां सीओ केशव प्रसाद चौधरी जब अवैध तरीके से हो रहे बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे, तो ग्रामीणों के साथ झड़प हो गई। सतगावां सीओ इस झड़प में बाल-बाल बच गए, लेकिन उनका ड्राइवर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, बिना पुलिस सुरक्षा के पहुंचे सीओ को बालू माफियाओं ने घेर लिया और उनके चालक के साथ मारपीट की। सीओ ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीओ को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। वहीं, बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आई। बालू माफिया अन्य ट्रैक्टर को लेकर भागने में सफल रहे। जख्मी ड्राइवर को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## एक नजर

### मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, पांच दिवसीय महायज्ञ कल

**हुसैनाबाद।** मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 15 जनवरी 2025 को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से जल यात्रा निकली जाएगी। जल यात्रा हुसैनाबाद शहर का भ्रमण करते हुए देवरी स्थित सोन नदी से वैदिक मंत्रोचारण के साथ जल उठाएंगे। जल उठाने के बाद पुनः मां तारा शक्ति मंदिर हुसैनाबाद पहुंचेंगे। पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत भी 15 जनवरी से ही प्रारंभ होगी, जो 19 जनवरी को पूणार्हुति व भंडारा के बाद महायज्ञ संपन्न होगा। इसके संरक्षक पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।

### श्रद्धालुओं का पहला जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना



**हैदरनगर।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ शुरू होने के बाद हैदरनगर से श्रद्धालुओं का पहला जत्था मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को रवाना हुआ है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ स्नान के साथ ही ईश्वर से क्षेत्र, परिवार, पड़ोस की शांति की आराधना करेंगे। इस जत्था में हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया कमलेश सिंह, मुखिया जितेन्द्र सिंह, ऋतिक सिंह, अमित सिंह सहित अन्य शामिल हैं। सोमवार की सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं का जत्था जीडीआर पैसेंजर ट्रेन से वाया डेहरी ऑन सोन होते प्रयागराज को रवाना हुआ। उन्होंने कहा कि उनका जत्था लगातार एक माह तक बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के सानिध्य में लीन रहेंगे। साथ ही मकर संक्रांति पर्व पर उन्हें स्नान का लाभ प्राप्त होगा। मौके पर समाज सेवी सोनू, विजय कुमार, अभिषेक कुमार, जयप्रकाश, राकेश कुमार, उपमुखिया पवन कुमार सहित अन्य लोगों ने स्टेशन पहुंचकर ट्रेन से विदा किया। साथ ही उनके सुखद व सुखमय महाकुंभ यात्रा की कामना की।

### विधायक ने चादरपोशी कर क्षेत्र में अमन की दुआ मांगी

**हरिहरगंज।** शहर के बंजारी मुहल्ला में रविवार की रात सालाना उर्स खलील ए मिल्लत संपन्न हो गया। इसमें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा के विधायक व राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्रवासियों के लिए अमन,चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। बाद में जलसा का आयोजन हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। आयोजन कमेटी ने मजार व आस पास के रास्तों पर रौशनी व सजावट की व्यवस्था की थी। मौके पर युवा राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मो फैजुलहक राशिद, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव,अशोक यादव, विकास यादव, लखन यादव, महादेव यादव, बुधन यादव, अशोक जायसवाल, इमरान खान सहित अन्य मौजूद थे।

# टैंकर ने टेंपो में मारी टक्कर, छह घायल

## तीन एमएमसीएच रेफर, तीन तुंबागाड़ा में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** रांची मेदिनानगर एनएच 39 मुख्य मार्ग पोलपोल मरघटीया के पास सोमवार को 3:30 बजे विपरीत दिशा से आ रही टैंकर ने मोटरसाइकिल व टेंपो में टक्कर मारने से मोटरसाइकिल सवार रामव्रत साव के 18 वर्षीय पुत्र ध्रुव साव समेत पांच टेंपो सवारी घायल हो गए हैं। ग्रामीणों व सतबरवा पुलिस ने घायल व्यक्तियों को तीन एमएमसीएच मेदिनीनगर व तीन को तुंबागड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर सभी का इलाज चल रहा है। बुलेट मोटरसाइकिल सवार ज्यादा घायल है। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार समेत 6 लोग घायल हैं। तीन को एमएमसीएच व तीन तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया है। वहां पर सभी का इलाज चल रहा है। टैंकर को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। टैंकर ड्राइवर भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने बताया कि टैंकर रांची की तरफ से आ रही थी। बुलेट मोटरसाइकिल विपरीत दिशा पोलपोल घर से जा रहा था। इस बीच मरघटीया के पास यह घटना घटी। टैंकर के पीछे-पीछे टेंपो जा रहा था। दुर्घटना के बाद टेंपो बेकाबू हो गया और सड़क किनारे किसी तरह स्थिति पर काबू पाया। टैंकर ने बुलेट मोटरसाइकिल को 50 फिट तक घसीटते आगे चला गया। जिससे बुलेट सवार का पैर रगड़ाकर जख्मी हो गया।

## मकर संक्रांति को लेकर बाजार में चहल पहल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मकर संक्रांति पर्व पर खरीदारी को लेकर सोमवार को बाजार में चहल पहल रही। स्टेशन रोड की दैनिक बाजार में सजी दुकानों में लोग तिलकुट, चूड़ा, गुड़, मुरही, लाई, तिलवा, दूध और दही की खरीदारी में व्यस्त रहें। बाजार में तिलकुट की सोंधी महक लोगों को आकर्षित कर रही थी। बताया गया कि मकर संक्रांति पर्व के खास मौके को लेकर छोटे-बड़े कुल मिलाकर तिलकुट, चूड़ा की 20-30 दुकानें लगाई गई थी। इससे बाजार गुलजार हो उठा। इन दुकानों में अलग-अलग किस्मों व स्वाद वाले तिलकुट न्यूनतम 200 और अधिकतम 450 रुपए के भाव में उपलब्ध था, जो गया, डेहरी और सासाराम के बड़े बाजार से आयातित थें।

## छूटे कार्ड धारियों का ई-केवाईसी 25 फरवरी तक होगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो की अध्यक्षता में हुई। मौके पर मौजूद सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को छूटे हुए राशन कार्डधारी का ई-केवाईसी 25 फरवरी तक जरूर पूरा कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही एनएफएसए अंतर्गत पीएच और अन्त्योदय कार्डधारियों को माह जनवरी 2025 का खाद्यान्न वितरण 25 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। ग्रीन कार्ड के वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीलरों को कहा कि राशन का ससमय वितरण को प्राथमिकता देते हुए ई-केवाईसी के कार्यो का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। साथ ही जो डीलर वितरण में कोताही करेंगे वैसे डीलर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दुकान ससमय खोलने और खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी, जविप्र दुकानदार ब्रज किशोर तिवारी, वीरेंद्र मेहता, दिलीप गुप्ता, दया शंकर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, ईश्वरी शुक्ला ,कुंदन कुमार, योगेन्द्र सिंह, आलोक तिवारी, बिरजू साव , रफीक अंसारी सहित कई जन वितरण दुकानदार उपस्थित थे।

## जर्जर हालत में है स्टेशन रोड की मुख्य सड़क, लोगों की परेशानी बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार के स्टेशन रोड की हालत जर्जर हो गई है, जबकि इसकी उपयोगिता कई मायने में महत्वपूर्ण है। जानकारी के अनुसार सांसद ब्रजमोहन राम की सांसद निधि से भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह की पहल पर मुख्य नहर पुल से रेलवे स्टेशन की सीमा तक पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया था। इस सड़क की हालत ज्यादा खराब हो गई है। पूर्व सांसद निधि से इसके पीसीसी पथ निर्माण हुए 20-22 साल से अधिक का समय बीत गया है। लोगों ने बताया कि रेलवे के थर्ड लाइन विस्तारीकरण और अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के दौरान इस सड़क की क्षमता से अधिक भारी वाहनों पर वजनी सामग्रियों की ढुलाई से इसकी स्थिति और भी खराब हो गई है। जगह-जगह से कंक्रीट उखड़ती जा रही है। इसकी स्थिति सुगम नहीं रह गई है। इस सड़क के रास्ते रेलवे स्टेशन, बैंकों, स्कूलों और मुख्य बाजार की वजह से प्रखंड मुख्यालय की व्यस्त सड़कों में इसकी गिनती की जाती है। बावजूद इसके इसके कायाकल्प करने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है।

**सांसद का कराएंगे ध्यान आकृष्ट**

सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने इस सड़क की खस्ताहाल को गंभीरता से लिया है। उन्होंने इसकी हालत को देखते हुए इसके कायाकल्प को लेकर सांसद वीडी राम का ध्यान आकृष्ट कराने की बात कही है।

## भीम चूल्हा और पंसा में मकर संक्रांति मेला को लेकर पुलिस बल व मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीम चूल्हा और पंसा में मकर संक्रांति मेला को लेकर बीडीओ रणवीर कुमार ने मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की अनुशंसा की है। इस संबंध में उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र भेजा है। इसमें 15 वें वित्त आयोग के जेई प्रदीप कुमार को भीम चूल्हा प्रांगण, मनरेगा के जेई राहुल कुमार को भीम बराज के पास और प्रभारी अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार को पंसा सूर्य मंदिर के पास प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि इन स्थलों में आयोजित मेले में अधिक लोगों की भीड़ के मद्देनजर 14-15 जनवरी के लिए पुलिस बल के साथ इन मजिस्ट्रेटों की प्रतिनियुक्ति की गई है। भीम चूल्हा के पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि दुकानदारों ने मेला क्षेत्र में दुकानों के लिए जगह सुरक्षित कर लिया है। ग्रामीणों और युवाओं के सहयोग से मेला को सफल बनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। युवा समाज सेवी अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि पंसा में सूर्य और शिव मंदिर के पास कोयल-सोन नदी संगम तट पर लगने वाले मेला की देखरेख व इसके सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिला परिषद सदस्य अंजू देवी की निगरानी में ग्रामीण लगे हैं। मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

## रेलवे फाटक निर्माण के लिए सांसद को ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** युवा समाजसेवी अजय कुमार गुप्ता ने प्रखंड अंतर्गत नवगढ़-छतरपुर खंभा संख्या 340\33 के पास 58 नंबर को पुनः गेट या समपार फाटक बनवाने का मांग पत्र सांसद को सौंपा। सांसद बीडी राम ने पुनः गेट या समपार फाटक बनवाने का अश्वासन दिया है। अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व गेट को हटा दिया गया था। उक्त स्थल का निरीक्षण कर व कागजों पर भी देखा जा सकता हैं। तीसरी लाईन विस्तारीकरण के कारण 5 गावों के लगभग 10 हजार आबादी वाले गांवों में कृषि कार्य, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय, पंचायत सचिवालय, श्मशान घाट, मतदान केंद व अन्य कार्यों से इन लोगों का संपर्क टूट जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के साथ मिलकर कई सालों से रेल प्रशासन व भारत सरकार को पत्राचार, ट्विटर व धरना प्रदर्शन के माध्यम से बंद रेल फाटक को खुलवाने को लेकर मांग किया। लेकिन अभी तक ग्रामीणों को सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला।

## यातायात नियमों का पालन नहीं होने से बनी रहती है जाम की स्थिति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय दैनिक बाजार की सड़कें बढ़ती भीड़ के कारण पहले के मुकाबले संकरी होती चली जा रही है। इससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस स्थिति में कभी-कभी स्टेशन पहुंचने में बाधा उत्पन्न हो जाता है। इससे लोगों की ट्रेन भी छूट जाती है। स्कूली बच्चों और राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। जाम की वजह लोग सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग और फुटपाथ पर लगाए जा रहे ठेले और दुकानों को बताते हैं। यातायात नियमों का पालन नहीं करना भी इसकी वजह बताया जाता है।

**सीमित दायरे में बाजार का सिमटना**

लोगों का कहना है कि समय के साथ बाजार का विकास तो हुआ है। सीमित दायरे में ही बढ़ते बाजार के कारण भीड़-भाड़ से सड़क जाम की स्थिति बनी है। इस दायरे से बाहर निकल कर कोई कारोबार को फैलाना नहीं चाहता है। खासकर, वाहनों की पार्किंग और फुटपाथ पर ठेला, दुकान लगाने वाले लोग इस क्षेत्र के सीमित दायरे से बाहर निकलना चाहते हैं।

## उप प्रमुख ने साइकिल वितरण में अवैध वसूली मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बभंडी में छात्राओं को साइकिल देने के नाम पर प्रति छात्र 50 रुपया अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। छात्राओं ने कहा कि प्रधानाध्यापक ने साइकिल वितरण के नाम पर छात्रों से 50-50 रुपए की वसूली कराई है। इस वसूली का मामला उनके कई अभिभावकों ने गंभीरता से वीडियो लेकर वायरल भी किया है। अभिभावकों ने इस भ्रष्टाचार को उजागर कर कहा कि यह मामला न केवल छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि शिक्षा संस्थानों में भ्रष्टाचार का बोलबाला की धज्जियां उड़ा रही है। इस मामले में प्रखंड उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने तत्काल संज्ञान लेते हुए इस घटना की उचित जांच और दोषी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि छात्रों से वसूली गई राशि को वापस किया जाना चाहिए। समाज के विभिन्न हिस्सों में इस घटना को लेकर गहरी चिंता है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने जागरूकता चलाया

**हरिहरगंज।** इंटर स्टेट चेक पोस्ट के समीप एनएच 139 पर सोमवार को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने दर्जनाधिक बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हर हाल में हेलमेट पहन कर बाइक चलाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर ही दुर्घटना पर काबू पाया जा सकता है। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वाहन जांच की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। उन्होंने नशापान कर, ट्रिपल लोड, नाबालिग को वाहन नहीं चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया। साथ ही वाहन संबंधित कागजात हमेशा अपने पास रखने, ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सफर करने की अपील की। मौके पर एसआई विगेश कुमार राय, समाज सेवी अशोक यादव सहित अन्य पुलिस जवान उपस्थित थे।

**कार्यक्रम**

## मकर संक्रांति पर देवगन धाम मेला का उद्घाटन

# सरकार से देवगन धाम और चेगौना धाम विकास के लिए प्रयास करेंगे: जिप सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखंड के देवगन धाम परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले मेला का उद्घाटन सोमवार को देवगन धाम के महंत साकेत बिहारी दास, पश्चिमी जिला परिषद संजू देवी, समाज सेवी रंजीत जायसवाल उर्फ फंटूश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। मकर संक्रांति से शुरू यह मेला आयोजन एक सप्ताह तक किया जाएगा। मौके पर मंदिर के महंत साकेत बिहारी दास ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला मेला का इतिहास बहुत पुराना है। 1964 में बाबा गोविंद शरण ने मेला का आयोजन किया था। तब से आज तक लगभग 50 एकड़ में फैले भूखंड में मेला का आयोजन होते आ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्वज बताते हैं कि देव, देवगन, देवकुंड, उमगा मंदिर भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित है। देवगन धाम क्षेत्र में उपस्थित अवशेषों से यह पता चलता है कि यह देवों के समय का स्थान रहा है। पश्चिमी जिला परिषद संजू देवी ने कहा कि देवगन मेला का इतिहास काफी पुराना रहा है। पूर्वजों के समय से यहां मेला का आयोजन होता रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से देवगन धाम और चेगौना धाम के विकास के लिए प्रयास करेंगे तथा दोनों जगह को विकसित कर एक पर्यटन स्थल के रूप में निखारेंगे। समाजसेवी रंजीत जायसवाल उर्फ फंटूश ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा मेला का आयोजन होना अपने आप में गर्व की बात है। छतरपुर तथा आसपास के क्षेत्र के लोग मेले का आनंद उठाते हैं। मेले में टॉवर झूला, नाव और ब्रेक डांस का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर पंचायत समिति उदल पासवान, जितेंद्र सिंह यादव, श्रवण यादव, उमेश सिंह, पंकज कुमार पासवान, शिवनंदन विश्वकर्मा, कैलाश यादव, मनोज कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### संवेदक ने पलामू एसपी को ज्ञापन सौंपा, जांच की मांग

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के संवेदक रोहन कुमार सिंह ने पलामू एसपी को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह व संवेदक के बीच निविदा को लेकर मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पलामू एसपी को दिए गए ज्ञापन में संवेदक रोहन सिंह ने कहा कि नगर प्रबंधक ने निविदा वापस करने के लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। घटना के दिन 10 जनवरी को दोपहर दो बजे नपं कर्मी उमेद्र ठाकुर के मोबाईल नंबर 8674961422 से कॉल कर मुझे सीटी मैनेजर ने खुद ऑफिस में बुलाया और कार्यपालक पदाधिकारी तरनिस हंस ने कार्यालय कक्ष में बुलाकर कहा कि निविदा संख्या 12 में कुल 14 काम निकाला गया है, जिसमें सभी कार्यो का प्रत्येक संवेदक को आवंटित कर दिया गया। एक मात्र यह काम में आप अपना पेपर लिखित रूप से वापस ले लीजिए। तब हमने कहा कि पेपर क्लियर करना तो आपका सक्षम अधिकार है तो मुझे जबरन क्यों बुलाया गया हैं। जिस पर प्रशासकीय पदाधिकारी ने कहा कि इस सबंध में आप मेरे सिटी मैनेजर से बात कर लीजिए, जिसके बाद सिटी मिशन मैनेजर राकेश सिंह ने मुझे अपने चैंबर में बुलाकर जबरन पेपर वापस लेने का दबाव बनाया और मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने बिंदुवार जानकारी देते हुए ज्ञापन में लिखा है कि सिटी मैनेजर निविदा समिति में सक्षम पदाधिकारी नही हैं, इसके बावजूद भी षड्यंत्र के तहत दबाव बनाया गया। उन्होंने बताया है कि नगर प्रबंधक द्वारा थाना को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मैं हथियार के साथ उनके कार्यालय में घुसकर मारपीट किया और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की बात सरासर बेबुनियाद है। क्योकि नगर प्रबंधक के साथ हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज नपं कार्यालय में लगे सीसीटीवी में उपलब्ध है जो जांच का विषय है।

### हुसैनाबाद प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चुने गए नरेश

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मुखिया कक्ष में हुसैनाबाद के सभी मुखिया की बैठक हुई। सर्वसम्मति से प्रखंड मुखिया संघ का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष पद का चुनाव गुप्त मतदान से कराया गया। मतदान में 18 मुखिया ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए श्रवण राम व नरेश पासवान ने दावेदारी पेश की। गुप्त मतदान में नरेश पासवान निर्वाचित हुए। नरेश राम को 11मत मिलें, जबकि श्रवण राम को 7 मत प्राप्त हुए। मुखिया संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर सभी मुखिया ने नरेश पासवान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष नरेश पासवान के नेतृत्व में मुखिया की समस्याओं का समाधान होगा। सर्वसम्मति से संघ का सचिव अमरेंद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मीना देवी को चुना गया। संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर नरेश पासवान ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का वह प्रयास करेंगे। बैठक में अवंती देवी, विजय राम,संजू देवी, सुषमा देवी, पूनम कुमारी, सुदामा यादव, ममता देवी,मंजू देवी, मीना कुमारी, आंचल देवी समेत कई मुखिया शामिल थे।

### मां महा मैत्रायणी योगिनी का मनाया महानिर्वाण दिवस

**विश्रामपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में सोमवार को मां महा मैत्रायनी योगनी जी का महानिर्वाण दिवस पूरे विधि विधान के साथ सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजाअर्चना की गई।श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता रश्मि राय व संचालन संजीत कुमार मिश्रा ने किया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि रंजित सिंह ने सर्वेश्वरी समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि जीवन के आदर्शों से अवगत कराने के लिये,भूले भटके लोगों को सिखाने व आदर्श जीवन की प्रेरणा देने के लिये ही सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की गयी है। बच्चों के बीच में अच्छे संस्कार देना व नशा मुक्ति अभियान पर भी जोर दिया। समूह द्वारा चलाये जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम पर भी उन्होंने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इसके बाद समूह द्वारा तोलरा दुसाध टोला स्थित स्कूल परिसर में गर्म वस्त्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। वहां परमपूज्य गुरुदेव गुरुपद संभव बाबा जी,परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी व अघोराचार्य बाबा किना राम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। यहां भी विशेष पूजा आरती हुई। इसके बाद वस्त्र वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन रश्मि राय,रंजित सिंह व मुखिया रोहित तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया। अतिथियों द्वारा जरूरतमंदों के बीच 50 कंबल,22 साड़ी,72 टोपी, 72 मोजा का वितरण किया गया। 60 बच्चों के बीच स्वेटर व टोपी वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जयराम मिश्रा,लखन पांडेय, हलकानी राम,चंद्रदेव साव,साहेब राम,हीरा साव,ज्वाहीर साव,सत्येंद्र कुमार मिश्रा,अंश राज,श्रेया कुमारी,विनोद पांडेय,धर्मराज तिवारी,सचिता तिवारी, इंद्रमणि तिवारी,राधा तिवारी,नारद तिवारी,राजेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### महाब्राह्मणों का महाकुंभ 13 व 14 अप्रैल को

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम राजोगाड़ी में 13 और 14 अप्रैल को दो दिवसीय महाब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर महा ब्राह्मण समाज का दौर शुरू हो गया है। रविवार को राजोगाड़ी में दीप जला कर दौरा की शुरूआत की गई। साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने पहले दिन भदुमा के लिए रवाना हुए। राजोगाड़ी में महाब्राह्मण संघ के केंद्रीय संरक्षक किशोरी मोहन पांडेय ने कहा कि 12 वर्ष बाद पुनः यहां महाब्राह्मण का महाकुंभ लगने जा रहा है। जिसमें पूरे झारखंड से 5 हजार से अधिक समाज के लोग शामिल होंगे। प्रदेश महासचिव सच्चिदानंद पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा संगठित होकर अपने समाज को नई दिशा देना है। राम प्रकाश तिवारी ने बताया कि महाब्राह्मण महाकुंभ आयोजन समिति के साथ झारखंड महाब्राह्मण संघ प्रदेश कार्य समिति का पहला दौरा पलामू जिला के भदुमा गांव से शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम शुरू होने तक लगातार चलता रहेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में पदाधिकारियों के दौरे का तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है। मौके पर महाब्राह्मण संघ के शिव शंकर तिवारी, शत्रुघ्न पांडेय, रंजीत कुमार पांडेय, किशोरी मोहन पांडेय, सुरेश पांडेय, सुनील पांडेय, रविंद्र पांडेय, अंकित पांडेय, दीपक पांडेय, अर्जुन दुबे, जितेंद्र तिवारी, संत कुमार तिवारी के लोग मौजूद थे।

### जिला स्तरीय समीक्षा सह परामर्शदात्री समिति की बैठक

# किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में दें : वित्त मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की मौजदूगी में सोमवार को सितंबर तिमाही, 2024 की जिला स्तरीय समीक्षा समिति सह परामर्शदात्री समिति की बैठक समाहरणालय में हुई। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बैठक का एकमात्र उद्देश्य पलामू का समग्र विकास करना है और यह तभी संभव है जब हम सभी टीम वर्क की भावना के साथ लोगों के कल्याण के लिए कार्य करें। बैठक में वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने सितंबर तक की वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, साख जमा अनुपात की उपलब्धि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण, जनधन योजना के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी सहित अन्य योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा की। साथ ही उन्होंने सभी सेक्टरों को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि की जानकारी ली। वित्त मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य 98359 के अनुरूप सितंबर तिमाही तक 16928 किसानों को लाभ दिया गया है। इस आंकड़े में तेजी लाने की आवश्यकता है। साथ ही निर्देश दिया कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में देना सुनिश्चित करें। सांसद विष्णु दयाल राम ने भी दिशा की बैठकों में केसीसी से जुड़ी शिकायतें प्राप्त होने को रेखांकित किया एवं संबंधितों को इस पर गंभीरता बरतते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही।

#### लोन रिकवरी आरबीआई के गाइड लाइन के तहत करने का निर्देश

सीडी रेशियो की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कुछ बैंकों द्वारा डिपॉजिट से अधिक एडवांस देने के विषय को रेखांकित करते हुए संबंधितों से रिपोर्ट देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ लोन रिकवरी एजेंट्स द्वारा गलत तरीके से लोन की रिकवरी की जाती है। लोन रिकवरी आरबीआई के गाइड लाइन्स के अनुरूप हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही मुद्रा लोन के संबंध में मंत्री ने लीड बैंक मैनेजर को प्रखंड स्तर पर इस विषय से संबंधित आम जनों को जागरूक करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने अन्य विषयों पट गहन समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। मंत्री ने लाभार्थियों की सूची में महिलाओं के प्रतिशत कितनी है, इसकी जानकारी ली। सभी कॉन्सर्ड लोगों को अगली बैठक में उनके विभाग से लाभान्वित हो रही महिलाओं की जानकारी का प्रतिवेदन के साथ शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश में नारी सशक्तिकरण की बात होती है। ऐसे में महिलाओं को भी ऋण देकर उनके हाथों को मजबूत बनाने में सहयोग करें। आर्थिकी में महिलाओं की सहभागिता आवश्यक है। इसमें आप सभी बैंक के प्रतिनिधि विशेष ध्यान दें। सांसद वीडी राम ने रामगढ़ के एसबीआई ब्रांच में कैश ट्रांसफर से जुड़े मामले को भी रेखांकित किया गया। बैठक में उपायुक्त शशि रंजन, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, आरबीआई के प्रतिनिधि, चतरा सांसद प्रतिनिधि, विधायकों के प्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी सेमत कई बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी लाभ और सुविधाएं प्रदान करने के लिए डीसी ने की बैठक

# आत्मसमर्पित नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जोड़ने के निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी देय लाभ और सुविधाएं प्रदान करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में डीसी ने सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन से आत्मसमर्पित नक्सलियों की जानकारी ली। बताया गया कि छह आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण के बाद शेष देय राशि नियमानुसार दी जानी है। इनमें से एक नक्सली को आवास निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करा दी गई है। इस पर डीसी ने शेष पांच नक्सलियों को भी गृह निर्माण हेतु 4 डिसमिल जमीन देने की प्रक्रिया को तेज करने और उन्हें आवास उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सामान्य शाखा प्रभारी को अपर समाहर्ता के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया।

**बकाया राशि और पुनर्वास पर चर्चा :** बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुनर्वास पैकेज और गृह निर्माण से संबंधित बकाया राशि की जानकारी ली। बताया गया कि बकाया राशि के लिए सरकार से पत्राचार किया गया है। डीसी ने आत्मसमर्पित नक्सलियों का बीमा कराने, उनके बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने और कानूनी लड़ाई में सहायता प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।

**बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जोड़ने के निर्देश :** उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त (डीडीसी) को आत्मसमर्पित नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से जोड़ने के लिए निर्देशित किया। इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त, लोक अभियोजक, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व नगर पर्षद उपाध्यक्ष ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**मेदिनीनगर।** बढ़ती ठंड से अपने मुहल्ले में असहायों के बीच मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने चादर वितरण किया। बढ़ती ठंड केबीच सैकड़ों गरीबों व असहायों के चादर बांटे। चादर वितरण के दौरान मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियति में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से बचाऊंगा। मैं सार्वजनिक स्थलों पर घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच चादर का वितरण कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि यह कार्य अपने मोहल्ले से चालू किया है। लगभग पूरे नगर निगम में जाकर असहाय और गरीब जरूरतमंद के बीच बांटने का लक्ष्य रखा है। चादर वितरण को लोगों ने बताया सराहनीय कदम बताया। मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। जरूरत मंद के बीच जाकर कंबल वितरण किया जा रहा है।

## बेटियों ने पिता के अर्थी को कंधा देकर बेटे का फर्ज निभाया

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** रविवार को पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी निवासी महावीर बैठा की मृत्यु होने के बाद उनके अर्थी को विवाहित तीन पुत्रियों ने कंधा देकर बेटे का फर्ज निभाया। आज के दौर में कहा जाता है कि बेटियां-बेटों से काम नहीं होती है। बेटियों को अगर जिम्मेवारी दी जाए तो वह भी उसे निभाती है। फिर चाहे वह किसी भी क्षेत्र की जिम्मेवारी क्यों ना हो। बेटियां आज अपने माता-पिता की ताकत बनी हुई है। उनके कंधे से कंधे मिलाकर साथ खड़ी है। इसका उदाहरण सिंघानी की तीनों बेटियों ने अपने पिता के अर्थी को कंधा देकर साबित कर दिया। इन बेटियों के साहस का पूरे इलाके में संदेश गया है। जानकारी के मुताबिक प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी निवासी महावीर बैठा की मृत्यु हो गई और उनका कोई बेटा नहीं है। केवल तीन बेटियां हैं ऐसे में माता-पिता के निधन के बाद अग्नि संस्कार करने की चुनौती के बीच सामने आई बेटियों ने फैसला लिया कि वह मिलकर इस फर्ज को निभाएंगी। इसके बाद बेटियों ने पिता की अर्थी को कंधा दिया और सिंघानी के कहुआतर शमशान घाट में महावीर बैठा के भतीजे वशिष्ठ रजक ने मुखग्नि दी।

# महिला हुनर हाट 2025 का हुआ शानदार समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग के तत्वावधान में आयोजित शहर में पहली बार महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए महिलाओं द्वारा लगाई गई ₹महिला हुनर हाट 2025₹ का शानदार सफल आयोजन का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर, बीडी राम, मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। सभी अतिथियों ने महिलाओं द्वारा लगाए एक से एक व्यंजन एवं गृह निर्मित मिठाई, पापड़, अचार समेत 75 स्टॉल घूमते हुए कई सामग्री भी खरीदा। साथ ही बच्चों एवं लड़कियों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रविवार के कार्यक्रम में शहर के सबसे शानदार एवं अत्याधुनिक जिम बीडी फिटनेस द्वारा 10 पुरुष प्रतिभागी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें। वहीं पांच महिला ने भाग लेकर अपनी फिटनेस का फिटनेस प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में बीडी फिटनेस के संचालक भास्कर दुबे ने अपने बॉडी फिटनेस का शानदार प्रदर्शन किया। एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बेबी रैंप शो में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। डॉग शो के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा गया जहां शानदार अलग-अलग ब्रीड के पांच कुत्ते प्रदर्शित किए गए और इनाम दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मि. मेदिनीनगर एवं मिस मेदिनीनगर के प्रति दर्शकों एवं खासकर युवाओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में लड़कों में 10 एवं लड़कियों में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मेदिनीनगर का खिताब हर्षित तिर्की ने मि. मेदिनीनगर चुने गए,जबकि ऋषभ अग्रवाल द्वितीय एवं प्रिंस अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहे। वहीं मिस मेदिनीनगर का ताज अनीशा तिवारी ने पहनी, वही राजनंदनी दूसरे एवं शिखा सिंह तीसरा स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित हुई। कार्यक्रम में राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा कालबेलिया डांस का सबों ने लुफ्त उठाया।कार्यक्रम के दौरान चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ काफी सक्रिय थी। साथ ही कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शिरकत की।

# फर्जी बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने का मामला उजागर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के हुसैनाबाद प्रखंड संसाधन केंद्र हुसैनाबाद (उत्तर) में कार्यरत जय माता दी कंपनी और परियोजना से नियुक्त कर्मियों के जरिये फर्जी बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने का मामला उजागर हुआ है। यह घोटाला प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) के सतर्क निरीक्षण के बाद सोमवार को सामने आया। जांच के दौरान पाया गया कि कर्मचारी फर्जी अंगूठे (बायोमैट्रिक थंब प्रिंट) बनवाकर रोजाना अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे थे। ये फर्जी अंगूठे माचिस के डब्बे में छिपाकर रखे गए थे और इन्हें बायोमैट्रिक मशीन पर उपयोग किया जा रहा था। इस पूरे फजीवाड़ा में कई कर्मियों की संलिप्तता पाई गई है। इनमें डेटा ऑपरेटर, एमडीएम ऑपरेटर, रिसोर्स शिक्षक, लेखापाल, लिपिक आदि शामिल हैं। 12 सितंबर 2024 को प्रखंड कार्यालय में कागज खोजने के दौरान यह खुलासा हुआ। रात्रि प्रहरी रामदेव ठाकुर ने बक्से में रखे फर्जी अंगूठों और उनके साथ लगे संकेतों को देखा। उन्होंने इस संदर्भ में जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी। इसके बाद इन फर्जी अंगूठों को कब्जे में लिया गया। जांच में जिन कर्मियों की संलिप्तता पाई गई है, उनमें विनोद कुमार (रिसोर्स शिक्षक), अभय कुमार सिंह (एमडीएम ऑपरेटर), शनी कुमार दास (डेटा ऑपरेटर), रंजना भारती (बीपीएम), दीपक कुमार मिश्रा (लिपिक), जयराम मेहता (बीपीएम), रंजन कुमार सिंह (लेखापाल), श्रीकांत कुमार (एमआईएस) का नाम शामिल है। रात्रि प्रहरी रामदेव ठाकुर ने बताया कि इन कर्मियों ने घटना उजागर होने के बाद उन पर दबाव बनाया और धमकी दी कि यदि यह बात अधिकारियों तक पहुंची, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम सुदना में संपन्न

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में सुदना स्थित शिव शक्ति धाम में भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संटू सिंह ने किया। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम प्रभारी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा संगठन राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। पार्टी सभी वर्गों, जातियों और समुदायों के उत्थान को अपने विचारधारा का केंद्र मानती है। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ें, ताकि समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। सांसद ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को 8800002024 पर मिस कॉल कर प्राथमिक सदस्य बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों तक सरकारी लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। संगठन को और मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। सांसद ने यह भी बताया कि भाजपा न केवल दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, बल्कि राजनीतिक दलों में एक अद्वितीय संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने वाला है। साथ ही, उन्होंने बताया कि 50 से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकताओं को सक्रिय प्राथमिक सदस्य के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता नरेंद्र पांडे, परशुराम ओझा, जितेंद्र तिवारी, अजय कुमार सिंह, सुनील पांडे, छोटू सिंह, भोला पांडे, ईश्वरी पांडे, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा समेत कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# नहीं हुए सूर्य देवता के दर्शन पूरे दिन बादलों ने डाला डेरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दो दिन धूप निकलने के बाद रविवार से मौसम का मिजाज फिर से बदल गया। रविवार की शाम से बादल ने अपना डेरा जमाया। जबकि सोमवार को भी दिनभर बादल छाए रहे। इस दौरान लगातार पछुआ हवा बहता रहा। शहर के मौसम में उतार-चढ़ाव का सीधा असर जनजीवन पर पड़ रहा है। कुछ दिनों पहले कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप होने से लोग ठिठुर रहे थे। पिछले दो दिनों से तेज धूप निकलने से लोगों ने राहत महसूस की थी लेकिन रविवार को मौसम फिर बदल गया। बताते चलें कि सोमवार को सुबह से बादल होने के कारण सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए।जिससे लोग घरों में दुबक गए। बाजार और सड़कों पर सब दवाओं तथा बदल के होने से लोग कम संख्या में दिखाई दिए। मौसम बदलने और शाम तक बादल छाए रहने के कारण अधिकतम तापमान जो न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई लेकिन दिन भर चल रही ठंडी हवाओं के कारण लोगों ने गर्म कपड़े पहने रखा। सोमवार को अधिकतम तापमान 18.6 और न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। सोमवार को भी बादल छाए रह सकते हैं।

# पलामू में खेल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा : प्रशांत किशोर

**● झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू कप में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत किशोर हुए शामिल**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा द्वारा आयोजित पलामू कप के पहले मैच में पहाड़ी इलेवन ने एयरपोर्ट इलेवन को रोमांचक मैच में हराया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के युवा नेता प्रशांत किशोर जी उपस्थित हुए। जिन्होंने पहाड़ी इलेवन के शब्बीर को मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी दिया। पलामू कप में आज के दूसरे मैच में सतबरवा और जोड़ के बीच हुई, जिसकी शुरूवात प्रशांत किशोर जी ने टॉस करा कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस टूनार्मेंट का सफल आयोजन युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और संचालन आशुतोष विनायक द्वारा किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित प्रशांत किशोर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा ₹पलामू में खेल की मैदान और स्टेडियम की बहुत आवश्यकता है, जल्द ही खेल के मैदान और पलामू का अपना इनडोर और आउटडोर स्टेडियम हो इसका प्रयास किया जाएगा। यहां के खिलाड़ी पलामू और झारखंड का नाम रौशन करें ऐसी सुविधा उन्हें प्रदान की जाएगी। पलामू कप में क्रिकेट के प्रति युवाओं का रुझान देख पता चलता है कि यहां के खिलाड़ी खेलना चाहते हैं परंतु सुविधा की अभाव है। क्रिकेट मेरा भी पसंदीदा खेल है, और अन्य खेलों के साथ क्रिकेट का विकास हो इसके लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा। खेल के प्रति इंडिया गठबंधन की सरकार बेहद ही गंभीर है, कल ही हॉकी प्रीमियर लीग की शानदार शुरूआत रांची में हुई है जिससे पता चलता है कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों के प्रति गंभीर है और उनका सम्मान करना जानती है। खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ्य होते हैं, कोविड के बाद हम सबों में स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता आई है अभिभावकों से मेरी अपील है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल के प्रति भी जागरूक करें। अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक ने अंगवस्त्र और पौधा दे कर प्रशांत किशोर जी का स्वागत किया और पलामू कप में आगमन के लिए उनका धन्यवाद भी किया। सभी युवाओं ने एक स्वर में पलामू में खेल को बढ़ावा देने का प्रण भी लिया। इस मौके पर छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव फैजल खान, पिंटू शुक्ला, आशुतोष तिवारी, आशीष रंजन, रणजीत कुमार, मंटू तिवारी, छोटू तिवारी मौजूद थे।

# मासूम ने सुरकूमी में किया कंबल और कपड़ों का वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में कला और संस्कृति के क्षेत्र में कार्यरत संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने पलामू टाइगर रिजर्व के सुदूर गांव सुरकूमी में कंबल और वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी संस्था द्वारा आयोजित स्वर्गीय प्रभात मुखर्जी स्मृति वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोलकाता के जाने-माने फिल्म निर्देशक देबादित्य बंदोपाध्याय और फिल्म लेखक पुलक कुमार दास भी शामिल हुए। कंबल और वस्त्र वितरण के बाद उन्होंने कहा कि नई फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन देखने के दौरान सुरकूमी गांव में इस आयोजन में भाग लेकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने इसे एक नेक कार्य बताते हुए संस्था और इसके सदस्यों को बधाई दी।

निर्देशक देबादित्य बंदोपाध्याय ने कहा कि पलामू और लातेहार की सुंदरता ने उन्हें प्रभावित किया है। सुरकूमी सहित कई स्थानों पर फिल्म की शूटिंग की जाएगी। इस फिल्म में स्थानीय कलाकारों के साथ मुंबई के कई नामचीन कलाकार भी शामिल होंगे। फिल्म लेखक पुलक कुमार दास ने सुरकूमी गांव और वहां के ग्रामीणों की तारीफ करते हुए कहा कि फिल्म यूनिट की शूटिंग के दौरान भी इस गांव में वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### वार्ड 35 में डस्टबीन का अभाव, बाजार क्षेत्र में गंदगी पसरी रहती है

# होल्डिंग टैक्स देने के बाद भी साफ-सफाई नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के निगम में नए क्षेत्र को शामिल करने के बाद वार्ड 35 भी निगम का हिस्सा बना। वार्ड में मुख्यतः चैनपुर बाजार हिस्सा रहा है। निगम चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 35 की आबादी 4799 थी। उत्तर में मंधाता नदी से गुरहा सीमाना तक, दक्षिण में हमीनपुर, पूर्व में भंड़गांवा,पश्चिम में गुरहा सीमाना से कर्पूरी चौक होते हुए हमीनपुर सीमाना तक इसका विस्तार है। इस वार्ड में निगम का विस्तार होने के बाद पक्के आवास का निर्माण बड़ी मात्रा में हुआ है। वार्ड में रहने वाले लोग अधिकतर लोग मूलतः इसी स्थान के मूल निवासी हैं। वर्तमान में इस वार्ड में भी पेयजल की आपूर्ति तो होती है, परन्तु अब भी यहां लोग सार्वजनिक चापानल पर निर्भर हैं। हालांकि वार्ड के अधिकतर इलाके में पक्की सड़कें बनी हैं। इसके साथ लगी नालियां काफी पुरानी है, जिस कारण बारिश होने पर नाले का पानी रोड पर भर जाता है। वार्ड के लोगों ने निगम द्वारा साफ सफाई नहीं कराए जाने की बात भी कही।वार्ड मे सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन का अभाव है। जिस कारण लोगों को कठिनाई होती है। वार्ड के बाजार क्षेत्र में काफी गंदगी बरसात में इस हिस्से में स्थिति काफी बदतर हो जाती है। वार्ड में रहने वाले लोगों ने निगम द्वारा होल्डिंग के एवज में सुविधा उपलब्ध नहीं करने का आरोप लगाया। वार्ड के लोगों ने निगम द्वारा साफ सफाई नहीं कराए जाने की बात भी कही।वार्ड में होने वाली पेयजल आपूर्ति के विषय में लोगों ने बताया कि पेयजल आपूर्ति तो सुबह शाम की जाती है परंतु हमेशा उसे बदबूदार पानी ही आता है जिस कारण कई लोगों ने अपने कनेक्शन कटवा दिया है। निवर्तमान पार्षद जयंती देवी ने बताया कि वार्ड पहले पंचायत का हिस्सा था। निगम क्षेत्र में आने के बाद उन्होंने अपने कार्यकाल में सभी वर्गों के लिए पीएम आवास, सड़क, नाली आदि सभी व्यवस्था को दुरुस्त किया।

#### स्थानीय निवासियों और पार्षद की राय





सोनू कुमार ने कहा कि वार्ड में नालियों का घोर अभाव है। जिससे खासकर बरसात में स्थिति काफी बदतर हो जाती है। वार्ड की सरस्वती कुंवर ने बताया ने पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। परंतु पेयजल आपूर्ति में बदबूदार पानी होने के कारण उसका उपयोग नहीं कर पाती। हीरा प्रसाद ने बताया कि वार्ड में जो सड़के पूर्व में बनी थी, वह अच्छी हालत में है, लेकिन कुछ वर्षों पहले बने सड़क जीर्णशीर्ण अवस्था में आ चुका हैं।

## शराब दुकान से 45 लाख गबन मामले में तीन सेल्समैन समेत पांच गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के बुधुआ में बीते नौ जनवरी विदेशी शराब दुकान में शराब व लॉकर में रखे रुपए की चोरी मामले में तीन सेल्मैन समेत पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में मोहन यादव के आवेदन के आधार पर हुसैनाबाद थाना में अज्ञात अपराध कर्मियों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था। गिरफ्तारी के दौरान छापामारी दल में हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद याकुब,पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पुअनि संजय कुमार यादव हुसैनाबाद थाना,पुअनि बबलु कुमार, हैदर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी थाना प्रभारी हैदरनगर समेत अन्य पुलिस जवान शामिल थे। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि मामले का उद्‌भेदन में संलिप्त अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में उक्त शराब दुकान में कार्यरत तीन सेल्समैन रणधीर कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह से गहराई से पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने खुलासा कि ये लोग रोजाना शराब बिक्री के उपरान्त कुछ पैसे एसआईएस सिक्योरिटी में जमा करने के पश्चात कुछ पैसे उसमें से निकाल लेते कर आपस में बांट लेते थे। इसकी वजह से उक्त शराब दुकान में करीब 45 लाख रुपए का हो गया था। घटना के दो दिन पूर्व एक्साईज सुपरीटेन्डेन्ट द्वारा दुकान के हिसाब से ऑडिट से संबंधित हिसाब का कागजात तैयार रखने को कहा था। इस बात से घबरा कर और आपस में योजना बनाया कि अगर शराब दुकान में 45 लाख रुपए के शराब चोरी का झूठा नाटक करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की सोची, ताकि उन्हें गबन किए हुए 45 लाख रूपया नही देने पड़ेंगे। इसके बाद इस काम में अपने साथ पंकज सिंह, विपिन कुमार सिंह को भी शामिल कर इस घटना को नाटकीय तरीके से अंजाम दिया गया। इस कांड में प्रयोग किया गया देसी कट्टा, अन्य सामग्री को विधिवत जब्त कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के पास से शराब दुकान का लॉकर,वोल्टास कंपनी का टूटा तीन ताला,एक देशी कट्टा,एक ग्राईन्डर,पिलास,नकदी 62,600 रुपये, तीन मोटरसाईकिल जब्त किया गया।

# मकर संक्रांति पर लगने वाला मेला की तैयारी पूरी श्रद्धालु आज करेंगे गर्म कुंड में स्नान व पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भावनाथपुर।** कैलान पंचायत के फुलवार स्थित प्रसिद्ध गर्म कुंड मेला की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह मेला 14 तारीख को शुरू होकर दो दिनों तक चलेगा। श्रद्धालु हर साल इस मेला में सम्मलित होकर गर्म कुंड में स्नान करते हैं और पूजा पाठ करते हैं। गर्म कुंड से लगातार 24 घंटे गर्म पानी निकलता है। प्रखंड मुख्याल से 10 किमी की दूरी पर यह स्थित है। चारों ओर से पहाड़ से व धनगढ़ घनघोर जंगलों से घिरा हुआ है। गर्म कुंड के पानी के धार्मिक मान्यता के कारण यह मेला क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के बीच अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां आने वाले भक्त स्नान करने के बाद विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और कुंड के पानी को आशीर्वाद स्वरूप मानते हैं। प्रशासन ने इस मेले को लेकर सुरक्षा और स्वच्छता का पुख्ता इंतजाम किया गया हैं, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। मेला के दौरान स्थानीय बाजार में भी चहल-पहल देखने को मिलती है। मेला की तैयारी में पूजा कमेटी के लालनाथ यादव, ब्रजेश यादव, बिजेंद्र यादव, मनोज यादव, आलोक यादव, लाल बिहारी कोरवा, निरंजन सिंह, दिलीप यादव, धर्मेंद्र यादव, नरेश कोरवा, अशोक यादव विजय कोरवा, सुखाड़ी सिंह गोपाल कोरवा मेला की तैयारी में लगे हैं।

**गर्म कुंड पानी के धार्मिक मान्यता के कारण यह मेला क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के बीच अत्यंत महत्वपूर्ण है**

## मकर संक्रांति पर गुड़ की सोंधी खुसबू से गुलजार रहा बाजार

**रमना** मकर संक्रन्ति के पूर्व संध्या पर प्रखंड में लगने वाले बाजार तिल गुड़ तिलकुट की सोनही सोनही खुसबू से गुलजार रहे लोगो ने संक्रांति के तैयारी के लिए आवश्यक गुड़ चुरा और मुरही की खरीदारी करने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने छोटे-छोटे स्टॉल लगा कर गुड़-चूड़ा, तिलकुट और लाई को खूबसूरती से सजा कर रखे थे। धूमधाम से मनाया जाने वाला त्यौहार मकर संक्रांति इस वर्ष मंगलवार 14 जनवरी को पड़ रहा है। शुभ अवधि सुबह 9:03 बजे से शाम 5:46 बजे तक 8 घंटे और 43 मिनट तक रहेगा। यह समय पारंपरिक पूजा-पाठ और सूर्य देव को अर्घ्य देने का शुभ समय है। इस दिन इस प्रखंड में चांद राज पहाड़ी, जिरुआ जलाशय, चुंदी, सुखड़ा और बांकी नदी तट पर मेला का आयोजन होता है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट 15 से शुरू होगा



**मेराल।** हाई स्कूल के मैदान में 15 जनवरी से स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कौशल किशोर ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया गया है। इस संबंध में समाज सेवी अतहर अली अंसारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 जनवरी से हाई स्कूल के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट में 16 टीम भाग लेंगे। मैच 12 ओवर का होगा। उन्होंने कहा कि आयोजित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कौशल किशोर ठाकुर टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। उन्होंने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने वाले टीम जल्द ही स्थानीय कमेटी से संपर्क कर खेल में भाग ले सकते हैं।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक 18 को

**मझिआंव।** गढ़वा। 76वें गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर 18 जनवरी को प्रखंड सभागार में झंडोत्तोलन के संदर्भ में शाम 3:30 बजे बैठक आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक करेंगी। प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी, उपप्रमुख, सभी पंचायत समिति सदस्य,सभी मुखिया, उपमुखिया, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल, थाना प्रभारी, पशुपालन पदाधिकारी, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्राचार्य शिवेशवर चंद्रवंशी महाविद्यालय प्राचार्य, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, प्राचार्य राधा कृष्ण उच्च विद्यालय, प्राचार्य मुखदेव हाई स्कूल, मध्य विद्यालय, अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स, अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, अध्यक्ष प्रगतिशील यूनियन से बैठक में भाग लेने की अपील की गई है।

### 50 असहाय महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी में महानिर्माण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों द्वारा मां मैत्रिणी योगिनी के समाधि स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 50 असहाय महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों ने बताया कि मां मैत्रिणी योगिनी के महानिर्वाण दिवस 13 जनवरी के अवसर पर समूह के सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद कल्याणकारी कार्यों के अंतर्गत क्षेत्र के 50 असहाय, वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। उसके बाद दोपहर में भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, आनंद जायसवाल ,संजीव कुमार सिंहा, नागेंद्र प्रसाद, मनोज प्रताप देव, नवनीत कुमार सिंहा, राजेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## किसान का बेटा जेएनयू से पीएचडी कर गांव लौटा, स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड की अरंगी पंचायत में सोमवार गांव के अत्यंत गरीब किसान परिवार के बेटे डॉ. दुदुन मेहता (सहायक प्राध्यापक, जंतु विज्ञान, उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग) ने देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनके गांव आगमन पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों ने गाजे-बाजे और फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। डॉ. दुदुन मेहता की उपलब्धि ने युवा पीढ़ी को प्रेरणा दी है।



## तीन आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** पुलिस ने थाना में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। बजे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि न्यायालय गढ़वा से निर्गत वारंटी थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव निवासी भागवत यादव पिता केश्वर यादव, सिगसिगा कला गांव निवासी महेंद्र यादव पिता गणेश यादव,चफला गांव निवासी कमलेश भुइयां पिता अयोध्या भुइयां को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में चिकित्सीय जांच के बाद जेल भेज दिया गया है। तीनों विभिन्न धाराओं के नामजद अभियुक्त थे, जिनके उपर गढ़वा न्यायालय से वारंट निर्गत था। छापेमारी अभियान में एएसआई नवीन कुमार राणा, कृष्णा साह, सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।



## महाकुंभ स्नान के लिए राजी से 45 जत्था प्रयागराज रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** राजी पंचायत से 45 सदस्यीय जत्था महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुआ। जत्थे को पंचायत के मुखिया पति संतोष कुमार सिंह ने शुभकामनाओं के साथ विदा किया। उन्होंने कहा कि 144 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में ऐसा महाकुंभ आयोजित हो रहा है, जो बहुत ही विशेष और दुर्लभ अवसर है। पंचायत से विशेष रूप से रिजर्व बस का इंतजाम कर जत्थे को भेजा गया। राजी बस्ती निवासी लालदेव पासवान ने बताया कि जत्था सबसे पहले विंध्याचल मंदिर में दर्शन करेगा। इसके बाद रात्रि में प्रयागराज पहुंचेगा। वहां सर्वप्रथम संगम में स्नान होगा। इसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर और बनारस कॉरिडोर का दर्शन और भ्रमण कर जत्था वापस लौटेगा। इस यात्रा में लालदेव पासवान, शशि पासवान, अमर प्रताप मेहता, कैलाश प्रसाद साह, अशोक पटेल, लाल बिहारी चौधरी, कामेश्वर पासवान, दुलर चौधरी, हरिवंश पासवान, नागेंद्र पासवान, लालू मेहता, विष्णु राम, रमेश चौधरी, अनिल पासवान, मोहन प्रसाद, सत्यनारायण चौधरी, सुनील चौधरी, ध्रुव पटेल, पवन साह, गंगा चौधरी, विनोद राम, शिवनाथ चौधरी, रघुनंदन चौधरी, सुरेश साह, कमलेश मेहता, श्याम पासवान, दिनेश चौधरी, सुभाष चौधरी, राजेश पटेल, कन्हैया चौधरी, नवीन पासवान, महेश चौधरी, शिवचरण साह, नारायण चौधरी, घनश्याम साह, प्रकाश पटेल सहित अन्य शामिल हैं।

## यातायात जागरूकता रथ को थाना प्रभारी ने रवाना किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी रंजनी रंजन के नेतृत्व में यातायात जागरूकता व नशामुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता रथ रवाना किया गया। जागरूकता रथ भवनाथपुर बाजार के साथ साथ भीड़ वाले जगहों के साथ पंचायत में भी लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ शराब पीकर मोटरसाइकिल नहीं चलाने, हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाने के अलावा नशा मुक्ति पर जागरूक करने का काम कर रहा है। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि आए दिन लापरवाही के कारण सड़क दुघर्टना होती है और लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। इतना ही नहीं आज के युवा बगैर हेलमेट के व शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं। उन्होंने लोगों को शराब नहीं पीने व सुरक्षा के साथ गाड़ी चलाने का आग्रह किया है।

## महा मैत्रायणी योगिनी का 33वां निर्वाण दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां सर्वेश्वरी आश्रम केतार के प्रांगण में सोमवार को महा मैत्रायणी योगिनी का 33 वां निर्वाण दिवस के अवसर पर कंबल का वितरण किया गया। सर्वप्रथम भगवान अघोरेश्वर राम की पूजा अर्चना के बाद सफल योनी का पाठ किया गया। मौके पर शाखा के संयुक्त मंत्री विश्वनाथ पांडेय ने कहा कि मां महा मैत्रायणी जी के निर्वाण दिवस पर हमलोग एकत्रित हुए हैं। हम अपने अनुभवों को एक-दूसरे से आदान-प्रदान करते हैं। भजन, प्रवचन या जो बातें कही जाती हैं उनका महत्व तभी है जब उसको हम अपने जीवन में उतारें। अपने अनुभव से ही हम आगे बढ़ते हैं। आज की परिस्थिति में महापुरुषों की वाणियों का अनुपालन, अनुशीलन करना आवश्यक है। तभी हम इन भयावह परिस्थितियों से अपने-आप को बचा सकेंगे। यह संसार है और इसमें शारीरिक, मानसिक और पारिवारिक अनेक प्रकार के दुखों का हमें सामना करना पड़ता है। संसार में सबकुछ करते हुए भी हम अपने आत्मोद्धार के प्रति बराबर जागरूक रहें। यही प्रेरणा हमें महापुरुषों से माताजी से मिलती है। अपने कर्मों का फल तो हमें भोगना ही पड़ता है। इसके पाश्चत 40 गरीब ,असाह, दिव्यांगों के बीच प्रसाद ग्रहण कराकर कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव, शाखा उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश पर सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 के निर्माण के लिए पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। बताते चलें कि पिछले तीन दिनों से प्रखंड के सभी पांच पंचायत से प्रखंड सभागार विशुनपुरा में प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस बाबत एसआरटी सत्यानंद शुक्ला, मास्टर ट्रेनर मुखिया महताब आलम, जेएसएलपीएस गिरिजेश कुमार, पंचायती राज कोऑर्डिनेटर सुबोध कुमार ने पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए सहजकर्ता दल के सभी सदस्यों को पंचायत सचिव, मुखिया, वार्ड सदस्य, जलसहिया को प्रशिक्षण दिया गया, ग्राम स्तर पर ग्राम सभा कर योजनाओं का चयन किया जा सके। कार्यक्रम लक्ष्य गरीबी मुक्त व उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ व स्वच्छ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त व हरित पंचायत, महिला हितैषी व सुशासित पंचायत समेत कुल 9 विषयों को प्राप्त कर पंचायत को सशक्त बनाना है। इस दौरान प्रशिक्षक विक्की आनंद ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मौजूद लोगों को योजना निर्माण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दिया। अंतिम दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रशिक्षणार्थियों की विधिवत परीक्षा आयोजित कर सभी को प्रणाम-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन बीडीओ राजेश कुमार ने सभी को धन्यवाद व शुभकामनाएं दी। साथ ही पंचायत को मजबूत व सशक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक कल्याणकारी योजनाओं का चयन कर प्रखंड कार्यालय भेजने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, रोजगार सेवक वरुण मिश्रा, राजीव कुमार, उदय राम भुनेश्वर राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ : हनुमान चालीसा का पाठ किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार सब्जी मंडी के समीप श्री राम जानकी अखाड़ा परिसर में हिंदू एकता मंच के बैनर तले श्री राम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर सनातनियों ने धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हिंदू एकता मंच द्वारा महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। गायत्री परिवार द्वारा संध्या में दीप यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी सनातनियों ने एक-एक कर दीप जलाया। कार्यक्रम में हिंदू एकता मंच के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, विवेक सोनी, पुष्प रंजन, युवा समाजसेवी मारुतनंदन सोनी, नागेंद्र सिंह, टुकू कमलापुरी, अभिमन्यु सिंह बंटी मालाकार, दीपक मालाकार तथा कई रामभक्त उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता

## मकरी को 20 रन से हराकर जतरो बना विजेता

## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा कि कमी नहीं: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** बांसडीह गांव में आयोजित शहीद भगत सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जतरो की टीम ने मकरी टीम को हराकर मुकाबला जीत लिया है। मकरी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जतरो कि टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 98 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी मकरी की टीम ने 13 ओवर में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जतरो टीम के गोलू पांडेय को मिला। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार तांबर कुमार को मिला। मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने विजेता टीम को ट्रॉफी और 10051 रूपए और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 7151 रूपए नकद राशि देकर सम्मानित किया। विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा कि कमी नहीं है। जरूरत है इनकी प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है। खिलाड़ियों को अपने टैलेंट के साथ पूरी जोश और जज्बे के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कमेटी से खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देने को कहा। बांसडीह गांव के ग्रामीणों और आयोजन समिति ने विधायक से खेल मैदान का निर्माण कराने कि मांग किया। विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर वन पट्टा दिलवाने का आश्वासन दिया। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा की खेल में हार-जीत लगी रहती है। मौके दीपक देव, मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान, आयोजनकर्ता राकेश पासवान, संजय वर्मा, डॉ मंटू गुप्ता, अजय कुमार, सतेन्द्र गुप्ता, विरेन्द्र राम, एके मौर्या, लव वर्मा, देव ठाकुर, पवन सिंह, आनंद गुप्ता, विशमहर यादव, इंद्रजीत विश्वकर्मा, अमरेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## न्यूज बॉक्स

### विधायक प्रतिनिधि ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मेराल।** विधायक प्रतिनिधि लालमोहन ने सोमवार को थाना के सामने वाहन चेकिंग के नाम पर अव्यवस्था उत्पन्न होने को लेकर उपायुक्त व जिला परिवहन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग के कोई भी अधिकारी वहां पर मौजूद नहीं रहता है। इसलिए परिवहन विभाग के किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों के रहे बिना वाहन चेकिंग अभियान चलाना और लोगों को परेशान करना उचित प्रतीत नहीं होता है। आवेदन में बताया गया है कि झारखंड सरकार ने पूर्व में घोषणा किया था कि अब दो पहिया वाहन का चालान तत्काल जांच स्थल पर भरने की व्यवस्था होगी। इससे वाहन चालक को गाड़ी थाने में नहीं लगाना पड़ेगा। लेकिन इस तरह का कोई भी व्यवस्था नहीं रहने से आम जनता को मोटरसाइकिल जप्त कर लेने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोटरसाइकिल गाड़ी मालिक बेवजह कई अन्य शुल्क भी भरने को मजबूर होते हैं। मौके पर गढ़वा जिला विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, भारतीय जनता पार्टी के दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उत्तरी मंडल महामंत्री कंचन पांडेय,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, खुर्शीद अंसारी, इंजीनियर रोहित कुमार,वीरेंद्र चौधरी,मिथिलेश ठाकुर, रामजी कुशवाहा सहित कई लोग शामिल थे।

### अपार आईडी का कार्य जल्द पूरा करें : बीआरपी

**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यायल,नव प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में हुई।बैठक में विद्यालय वार विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने सभी विद्यालयों के एनॉर्लमेंट गैप,आधार, खाता,शिशु पंजी सहित अन्य कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। बीपीओ ने परीक्षा पर चर्चा के लिये सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को शिक्षक व बच्चों का मोबाइल फोन बीआरसी ग्रुप में भेजे लिंक में रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक प्रत्येक माह के 25 तारीख करने के बाद कार्यवाही रजिस्टर का फोटो कॉपी बीआरसी में देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रयास कार्यक्रम का सफल संचालन किया जाना चाहिए। साथ ही अपार आईडी का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सभी प्रधानाध्यापक जल्द बच्चों का खाता व आधार सीआरपी के पास जमा करेंगे। बैठक में प्रकाश कुमार सिंह,सीआरपी संजय कुमार सिंह, शोभा पांडेय,सुबोध कुमार,प्रधानाध्यापक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद,सुधीर चौबे, रामलला मिश्र,नरेंद्र श्रीवास्तव,संजय कुमार, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप विश्वकर्मा,अशोक यादव, रागिनी रवानी,संजीता कुमारी,नीलम पांडेय,संध्या कुमारी,संजय कुमार, उदय,अरुण कुमार,रमेश प्रसाद,तस्लीमा खातून,घनश्याम शुक्ल,पाम्पा साह, अशोक कुमार ठाकुर,सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### श्रीराम मंदिर के वर्षगांठ पर हवन यज्ञ का आयोजन

**मझिआंव।** चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में पौष पूर्णिमा एवं अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के वर्षगांठ के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह ने कर्मकांड संपन्न कराया। नंदलाल प्रजापति ने मुख्य यजमान के रूप में माता गायत्री, महालक्ष्मी, मां सरस्वती, माता वैष्णो देवी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सैकड़ों गायत्री परिजन व श्रद्धालु हवन यज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर नागेंद्र सिंह ने बताया की अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण के बाद पहली वर्षगांठ पर बाजार समिति स्थित श्री राम जानकी अखाड़ा परिसर में संध्या में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दिव्य में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के नेता विवेक सोनी, प्रखंड संयोजक मनीष गुप्ता, रंजन मालाकार, बंटी मालाकार, देव मुनि विश्वकर्मा, रामविलास प्रसाद,अशोक चौरसिया,सुनीता चौरसिया, पप्पू सोनी, बबलू सोनी, दिनेश पाल शाहित कई गायत्री परिजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

### बनिहार दिवस पर विधायक ने कंबल व अंग वस्त्र बांटे

**खरौंधी।** शहीद बनिहार दिवस के अवसर पर प्रखंड के कूपा पंचायत स्थित भुइयां टोली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 14जनवरी 2010 में बिहार से धान की कटनी कर अपने गाव कूपा लौट रहे 30 बनिहार भगवान घाटी हादसे में शहीद हो गए थे। विधायक अनंत प्रताप देव ने बनिहारों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने कहा कि यह आयोजन राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि शहीद परिवारों के दुःख-दर्द को साझा करने और उनके लिए ठोस कदम उठाने का प्रयास है। विधायक अनंत प्रताप देव ने परिजनों के घर जाकर उनकी समस्याओं को समझा है और समाधान का भरोसा दिया है। कूपा गांव में सड़क निर्माण और बाबा तुलसी के चबूतरे का सौंदर्यीकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि अब तक शहीद बनिहार दिवस को केवल राजनीति का जरिया बनाया गया, लेकिन अब यह स्थिति बदल रही है। विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने बीर तुलसी बाबा के दरबार में पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा देते दिया। विधायक ने बाबा तुलसी के चबूतरे के सौंदर्यीकरण और कूपा गांव में सड़क निर्माण को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही जनता को उनके विधायक बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी, मिथलेश राम, लल्लू राम, हिफाजत अंसारी, बिनोद यादव, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, श्यामसुंदर राम, बसंत यादव, प्रमोद राम, पूर्णिमा देवी, सशि पासवान, अशोक ठाकुर, पवन सिंह, दीपक वर्मा, नागेंद्र यादव, विजय मेहता, रवि हुसैन, अजित यादव, सतेंद्र राम सहित सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय नेता उपस्थित थे। विधायक ने शहीद बनिहार के परिजनों और बुजुर्गों को कंबल, अंग वस्त्र वितरित किए।

### सहजकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण, दी गई जानकारी

**बड़गड़।** प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025 के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दलों का सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार, प्रभात रंजन, दीपक कुमार द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत जीपीएफटी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। विशेष रूप से बाल सभा महिला सभा आयोजित करने की विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजना से संबंधित उद्देश्य एवं सहभागिता के लिए संबंधित नियम, विकास, लक्ष्य व उन विषयों के उपर समझ बनाना, सामाजिक और संसाधन मानचित्र के ऊपर समझ बनाना,सभी के भागीदारी से वंचित परिवारों का चिन्हितकरण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न संस्थानों, हितकारों के बीच समन्वय साझेदारी और सहयोग स्थापित करने,युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, प्रौद्योगिकी का उपयोग कर बेहतर सार्वजनिक सेवा को बढ़ावा देने तथा एकीकृत जीपीडीपी तैयार करने आदि के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर पंचायत सचिव एरियल कच्छप, मंगल उरांव ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोनिका राज, रोजगार सेविका प्रभा कुमारी, कृषि मित्र राजेश बाखला, आलोईस कुजूर ,संजीव कुजूर वार्ड सदस्य मनीषा टोप्पो, मनोज बाखला,संजीत बाखला, एस्थर रानी बड़ा, तरन्नुम खातून,स्वयं सेवक आनंद कुमार, एनिमा टोप्पो, अजीत लकड़ा, भीपीआरपी सुशीला बाखला, फिलिसिता तिर्की आदि शामिल थे।

## पुरानी योजनाओं को एक सप्ताह में पूरा करने का निर्देश

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में मनरेगा संबंधित सभी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पंचायत के सबंधित कर्मियों से पंचायत वार संचालित योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड में संचालित सभी छोटी व पुराने योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कर बंद करने का निर्देश दिया। वैसे योजनाएं जिसमें 75 प्रतिशत से अधिक राशि खर्च हो चुका है, वैसे योजनाओं में तेजी लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित पोटो को खेल मैदान निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही। एबीपीएस रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन में प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ केतन गुप्ता, एई सत्येंद्र उरांव, जेई आशीष गुप्ता, रोजगार सेवक, बीएफटी व कंप्यूटर आपरेटर, प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

# अपार आईडी जेनरेशन का काम शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर सरकार द्वारा विद्यालय स्तर पर चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी कर्मियों को सजगता के साथ काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक, छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करने, विद्यालयों में शिक्षकों व छात्रों की




उपस्थिति के बारे में जानकारी लेने के बाद सभी प्रखंड में ई विद्या वाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अपार आईडी जेनरेशन का कार्य निर्धारित समय पर शत-प्रतिशत पूरा करने का भी उपायुक्त ने निर्देश दिया। विद्यालयों में विद्यार्थियों का आधार कार्ड बनवाना और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी बीईईओ, बीपीओ को सभी तरह का डेटा शत प्रतिशत सही प्रविष्टि कर कार्यों में तेजी लाते हुए सुधारात्मक प्रगति,अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों का निरंतर निरीक्षण कर विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शौचालय एवं पीने की पानी समेत विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला के प्रत्येक स्कूलों का संचालन सही तरीके से करते हुए स्कूलों में बच्चों का ड्रेस, पानी, शौचालय के साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त मध्याहन भोजन की समीक्षा करते हुए जिला का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में मध्याहन भोजन का संचालन करने व मध्याहन भोजन में जो खाद्य सामग्री छात्र-छात्राओं को दी जाती है, उसका निरंतर निरीक्षण संबंधित पदाधिकारी करें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, एपीओ, बीपीओ, बीईईओ उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### संपन्न परिवार राशन कार्ड सेरेंडर करें, नहीं तो होगी कार्रवाई : एमओ

**महुआडांड़।** प्रखंड में सरकारी नौकरी,आयकरदाता, व्यवसायिक करदाता, चारपहिया, तीन कमरा से अधिक छतदार पक्का मकान वाले परिवार अपना-अपना राशनकार्ड सरेंडर कर दें, नहीं तो प्रशानिक कार्रवाई की जायेगी। एमओ सुमित सिंह ने बताया कि संपन्न परिवार अपना कार्ड सरेंडर जल्द करें नहीं तो प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी। अपात्र के रूप में पकड़े जाने पर एफआईआर की कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड में सैकड़ों अपात्र राशन कार्डधारी चिन्हित है। अहर्ता को पूरा करने वाले परिवार द्वारा राशन कार्ड धारक होना या राशन उठाव करना गैर कानूनी है। ऐसे लोग सरेंडर नहीं किए जाने, सर्वेक्षण में अपात्र पाये जाने वाले वैसे लाभुकों से नियमानुसार उठाव किए गए खाद्यान्न का बाजार मूल्य से समतुल्य राशि का वसूल किए जाने का प्रावधान है। ऐसे में अपात्र लाभुक हर हाल में राशन कार्ड सरेंडर कर ही दें।

### नगवां रॉक्स ने विवेकानंद क्लब को 41 रनों से हराया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में सोमवार को विवेकानंद क्लब गिद्धौर बनाम नगवां रॉक्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नगवां रॉक्स ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 206 रन बनाया। नगवां रॉक्स की तरफ से सर्वाधिक स्कोर सौरभ 63,पंकज 29, सुधांशु 27 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी विवेकानंद क्लब गिद्धौर ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर मात्र 165 रन पर ऑल आउट हो गई। नगवां रॉक्स ने विवेकानंद क्लब गिद्धौर को 41 रनों से हराया। विवेकानंद गिद्धौर के तरफ से सर्वाधिक रन अंकित 70 व निपुण ने 51 रन बनाया। नगवां रॉक्स के तरफ से गेंदबाजी करते हुए पंकज चार व सुधांशु तीन विकेट लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर नगवां रॉक्स के सुधांशु को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### मुखिया ने किया कंबल व तिलकुट का वितरण

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिंदुवारी में अवस्थित गुरुमठ में इसकॉन द्वारा संचालित गुरुकुल में सोमवार को कदगावां कला मुखिया अशोक कुमार भुइंया ने गुरुकुल में पढ़ने वालों बच्चों के बीच चूड़ा, गुड़ व तिलकुट के साथ कंबल वितरण किया। बता दें कि कई प्रदेश के दर्जनों अभिवंचित बच्चे गुरुकुल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। वहां शिक्षा के साथ सनातन धर्म व संस्कार की भी शिक्षा दी जा रही है। गुरुकुल में बच्चों को पढ़ाई के साथ खाने की निःशुल्क व्यवस्था इसकॉन द्वारा की गई है। गुरुकुल में रहने वाले बच्चे क्षेत्र भ्रमण कर सनातन धर्म की प्रचार-प्रसार भी गांव-गांव जाकर कर रहे हैं। मुखिया अशोक कुमार भुइयां ने कहा कि गुरुकुल में रह रहे बच्चे अपने परिवार से दूर हैं। मकर संक्रांति को देखते चूड़ा, गुड़, तिलकुट का वितरण किया। इससे बच्चों को अपनों का कमी महसूस ना हो। साथ ही ठंढ़ से बचाव को लेकर कंबल उपलब्ध करवाया गया। गुरुकुल संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर मदद पहुंचाने के लिए हर समय उपलब्ध रहने की बात कही।

### 19 को सम्मान समारोह सह वनभोज का आयोजन



**मयूरहंड (चतरा)।** चय प्रगणा के बुंदेल राजपूत समाज आगामी 19 जनवरी को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह सह वनभोज का आयोजन करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप बुंदेल राजपूत समाज के पूर्व विधायक निरंजन प्रसाद सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में 12 तपा के तपेदार उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का आयोजन मां भद्रकाली कीर्तन सेवा समिति कीर्तन मंडली भद्रकाली मंदिर इटखोरी द्वारा आहूत की गई है। कार्यक्रम में चय प्रगणा अंतर्गत बुंदेल राजपूत समाज के वैसे प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया जाएगा, जो वर्ष 2010 से 2025 तक में सरकारी नौकरी में किसी भी पद पर आसीन रहे हैं। साथ ही समाज को एक सूत्र में बांधने के उद्देश्य से वनभोज का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह आयोजन से युवाओं के प्रतिभा में निखार आएगी और नए जेनरेशन में प्रतिस्पर्द्धा भी बढ़ेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी तपा में बैठक आयोजित की जा रही है। प्रतिभावान युवाओं को चिन्हित कर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के दर्जनों युवा कड़ी मेहनत कर रहे हैं,ताकि समाज को एक नई दिशा मिल सके।

### भाजपा सदस्यता अभियान: मिस कॉल से सदस्य बनने की अपील



**बालूमाथ।** भाजपा प्रदेश सह संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम रविवार को भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान बालूमाथ नगड़ा ग्राम पहुंचे। वहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद का स्वागत किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओ को संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2025 में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने के संबंध में जानकारी दिया। टॉल फ्री नंबर 8800 002024 पर मिस कॉल कर भाजपा का सदस्य बनने व सदस्य बनने वाले कार्यकर्ताओं को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनकर अपने को गौरवान्वित महसूस करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए उनके कदम से कदम मिलाकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री शिवनारायण साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह शक्ति केंद्र संयोजक राजेंद्र प्रसाद, दीपन साहू, भरखू भुइयां, दिलमणि यादव, मनोज राम, प्रवीण कुमार, निश्चय कुमार, नवीन साहू, तिल साहू, गोविंद साहू, विजय प्रसाद, संजय कुमार, अरविंद कुमार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला में सीआरपीएफ का कैंप फिर से बनाया जाए : प्रकाश राम

**लातेहार।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम एक बार फिर राज्य सरकार पर प्रहार किया है। विधि व्यवस्था और जिला को मिले विभिन्न विभागों के फंड को सरेंडर कराने की बात पर उन्होंने कहा कि जिले में अपराधियों का आतंक बढ़ गया है। रोजाना कहीं ना कहीं अपराधियों द्वारा गोलियां चलाई जा रही है, तो किसी की हत्या कर दी जा रही हैं। यह काफी चिंता का विषय है। इस मामले को सदन में उठाया जायेगा। साथ ही पहले जैसे जिले के विभिन्न स्थानों पर सीआरपीएफ का कैंप बनाया गया था, उसे एक बार फिर से बनाया जाए। विभिन्न विभागों का पैसा वापस लेने की बात पर विधायक ने कहा कि अभी हमने राज्य सरकार को छह माह का समय दिया है। अभी हम कुछ नहीं बोलेंगे, यदि विभागों को मिले पैसे को सरकार वापस लेती है, तो उन्हें बताया चाहिए कि आखिर ये पैसा किस मद में और किस वजह से वापस लिया गया है। ऐसे में जिले के विकास पर बुरा असर पड़ेगा और विकास की रफ्तार थम जाएगी। विधायक के लातेहार आगमन पर परिसदन में भाजपा के अनिल सिंह, गौरव दास, बीरेंद्र साव, विकास कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान योजना : बैंकों में उमड़ रही महिलाओं की भीड़, बैंक कर्मी हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि को लेकर सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया व झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में महिलाओं की भीड़ अचानक उमड़ पड़ी। महिलाओं को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। परंतु महिलाएं समझने को तैयार नहीं थी। वैसे में बैंक कर्मी काफी परेशान परेशान दिख रहे थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि निकासी को लेकर महिलाओं की भीड़ सोमवार को उमड़ पड़ी। कई महिलाओं के खाते में राशि नहीं आई वह सरकार को कोसते हुए बैरंग वापस लौट रहे थे। जिन महिलाओं को राशि मिल रही थी। उनके चेहरे पर अलग खुशी देखी जा रही थी। जिन महिलाओं को राशि नहीं मिली, वैसे में सरकार के दोहरी नीति को कोस रहे थे। बताया जाता है कि कई महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं पहुंच पाई है। दूसरी तरफ लाभुकों की सत्यापन का कार्य प्रखंड व अंचल कार्यालय द्वारा किया जा

### अवैध बालू भंडारण मामले में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बडाकर नदी सोकी में बालू माफियाओं द्वारा भारी संख्या में अवैध बालू भंडारण के बाद बालू जब्त मामले में पुलिस ने 10 में दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि खनन विभाग ने रविवार को अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए जब्त बालू मामले 10 लोगों पर मयूरहंड थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। थाना प्रभारी अमित कुमार ने सोकी गांव के आरोपी बबूनी महतों के पुत्र गांगो महतो, टिको महतो के पुत्र सुभाष महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया। अन्य आरोपिओं की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी अभियान चला रही है।

## वन क्षेत्र में अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** पलामू व्याघ्र परियोजना के दक्षिणी वन प्रमंडल के महुआडांड़ वन क्षेत्र में अवैध पत्थर और बालू ढुलाई के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो दिनों में दो ट्रैक्टर जब्त किया है। रेंजर तरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान बेलवार जंगल और चुटिया जंगल से ट्रैक्टर जब्त किया गया। रेंजर ने बताया कि लगातार प्रतिबंधित वन क्षेत्र से अवैध खनन और ढुलाई की शिकायतें मिल रही थीं। इस आधार पर टीम ने कार्रवाई की। पहले दिन बेलवार जंगल से एक ट्रैक्टर को बालू की अवैध ढुलाई करते हुए पकड़ा गया, जबकि दूसरे दिन चुटिया के जंगल से पत्थर की अवैध ढुलाई करते एक और ट्रैक्टर जब्त किया गया। जब्त किए गए ट्रैक्टरों में एक बिटू उर्फ सर्वेश प्रसाद (नेतरहाट) का है और दूसरा राजेंद्र यादव उर्फ पोद्दार यादव (चुटिया गांव) का बताया जा रहा है। दोनों ही ट्रैक्टर मालिकों और चालक उपेंद्र यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रेंजर तरुण कुमार सिंह ने कहा कि वन क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग की टीम ऐसे मामलों पर नजर बनाए हुए है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वह वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करें और अवैध खनन की जानकारी तुरंत विभाग को दें। सूचना मिलते ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## समेकित कृषि प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

**लातेहार।** जिला कृषि कार्यालय आत्मा सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तेलहन योजना के तहत समेकित कृषि प्रणाली विषय पर आफिर्सस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ के कृषि वैज्ञानिक एसपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-तेलहन व मोटे अनाज की जानकारी दी। उन्होंने विभागीय योजना व रबी फसलों में लगने वाले किट व्याधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक ने समेकित कृषि प्रणाली के बारे में बताया। परामर्शी बलवीर सिंह ने फसलों के पोषक तत्वों के कमी के लक्षण और उपायों के बारे में जानकारी दी। आत्मा के उप परियोजना निदेशक सबिता उरांव ने आर्गेनिक खेती के बारे में बताया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के राज्य स्तरीय तकनीकी सलाहकार मनीष कुमार पांडेय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदवा रामनाथ यादव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी बरवाडीह सपना कुमारी, सहायक तकनीकि प्रबंधक बरवाडीह जीतेंद्र कुमार सिंह समेत बीएओ, एटीएम, बीटीएम व जनसवेक मौजूद थे।

## नेतरहाट की खूबसूरत वादियों का मंत्री व विधायक ने की सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर नेतरहाट की वादियों का दौरा करते हुए नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और मनिका विधानसभा के विधायक रामचन्द्र सिंह ने नेतरहाट के प्रमुख पर्यटन स्थलों का निरीक्षण किया। उनके साथ लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता भी उपस्थित थे। मंत्री और विधायक ने सनराइज प्वाइंट, सनसेट प्वाइंट, कोयल व्यू प्वाइंट, लेक व्यू प्वाइंट और शैले हाउस की सुंदरता की सराहना की। उन्होंने इन स्थलों पर फोटो सेशन भी कराया और क्षेत्र की अद्वितीय प्राकृतिक छटा की प्रशंसा की। इस अवसर पर महुआडांड़ एसडीओ विपिन कुमार दुबे, झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, महुआडांड़ अंचलाधिकारी, कांग्रेस नेता रामनरेश ठाकुर, रानु खान, नुरुल अंसारी, रिंकु खान, अजय यादव, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। नेतरहाट की सुरम्य वादियों को देखते हुए मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र राज्य के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखता है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से पर्यटन स्थल के विकास और सुविधाओं में सुधार लाने की बात कही। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

### आग से झुलस कर महिला घायल

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के इटके ग्राम निवासी स्वर्गीय भुनेश्वर उरांव की 30 वर्षीय पुत्री सबो देवी आग से झुलसकर घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला ठंड से बचने के लिए घर में अलाव जला कर ताप रही थी। इस दौरान आग की लपटें महिला के कपड़े पर लगने से महिला झुलस गई। परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। वहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि घायल महिला 50 प्रतिशत जल गई है।

## शिव शक्ति हनुमत मंदिर समिति का गठन, निर्मल बने अध्यक्ष

**बालूमाथ।** आदर्श नगर स्थित शिव शक्ति हनुमत मंदिर समिति का गठन बालूमाथ के सनातनियों द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय सदस्य शंभू प्रसाद सिन्हा ने की। सर्वसम्मति से मंदिर समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष निर्मल सिन्हा, उपाध्यक्ष रति गंझू, सचिव चंद्रभूषण मिश्र,उपसचिव राजकुमार भगत, कोषाध्यक्ष लाल अरुण कुमार नाथ सहदेव,उप कोषाध्यक्ष विनोद साहू बनाए गए। संयोजक देवेन्द्र कुमार सिन्हा और सह संयोजक शंभू प्रसाद सिन्हा को चुना गया। संरक्षक मंडल में ललन प्रसाद सिंह, धनुषधारी गंझू, गजेंद्र चौबे, दशरथ पासवान, संतोष यादव, अवनिकान्त पाठक, विनोद बिहारी गुप्ता, उपेन्द्र यादव, अरविंद यादव, रामदर्शन तिवारी, रवि सिंह, शैलेश सिंह, विवेक सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के लिए आदित्य प्रसाद, संजय कुशवाहा, जगनारायण पाठक, शिवकांत गुप्ता, लवकेश सिंह, गोविंद यादव, जयमंगल यादव, ब्रजभूषण मिश्र, जितेंद्र कुमार सिन्हा, विजय कुमार मॉडल विद्यालय, संजय कुमार मॉडल विद्यालय को नामित किया गया। मीडिया सेल का भी गठन किया गया जिसमें संतोष सिन्हा,अजीत कुमार, दिलीप विश्वकर्मा,सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, शशि भूषण गुप्ता, अमन सिन्हा,परमेश पाण्डेय, रामकुमार राम को चयनित किया गया। बैठक के अंत में शंभू प्रसाद सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर बैठक समाप्ति की घोषणा की।

## टेंपो यूनियन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, ट्रैफिक प्रभारी पर मनमानी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** टेंपो यूनियन ने शहर के ट्रैफिक पुलिस पर टेंपो व सवारी वाहन चालकों को परेशान करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने लातेहार विधायक प्रकाश राम को स्थानीय परिषदन में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। टेंपू यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण दास के नेतृत्व में यूनियन का प्रतिनिधि मंडल विधायक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी रामप्रवेश शर्मा द्वारा टेपों चालकों को परेशान किया जा रहा है।

शहर में जहां-जहां टेंपो पड़ाव हैं, वहां उनके द्वारा टेंपो लगाने नहीं दिया जाता है। पूछने पर उनके द्वारा कहा जाता है कि वरीय अधिकारियों का आदेश है। ज्ञापन में कहा कि नगर पंचायत द्वारा पिछले दिनों जहां-जहां से दुकानों को हटाया गया था, वहां फिर से दुकान लगाया जा रहा है। यूनियन ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा थाना चौक से दुकानों को हटाया जाये और वहां एक-एक कर क्रमवार टेंपो लगाने का आदेश दिया जाये। टेंपो चालकों ने इस संबंध में पहल करने का आग्रह विधायक से किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव प्रदीप कुमार यादव, कोषाध्यक्ष महेंद्र दास, पारसनाथ उपाध्याय, रूपेश कुमार व मुन्ना अंसारी समेत कई टेंपो चालक मौजूद थे।

### पेयजल, स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

# उपायुक्त ने ओडीएफ एस्पायरिंग, राइजिंग, मॉडल गांव रेटिंग की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा लातेहार जिला में ओडीएफ व ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने ओडीएफ प्लस के अंतर्गत जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की जानकारी ली। कार्यपालक अभियंता को ओडीएफ प्लस के अंतर्गत जिले में किए जाने वाले कार्यों को लेकर बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरन टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने




का निर्देश दिया। 5 स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने हेतु लक्ष्य का निर्धारण व प्रगति का अनुश्रवण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरन टू अंतर्गत ग्राम स्तर पर निर्मित विभिन्न संरचनाओं यथा व्यक्तिगत घरेलू शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, गोबर गैस प्लांट, भस्मक यंत्र ,प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई, पृथक्करण शेड, कचरा उठाव/संग्रह वाहन, सोख्ता गड्ढ़ा, नाडेप/वर्मी कम्पोस्ट पीट का समय-समय पर आकलन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरन टू के क्रियान्वयन में अभिसरण आधारित कार्य करने हेतु 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज एवं मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन संबंधित संरचनाओं का निर्माण करना तथा गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करना आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ग्राम स्तर पर स्वच्छता/ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने और 5 स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने हेतु शत- प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्रोतों की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मरम्मति से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, राज्य समन्वयक आई एम आई एस स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

### गांव त्योहार को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**महुआडांड़।** हर वर्ष की तरह नये साल के अवसर पर अंबाटोली गांव के ग्रामीणों ने रविवार को धुमकुड़िया भवन में गांव त्योहार मनाया। वहां सबसे पहले मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा के मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर सिलबुयूस मिंज थे। इस त्योहार में पूजा के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें महिलाओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा नृत्य का सुन्दर प्रस्तुति किया गया। उपस्थित गांव के सभी पंचों को महिलाओं द्वारा सम्मानित कर उपहार भेट किया। मौके पर गांव के सरपंच फुलजेन सहित अन्य पंच रंजित, प्रकाश, सरोजनी, मरियनुस, जुवेल, सिस्टर महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे। जराहाटोली, रामपूर, ज्योतिपूंज, सहित जोरी गांव में भी धूमधाम से गांव त्यौहार मनाया गया।

### तिलकुट की मिठास व तिल की सोंधी खुशबू से सुवासित हुआ लोहरदगा के बाजार

# बाजारों में बढ़ी गया के तिलकुट की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा की सड़कों व गलियों से गुजरते हुए अचानक ही तिल की सोंधी खुशबू लोगो को आकर्षित कर रही है। तिल और चीनी की मिठाई तिलकुट खूब लुभा रही है। हालांकि वैसे तो तिलकुट का नाम सुनते ही सबसे पहले बिहार के गया जिले की तिलकुट की याद आती है और ऐसा माना जाता रहा है कि गया के कारिगरों द्वारा बनाए गए तिलकुट का कोई जवाब नहीं है। वहां के तिलकुट की मांग देश-विदेश तक भी होती है। लेकिन, अब गया के कारिगर ही लोहरदगा पहुंच चुके हैं और यहां भी तिलकुट का कारोबार काफी बड़ा हो चुका है। बड़ी संख्या में दुकानें सजी हुई है। हर आय वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग तिलकुट उपलब्ध है। वहीं शुगर फ्री तिलकुट भी डिमांड में है। अब लोहरदगा में भी लोगों को गया के तिलकुट वाली स्वाद व मिठास मिलने लगी है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से तिलकुट बनाने के कार्य से जुड़े लोग बताते है कि गया जैसी क्वालिटी वाली तिलकुट लोहरदगा में भी उपलब्ध है। यहां गया के तिलकुट बनाने वाले कई कारिगर हैं, जो कि लजीज तिलकुट का स्वाद लोगो को चखाते हैं। शहरी क्षेत्र के पावरगंज चौक, सोमवार बाजार, बरवा टोली चौक, महावीर चौक, न्यू रोड, ईस्ट गोला रोड, मिशन चौक सहित अन्य स्थानों में तिलकुट की दुकानें सजी हुई है। यहां पर बिहार के गया के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी दर्जन भर की संख्या में तिलकुट के दुकानदार पिछले माह में ही पहुंच चुके हैं। तिलकुट तैयार करने को लेकर पूरे जोर-शोर से तैयारी चल रही थी। तिलकुट बनाकर इससे जुड़े हुए लोग सालों भर रोजगार भी पाते हैं। यही कारण है कि तिलकुट बनाने वाले कारीगर भी इससे जुड़े हुए हैं। हालांकि नई पीढ़ी इस काम से नहीं जुड़ पा रही है। जितनी ज्यादा मेहनत तिलकुट का स्वाद उतना ही निखर कर सामने आता है।





## तिलकुट के कद्रदानो की वजह से गया से लाया जाता है तिलकुट

वैसे तो तिलकुट बिहार की फेवरेट व लोकप्रिय मिठाई है। लेकिन, इसके कद्रदान झारखंड के लोहरदगा जिले में कम नही है। दो दशकों से लोहरदगा के व्यापारी गया जिले से स्पेशल कारीगर बुलाकर तिलकुट कुटवाते है और बाजारों में बेचते है। तिलकुट व्यवसायी बताते है कि वो करीब 20 सालों से भी ज्यादा समय से तिलकुट बेच रहे है। वे बताते है कि गया से तिलकुट लाकर वे लोहरदगा के बाजारों में बेचते आये है। हर वर्ष वो तिलकुट स्पेशली गया से मंगवाते है। लोगो को गया से बनी तिलकुट खाने में ज्यादा दिलचस्पी होती है। सबसे खास बात हैं कि गया का तिलकुट जब ग्राहक लेकर जाते है यो वे अपने मित्रों-साथियों को खिलाते है तो उन्हें भी यह काफी पंसद आता है।

### ऐसे बनाया जाता है तिलकुट

तिलकुट के कारीगर बताते हैं कि तिलकुट बनाना आसान नहीं है। तिलकुट बनाने के लिए सफेद तिल और चीनी की आवश्यकता होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले चीनी की चाशनी तैयार कर लट्ठा बनाया जाता है, उसके बाद लट्ठे को खूटी पर टांग कर पट्टी मारी जाती है। फिर एक अलग चूल्हे पर सफेद तिल को भुनकर गर्म किया जाता है, इसमे लट्ठे को मिलाकर लंबी-लंबी लोई बनायी जाती है। लोई को फिर दूसरे कारिगर कूट-कूट का तिलकुट की गोल कटोरी जैसी आकृति देते हैं और इस तरह तैयार हो जाता है स्वादिष्ट तिलकुट। राजु कहते हैं कुछ इसी तरह गुड़ और तिल वाली तिलकुट भी तैयार की जाती है। वहीं इसमे अगर स्टफिंग करना चाहे तो खोआ और नारियल की स्टफिंग भी कर सकते हैं।

### ठंड में तिल की मिठाईओं का है विशेष महत्व

सर्दी का मौसम शुरू होते ही बाजार में तिल से बनी मिठाईओं का क्रेज काफी बढ़ जाता है। तिल के गर्म होने के कारण लोग ठंड में इसका ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यहीं वजह से है कि तिल से बनी सभी मिठाई जैसे तिलकुट, मस्का, तिल पापड़ी, आदि की बिक्री इस मौसम में काफी बढ़ जाती है। वैसे तो गया में तिलकुट पूरे साल मिलता है लेकिन बिहार से लाकर लोहरदगा में लोग इसे बेचते है।

### संक्राति को लेकर तिलकुट का धामिक महत्व

मकर संक्राति 14 जनवरी को मनायी जाती है। इस दिन तिल का मिठाई खासकर तिलकुट का खास महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तिल का दान करने व तिल के सेवन से मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही हर शनिवार को भगवान शानि और पीपल में भी तिल अर्पित करने का काफी महत्व माना जाता है। अगर बात करें झारखण्ड बिहार की तो यहां अधिकांश घरों में मकर संक्राति के दिन तिलकुट का सेवन जरूर होता है और इसे मकर संक्राति के मिठाई के नाम से भी जाना जाता है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर पूर्व छात्रों की गोष्ठी आयोजित

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पूर्व छात्रों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में नीतू कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की दिव्यता का असर पूरे भारत में दिख रहा है। 39 वर्ष की आयु में इन्होंने आवागमन से मुक्ति प्राप्त कर ली। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के ध्येय वाक्य - 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' पर बल दिया। पूर्व छात्र गोष्ठी में उपस्थित पूर्व छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन तथा उनके विचारों से अवगत कराया गया, उनके आदर्शों पर चलने के लिए कहा गया।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
**email:-gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone:-06562-295539**

**Corrigendum Notice**

Published E NIT No-274 & 275/PR/JBVNL/2024-25/ADP office heading may be read Electric Supply Area, Medininagar registered office By pass road, Sudna, Medininagar -822102 E-mail-gm_mdnjseb@yahoo.in Phone No- 06562-295539 in the place of Singhbhum Electric Supply Area, Jamshedpur, 1ST Floor, Co. Operative building, Bistupur, Jamshedpur, E-mail-scsa.jsr13@yahoo. in, Ph. No -0657-2320495(o).

Other terms and condition remain the same as per previous notice.

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR No. 344025

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.344209 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D


## न्यूज बॉक्स

### अवैध रूप से सरकारी जमीन पर मकान निर्माण कार्य हुआ स्थगित

**सेन्हा–लोहरदगा।** अवैध रूप से सरकारी जमीन पर मकान निर्माण होने की सूचना अंचलाधिकारी को मिलते ही त्वरित कारवाई करते हुए जांच के लिये का राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन को निर्देश दिया गया। जांचोपरांत मकान निर्माण कार्य को बंद करने तथा जमीन सम्बंधित कागजात प्रस्तुत करने का रैयत को आदेश दिया गया है। मामला सेन्हा अंचल क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित पारही डाड़ी टोली का है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि डांडी टोली निवासी पन्नालाल चिक बड़ाइक के पुत्र बाबूलाल चिक बड़ाइक सरकारी विद्यालय के समीप गलत तरीके से गैर मंजुरवा जमीन में अबुआ आवास निर्माण किया जा रहा था। जिसपर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान भोला भगत की अगुवाई में अबुआ आवास के लाभार्थी को मना किया गया। परंतु लाभार्थी ग्रामीणों की बात सुन अनसुनी कर दिया तो ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से सेन्हा अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराते हुए जांचोपरांत कारवाई करने का अनुरोध किया। वही इस संदर्भ में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर त्वरित कारवाई करते हुए जमीन सत्यापन करने तथा अवैध रूप से मकान निर्माण पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मी के जांच के बाद जमीन का सत्यापन पूर्ण होने तक लाभार्थी के द्वारा मकान निर्माण पर रोक लगया गया है।

### जिप सदस्य ने जर्जर विद्यालय भवन का किया निरीक्षण



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्की ग्राम में स्थित मध्य विद्यालय मुर्की का जर्जर भवन का जिला परिषद सदस्य ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिप सदस्य राधा तिर्की ने प्रभारी प्रधानध्यापक से विद्यालय भवन और छात्र छात्राओं के लिये बना शौचालय के बारे में विस्तृत जानकारी लिया। वही प्रभारी प्रधानध्यापक विनय कुमार ने बताया कि विद्यालय में 250 नामांकित छात्र छात्राएं हैं। जिस पर 220 से 240 छात्र छात्राएं प्रत्येक दिन शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिस पर विद्यालय में मात्र 5 वर्ग कक्ष है। जो की एक कक्ष काफी जर्जर स्थिति में है। जिससे छात्र छात्राओं को बैठकर पढ़ाई करने में काफी परेशानी होती है। बताया कि एक शौचालय है। जिसका उपयोग शिक्षक शिक्षिकाएं और बालक बालिका करते हैं। जिप सदस्य ने कहा कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक में विद्यालय का भवन की जो समस्या उसको रखेंगे जिसे जल्दी ही जिला परिषद मद से भवन निर्माण करा कर समस्या का समाधान किया जायेगा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### चौकीदार संघ के सदस्यों ने की अंचलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट



**सेन्हा–लोहरदगा।** अंचल क्षेत्र में कार्यरत चौकीदार संघ के सदस्यों ने सीओ से शिष्टाचार मुलाकात कर गुलदस्ता दिया। चौकीदारों ने चौकीदार वफादार संघ के जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महली के नेतृत्व में मुलाकात कर चौकीदारों ने क्षेत्र के गति विधि और कार्यो के बारे में अंचलाधिकारी को जानकारी दिया। अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने चौकीदारों से बिट के बारे में पूरी जानकारी लेते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा निर्गत नोटिश को ससमय तामिला करने और अपराधी प्रवृति के लोगों पर कड़ी नजर रखने तथा प्रशासन को त्वरित सूचना देने का निर्देश दिया। सभी चौकीदारों को वर्ष में दो बार बर्दी भत्ता व वेतन भुगतान समय पर किया जायेगा। मौके पर सुजीत उरांव, नेजावत अंसारी, रामेश्वर उरांव,वासदेव उरांव,प्रतिमा देवी, वीणा देवी, संदीप उरांव, सत्यनारायण महली, बिफई उरांव, पचोला देवी, चंद्रदेव उरांव, रामचन्द्र महतो, सुधन महली, बुधुवा उरांव समेत अन्य दफादार चौकीदार संघ के सदस्य चौकीदार उपस्थित थे।

### 50 दिवसीय बेल मेटल (डोकरा) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**लोहरदगा।** सोमवार को लोहरदगा जिले के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बारांतपुर में बेल मेटल (डोकरा) के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगरों ने भाग लिया । समापन समारोह मे जिला उद्यमी समानवयक ने कहा उन्होंने डोकरा के उन्नत निर्माण हेतु जल्द कारीगरों को टूल कित वितरण किया जायेगा और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा आसिफ अहमद ने कारीगरों को बताया कि पारम्परिक कार्य को करते हुए अपना उत्पादन बढ़ाये लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से आपको बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला उद्यमी समन्वयक सूरज कुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक आसिफ अहमद, जन जागरण केंद्र एजेंसी से जैनुल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मंईयां सम्मान की राशि निकासी व केवाईसी को लेकर बैंकों में महिलाओं की भीड़

- *सुबह 6 बजे से लाइन में लग रही महिलाएं, बैंक कर्मियों के ठंडे में भी छुट रहे पसीने*



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू–लोहरदगा।** कुडू प्रखंड स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण बैंक, ग्राहक सेवा केंद्रों और फोटो कॉपी दुकानों पर इन दिनों महिलाओं और लड़कियों की भारी भीड़ देखी जारही है। महिलाएं सुबह जल्दी बैंक पहुंचकर लाइन में खड़ी हो जाती हैं और शाम तक कतार लगी रहती है। ज्ञात हो कि महिलाओं के ज्यादातर खाते केवाईसी अपडेट नही है जिसको लेकर बैंकों में केवाईसी अपडेट कराने वाली महिलाओं की भारी भीड़ रह रही है। एक ओर जहां मकर सक्रांति पर्व के चलते महिलाएं इस योजना की राशि निकासी के लिए बेहद उत्सुक हैं। ताकि, वे पर्व का सही तरीके से मजा ले सकें। वहीं इन सब के बीच वैसी महिलाएं जिनके खातों में अभी तक राशि नहीं आई है वो पुरे दिन परेशान हैं और पैसा नही आने की वजह जानने के लिए बैंक से लेकर प्रज्ञा केंद्र वालो से इंकवायरी कर रही हैं। महिलाओं की पैसा मिलने की उत्सुकता और नही मिलने की परेशानी के बीच बैंक कर्मियों का भी हाल बेहाल है। गेट खोलने से पहले ही सैंकड़ो की संख्या में खड़ी महिलाओं के खाते में हुई का परेशानियों का समाधान और सलाह देते देते हालत खराब है। इस कंकनाती ठण्ड में भी इनके पशीने छूट रहे है। वहीं इस अप्रत्याशित भीड़ से आम खाताधारकों को जमा - निकासी सहित अन्य काम करना मुश्किल हो रहा है।

### छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

## लोगों ने सड़क सुरक्षा के कायदे कानून पालने की शपथ ली




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम को लेकर लोहरदगा जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जन जागरण कार्यक्रम के तहत समाहरणालय मैदान से लोहरदगा बालिका उच्च विद्यालय, चुन्नीलाल हाई स्कूल आदि स्कूल के तकरीबन 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर मैना बगीचा, पावरगंज चौक,वीर शिवाजी चौक होते हुए महिला कॉलेज परिसर में समाप्त हो गई। हाथ में तख्ती लिए जिसमें लिखा हुआ था। हेलमेट पहने/सीट बेल्ट पहने जीवन को सुरक्षित रखें, ड्रंक एंड ड्राइव जानलेवा है। रफ ड्राइविंग मृत्यु का कारण हो सकता है, नाबालिकों को अभिभावक वाहन नहीं दें। दुर्घटना के रोकथाम के लिए अभिभावक भी ध्यान दें। दुर्घटना रोड रोकने के लिए सिविल सोसाइटी भी आगे बढ़े, सदैव बाईं ओर चलें, एंबुलेंस को पहले साइड दें। घायलों को अस्पताल पहुंचा कर नेक नागरिक का परिचय दें। वन मिस्टेक गेम ओवर आदि लिखे हुए थे तथा नारा भी लगा रहे थे। कार्यक्रम से पूर्व सभी लोगों ने सड़क सुरक्षा के कायदे कानून पालने की शपथ ली। प्रभात फेरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलिमा टोप्पो, मोटर यान निरीक्षक गौतम गौरव व समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं इन लोगों ने विद्यार्थी व आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में तकरीबन एक लाख अस्सी हजार की मौतें सड़क दुर्घटना में हो रही है जिसमें 18 से 35 वर्ष के उम्र के 65% लोग है जो बेहद चिंताजनक है।

### पुत्र वियोग में पिता का निधन, पैरोल पर पुलिस सुरक्षा के बीच दी मुखाग्नि

**सेन्हा–लोहरदगा।** दुष्कर्म मामले में पुत्र के जेल जाने के वियोग में एक पिता का आकस्मिक निधन हो गया। वही अंतिम संस्कार में शामिल होने का अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर पुत्र को पैरोल पर सुरक्षा व्यवस्था पर मुखाग्नि देने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि दुष्कर्म मामला में आरोपी पवन लोहरा 20 वर्ष पिता रामचन्द्र लोहरा के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 110/24 दर्ज कर धारा 74/77/78(2) बीएनएस के तहत सेन्हा पुलिस द्वारा 31 दिसम्बर 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता है कि रामचन्द्र लोहरा पूर्व से बीमार रह रहा था। लेकिन पुत्र के जेल जाने के बाद वियोग में रामचन्द्र लोहरा खाना पीना छोड़ दिया था। जिसके कारण 12 जनवरी 2025 रविवार को अपराह्न लगभग एक बजे रामचंद्र लोहरा का निधन हो गया। जिसको लेकर परिजनों ने अपने वकील के माध्यम से न्यायालय में आवेदन देते हुए पिता को पुत्र द्वारा मुखाग्नि देने का अपील किया गया था।

### 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान के तहत जागरूकता रैली व शपथ का आयोजन

## स्वास्थ्य विभाग और हिंडाल्को सीएसआर की संयुक्त टीम ने जन जागरुकता अभियान चलाया




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंडाल्को सीएसआर के तहत मेडिकल यूनिट द्वारा खनन क्षेत्र अंतर्गत घोड़ापत्थर ग्राम में आज जिला स्वास्थ्य समिति गुमला के मार्गदर्शन में आयोजित 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर डॉ पीपी सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि टीबी इलाज संभव है। लोग स्वास्थ्य जांच कराकर इलाज करा रहे हैं। हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से फूड पैकेट इलाजरत टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार का पैकेट प्रदान कर रही है। सरकार द्वारा इलाज व दवा तथा हिंडालको सीएसआर द्वारा न्यूट्रीशन फूड पैकेट से ठीक हो रहे हैं। साथ ही सभी नशापान से भी दूर रहें। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिमरला के सहिया साथी सुनीता तिर्की ने 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान की जानकारी दी। सभी से जांच कराने को प्रेरित किया। उन्होंने टीबी का जांच, इलाज, दवा आदि की निःशुल्क व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध हैं। हिंडाल्को सीएसआर विभाग अभय भारती ने टीबी जड़ से मिटाने के लिए जन जन तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोगों को इसे दूर करने के लिए एकजुट करते हुए सामूहिक शपथ कराया। घोड़ापत्थर ग्राम में जागरूकता रैली भी विभिन्न नारों के साथ निकाली गई। सभी टीबी हारेगा, देश जीतेगा, टीबी के हरायेक हय, देश के जिताएक हय आदि नारों के संग कार्यक्रम को गति दी गई। कार्यक्रम में बालवाड़ी केंद्र घोड़ापत्थर के बच्चे, हिंडाल्को स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट शिवनाथ उरांव, एएनएम गीता कुमारी, ग्राम घोड़ापत्थर, घुघरुपाट व घाघरापाट की सहिया क्रमशः बसंती असुर, सुनीता असुर, सीतामुनी उरांव, बालवाड़ी शिक्षिका प्रतिमा असुर, महिला समूह के सदस्य, ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हिंडाल्को सीएसआर द्वारा आज 48 ग्रामीणों का इलाज कर उन्हें दवाइयां प्रदान की गई।


**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा नगर परिशद क्षेत्रान्तर्गत अपने दुकान के आगे तथा अपने घर के आगे नाली के पटिया पर बने अवैध संरचनाओं/रखे हुये सामग्रियों को हटाने के लिये पूर्व में कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, कई बार मौखिक निर्देश के साथ–साथ माइकिंग करायी गयी है। अब अंतिम रूप से हिदायत दी जाती है कि अपने दुकान के आगे तथा अपने घर के आगे नाली के पटिया पर बने अवैध संरचनाओं/रखे हुये सामग्रियों को स्वयं से अविलंब हटा लें।

अन्यथा इसके उपरांत कभी भी नगर परिषद गढ़वा की ओर से अवैध संरचनाओं/रखे हुये सामग्रियों को हटाया जायेगा तथा जुर्माना राशि वसूल किया जायेगा।

आदेशानुसार
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.344224 Urban Development(24-25):D

**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–27/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 13.01.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Soil Testing Lab Latehar | 1,08,81,600 /- | 09(Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20/01/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 27/01/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, :– 28/01/2025 को 11:30 बजे मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 344260 Building(24-25).D

**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**द्वितीय अति अल्पकालीन निविदा**

PR-342969 Welfare (24-25)D के क्रम में जनजातीय कल्याण ग्रामीण अस्पताल, मननचोटाग, लातेहार में IPD सेवा प्रारंभ करने हेतु चिकित्सा उपकरण एवं अन्य सामग्री का क्रय आवश्यकतानुसार करने हेतु पुनः मुहरबंद निविदा दिनांक– 20.01.2025 को 01:00 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 20.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **''तकनीकी बिड''** एवं **''वित्तीय बिड''** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा। वांछित सभी दस्तावेजों को एक लिफाफा में जिसके ऊपर तकनीकी बिड अंकित हो, डालकर उसे सील बंद करके जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 2,00,000/– (दो लाख) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2) GST का वित्तीय वर्ष 2024–25 का अद्यतन GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3) आयकार कार्ड (Pan Card) की सत्यापित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
4) निर्माता कंपनी/प्राधिकृत विक्रेता, निविदादाता या एजेन्सी को इस आशय का शपथ–पत्र/Undertaking मूल रूप में देना होगा कि उनकी कंपनी/संस्थान केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य के द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं है तथा MRP से अधिक दर अंकित नहीं है।
5) निविदादाताओं का न्यूनतम टर्नओवर 100.00 (एक करोड़ रूपये) होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए विगत तीन वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होगा।
6) निविदादाता को वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिर्टन जमा करना अनिवार्य होगा।
7) झारखण्ड राज्य से बाहर के निविदादाता निविदा में भाग लेते हैं, तो उन्हें झारखण्ड में सर्विस सेन्टर होने का प्रमाण–पत्र देना होगा। अगर झारखण्ड राज्य के आपूर्तिकर्ता/विक्रेता हो प्राधिकृत करते हैं, तो प्राधिकार पत्र संलग्न करना होगा।
8) निर्माता कंपनी/सी0एन0एफ0 द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र संलग्न करना होगा। प्राधिकार पत्र निविदा निर्गत की तिथि के बाद का होना चाहिए।
9) निर्माता कंपनी का मशीन, उपकरण से संबंधित ISO Certificate संलग्न करना होगा।
10) निर्माता कंपनी का मशीन, उपकरण से संबंधित CE Certificate संलग्न करना होगा।
11) उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
12) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**(ख) वित्तीय निविदा :– वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से सील बंद कर जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को चिकित्सा उपकरण एवं चिकित्सा सामग्री इत्यादि के लिए अलग–अलग सामग्रियों से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

**नोटः–क्रय किये जाने वाले चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री की सूची लातेहार जिला के Website (latehar.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।**

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लातेहार।

PR 344141 (Welfare) 24-25 (D)

# अंग्रेजों के लिए खौफ और स्वतंत्रता के अग्रदूत थे तिलका मांझी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले और अंग्रेजों के लिए भय का पर्याय बने जनजातीय योद्धा तिलका मांझी, जिन्हें जबरा पहाड़िया के नाम से भी जाना जाता है, ने उपनिवेशवाद के खिलाफ देश की पहली सशस्त्र क्रांति का नेतृत्व किया। उनका जन्म 11 फरवरी 1750 को भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित तिलकपुर गांव में हुआ था। पिता सुंदर मुर्मू और माता पानू मुर्मू के इस पुत्र ने अपने छोटे से जीवन में ऐसा इतिहास रच दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना। तिलका मांझी ने 1771 से 1784 तक उपनिवेशवाद के खिलाफ अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। उन्होंने पहाड़िया जनजाति को संगठित कर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की शुरूआत की। उनके नेतृत्व में 1778 में रामगढ़ कैंप पर कब्जा कर अंग्रेजों से इसे मुक्त कराया गया। उनके पराक्रम ने अंग्रेज कलेक्टर आगस्टस क्लीवलैंड को इतना भयभीत कर दिया कि उसने खुद मोर्चा संभाल लिया।



महाश्वेता देवी के अनुसार, तीत-पानी के युद्ध में तिलका मांझी के जहरीले तीर से क्लीवलैंड घायल हुआ और 1784 में उसकी मृत्यु हो गई। इस पराजय से बौखलाई अंग्रेज सरकार ने आयरकुट के नेतृत्व में तिलका मांझी की गोरिल्ला सेना पर हमला कर दिया। मुखबिरों की मदद से तिलका मांझी को पकड़ा गया। घोड़े की पूंछ से बांधकर उन्हें भागलपुर लाया गया और हजारों लोगों के सामने बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गई। यह घटना 13 जनवरी 1785 की है।

**क्रांति की ज्वाला और जनजातीय संघर्ष का प्रतीक :** तिलका मांझी की शहादत ने जनजातीय समाज को एकजुट कर दिया। उनके बलिदान से प्रेरित होकर बुधु भगत, सिद्धू-कानू, चांद-भैरव, तेलंगा खड़िया, और बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिकारी योद्धाओं ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किए। उनके संघर्षों ने स्वतंत्रता आंदोलन में एक नई ऊर्जा भर दी।

**स्मारक और सम्मान:** भागलपुर में तिलका मांझी चौक और उनकी आदमकद प्रतिमा उनकी शौर्य गाथा को आज भी जीवित रखे हुए हैं। भागलपुर विश्वविद्यालय का नाम भी उनके सम्मान में 'तिलका मांझी विश्वविद्यालय' रखा गया है। पाकुड़ और दुमका में भी उनकी प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

**इतिहास में अमिट स्थान :** अंग्रेजों ने उनकी वीरगाथा को छुपाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तिलका मांझी की कीर्ति और उनका बलिदान अमर हो गया। उनका प्रसिद्ध गीत, हंसी-हंसी चढ़िबो फांसी, आज भी उनके साहस और बलिदान की कहानी कहता है। तिलका मांझी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले जनजातीय क्रांतिकारी योद्धा थे, जिनका नाम इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में सदैव चमकता रहेगा।

# चैनपुर प्रखंड में मकरसंक्रांति पर तिलकुट का सजा बाजार

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में मकरसंक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों पर है। बाजारों में तिलकुट, गुड़, चूड़ा, तिल और अन्य पारंपरिक सामग्री की भरपूर बिक्री हो रही है। इस पर्व पर लोग खासतौर पर तिल, गुड़ और दही का उपयोग करते हैं, जो इस दिन का विशेष महत्व रखते हैं।बच्चों में उत्साह देखते ही बनता है, जो सुबह से ही पतंग उड़ाने में व्यस्त हैं। यह परंपरा हर साल मकरसंक्रांति के अवसर पर देखने को मिलती है, जब आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है।कल सुबह से ही स्थानीय लोग सफी, शंख और अन्य नदियों में आस्था की डुबकी लगाने के लिए जाएंगे। नदियों में स्नान करने के बाद लोग मंदिरों में पूजा-पाठ करेंगे और तिल, गुड़ एवं पैसे का दान करेंगे। यह धार्मिक क्रियाकलाप न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता और सहयोग का संदेश भी देता है।मौसम विभाग के अनुसार, आज से ही बादलों का असर है, जिससे ठंड कम महसूस हो रही है। ऐसे में लोग आराम से इस पर्व का आनंद ले सकेंगे। मकर संक्रांति का यह पर्व केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का प्रतीक है। इस दिन का महत्व न केवल धार्मिक है, बल्कि यह हमारे समाज को एकजुट करने और आपसी प्रेम बढ़ाने का माध्यम भी है।

### मकर संक्रांति स्नान-दान का मुहूर्त



मकर संक्रांति के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र नदी में स्नान के कार्य पुण्य फलदायी माने जाते हैं। 14 जनवरी 2025 को सुबह 05:27 एएम से 06:21 एएम तक ब्रह्म मुहूर्त में स्नान का शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद 12:09 पी एम से 12:51 पी एम तक अभिजित मुहूर्त का निर्माण होगा। इस दौरान स्नान-दान के कार्य कर सकते हैं।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स : राजेश कुमार सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

### 19 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के 2025 सत्र के लिए राजेश कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने यह घोषणा की और अन्य पदाधिकारियों को नामित करते हुए निर्देश दिया कि 15 जनवरी 2025 तक सभी नामों की सूची प्रस्तुत की जाए। राजेश कुमार सिंह के अध्यक्ष चुने जाने पर व्यापारिक समुदाय में हर्ष और उम्मीद का माहौल है। उन्हें एक प्रभावशाली और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है, जो गुमला के व्यापारिक हितों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम हैं। चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और टीम के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 19 जनवरी 2025 को किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में जिले के प्रमुख व्यापारी, चेंबर सदस्य और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति अपेक्षित है। व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि नई टीम व्यापारिक समस्याओं के समाधान, स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन, और गुमला के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# ट्रैक्टर चालक अब बालू का परिवहन नहीं करेंगे

## व्यवस्था पर उठ रहा है सवाल



नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** बसिया के कामडारा थाना क्षेत्र के ट्रैक्टर चालक अब बालू का उठाव नहीं करेंगे। उनके इस निर्णय के बाद यहाँ निजी क्षेत्र के साथ साथ सरकारी निर्माण कार्य में व्यवधान की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार यह निर्णय ट्रैक्टर ऑनर एसोसिएशन की एक बैठक में लिया गया। एसोसिएशन से संबंधित उदासन नाग ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि निजी व सरकारी हेतु ट्रैक्टर के माध्यम से अब बालू की आपूर्ति नहीं की जाएगी। यह गतिरोध चालान की व्यवस्था नहीं होने के कारण सामने आ रही है और भविष्य में बालू के परिवहन में कई तरह की परेशानियां सामने आने की संभावना खड़ी हो गई है। इस संबंध में ट्रैक्टर मालिकों की व्यथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में महज तीन महिनों तक ही कृषि कार्य में रोजगार मिल पाता है और टैक्स, इंश्योरेंस, स्टॉलमेंट आदि का खर्च सालों भर ट्रैक्टर मालिकों को परेशान किए रहता है। ऐसे में यहाँ बालू का परिवहन ट्रैक्टर चालकों के लिए अंतिम विकल्प होता है परन्तु चालान की नियमित व्यवस्था नहीं रहने के कारण ट्रैक्टर प्रशासन के निशाने पर आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि बालू के कारोबार में बड़े पैमाने पर खनन माफिया सक्रिय हैं और यह कारोबार जोरों पर है और उनपर कार्यवाही करने की जगह पर छोटे छोटे ट्रैक्टर चालकों को परेशान कर खाना पूर्ति कर ली जाती है। इस स्थिति से ट्रैक्टर चालक परेशान हैं और अब उन्होंने यह निर्णय लिया है कि किसी भी हालत में अबुआ आवास, सरकारी निर्माण कार्य या निजी कार्य हेतु बालू का परिवहन नहीं करेंगे। ट्रैक्टर चालकों के इस निर्णय ने नदी क्षेत्र में बालू के कृत्रिम अभाव की संभावना उत्पन्न हो गई है।

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का मिलन समारोह 18 जनवरी को

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा जिला समिति गुमला की एक महत्वपूर्ण बैठक रायडीह प्रखंड परिसर में अध्यक्ष अशोक कुमार भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 18 जनवरी 2025 को रायडीह प्रखंड अंतर्गत शंख मोड़ सामुदायिक गतिविधि केंद्र बैरियर बगीचा मंझाटोली में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का मिलन समारोह सह चिंतन शिविर कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार सह परिवहन मंत्री दीपक विरुआ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया। समिति में रायडीह से अशोक कुमार भगत, घाघरा से लालदेव भगत और नारायण भगत, कामडरा से राजकुमार सिंह और फिरन साहू, बसिया से कृष्णा गोप और सुरेंद्र राम, सिसई से जगदेव उरांव और चंद्रकिशोर उरांव, भरनो से जयराम उरांव, विशुनपुर से लोकनाथ उरांव, और गुमला से मनोज कुमार भगत को शामिल किया गया है। बैठक में आंदोलनकारियों को 18 जनवरी को सपरिवार उपस्थित होने का आग्रह किया गया। गाजे-बाजे के साथ मुख्य अतिथि के स्वागत की जिम्मेदारी चुनु घासी और चैतु उरांव को दी गई।

### रश्मि प्रकाश को लोहरदगा राजद ने स्वागत कर दिया बधाई

## सशक्त और धारदार संगठन बनाने की बनेगी रणनीति : सुनील मेहता

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रश्मि प्रकाश का मनोनयन किए जाने पर इसका लोहरदगा राजद पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मेहता ने गर्मजोशी से स्वागत कर नवमनोनीत राजद महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर बधाई दिया है। सोमवार को राजद लोहरदगा पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील मेहता ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि, राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने संगठन के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता रश्मि प्रकाश को महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया है।नवमनोनीत राजद महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश पूर्व काबीना मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू है। संगठन की मजबूती और उन्नति करने का अनुभव रश्मि प्रकाश में भरपूर है। सुनील कुमार मेहता ने कहा कि, इससे पूरे प्रदेश में राजद संगठन मजबूत और धारदार बनेगा। कहा, लोहरदगा राजद संगठन का प्रतिनिधिमंडल सुनील मेहता की अगुवाई में शीघ्र रश्मि प्रकाश से भेंट कर उन्हें बधाई और शुभकामना देगा। इस दौरान राजद महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश से मंत्रणा कर लोहरदगा में राजद संगठन को सशक्त और धारदार बनाने की रणनीति बनाई जाएगी। सुनील मेहता ने कहा, सामाजिक न्याय की घोषित नीति पर लोहरदगा राजद संगठन को नई दिशा दिया जाएगा।

## मृतक के शव दफनाने को लेकर विवाद, उरांव और इसाई समाज के लोग अपने अपने बात पर अड़े रहे

**कैरो।** थाना क्षेत्र के महुवरी निवासी दुखा उरांव पिता स्व पकलु उरांव का देहांत रांची सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। शव को उनके पैतृक गांव महुवरी लाया गया और परिजनों के द्वारा अंतिम संस्कार को लेकर तैयारी की जानी लगी तभी गांव के आदिवासी उरांव समाज के द्वारा मृतक को अपने मशना में अंतिम संस्कार नही करने देने की बात करने लगे। वहीं इसाई समाज ने भी अपने कब्रिस्तान में दफनाने से मना कर दिया। ईसाई समाज के लोगों का कहना है कि दुखा उरांव वैसे ईसाई धर्म को अपनाया जो महुवरी में नही हैं तो हमलोग उसे कैसे अपने कब्रिस्तान में दफनाने दें। मामले की जानकारी होने पर कैरो थाना पुलिस पहुंचकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया परन्तु बात नही बनी। इसकी जानकारी अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को मिलने पर वे भी गांव पहुंचकर मामला को सुलझाने का भरसक प्रयास किये परन्तु देर शाम तक कोई हल नही निकल पाई। उरांव व इसाई समाज के लोग अपने अपने बात पर अड़े रहे।

## छात्रों को विषय का चुनाव करते समय रोजगारोन्मुखी का ध्यान रखना आवश्यक : एमवीआई

**लोहरदगा।** जेसीईआरटी राँची की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी द्वारा कैरियर टॉक-2025 का आयोजन केजीबीवी सेन्हा एवं पेशरार में किया गया। प्राचार्य अभिषेक बड़ाईक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा, रिसोर्स पर्सन गौतम गौरव, मोटर यान निरीक्षक एवं नरेश चन्द्र महतो गणित, विज्ञान शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन कत्ताओं ने किशोरावस्था में कैरियर की महत्ता को रेखांकित किया। वर्तमान समय में अपनी रुचि के अनुरूप कैरियर का चुनाव करना भविष्य में छात्रों को उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। भविष्य में छात्रों को विषय का चुनाव करते समय रोजगारोन्मुखी का ध्यान रखना आवश्यक है।

## एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ने कुलपति से मिलकर सौपा चार सूत्री मांगपत्र

**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव प्रतिनिधि मंडल के साथ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात किया और गुलदस्ता देते हुए नव वर्ष की शुभकामना दिए। साथ ही रांची विश्वविद्यालय से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए विद्यार्थियों के हितार्थ में 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमे बीएस कॉलेज (सत्र 3) हिंदी एईसी - 3ए परीक्षा का पुनर्निर्धारण करने, पीएचडी सत्र 2023 के टॉपर्स की नियुक्ति करने, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्रों को नियमित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने व आवश्यकतानुसार शिक्षक नियुक्ति करने आदि शामिल है। इस पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा जी ने सभी मुद्दों पर गौर करते हुए बहुत ही जल्द सकारात्मक कार्य करने को लेकर सहमति जताई है साथ ही बीएस कॉलेज के छूटे हुए सेमेस्टर 3 हिंदी एईसी 3ए विषय की परीक्षा को 26 जनवरी से पहले आयोजित करने का आश्वासन दिया है।

### श्री रामरेखा धाम में मकर संक्रांति महोत्सव का शुभारंभ

## कलश यात्रा व अखंड यज्ञ से हुई शुरूआत



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के रायडीह प्रखंड स्थित श्री श्री 1008 श्री रामरेखा धाम में मंकर संक्रांति महोत्सव के अंतर्गत 13 जनवरी को कलश यात्रा और धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य शुभारंभ हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पवित्र शंख नदी के तट से कलश यात्रा की शुरूआत की, जिसमें लाखों भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम का आगाज श्री रामरेखा धाम के परम पूज्य बाबा उमाकांत दास महाराज के आशीर्वचन से हुआ। इस दौरान 24 घंटे का अखंड यज्ञ भी आरंभ किया गया, जो पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न होगा। विशेष रूप से बेन्दवाकोना, बुढ़ाअम्बा और झलियाबान्ध के कृतन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों का हृदय छुआ। समिति के मुख्य सचिव अशोक सिंह ने बताया कि 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे अखंड कृतन की समाप्ति और पूणार्हुति होगी, इसके बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथ यात्रा, संतों के आशीर्वचन, धार्मिक सत्संग और महाप्रसाद वितरण होगा। रात्रि में महावीर साहु और साथी कलाकारों के अलावा चैनपुर के न्युज झनकार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर श्री रामरेखा धाम के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। जिनमें सहः सचिव शिवशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष सुखराम उरांव, उपाध्यक्ष कमलकान्त सिंह, संरक्षक सचिदानंदन पांडा सहित अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल थे।

## युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को किया गया नमन

**गुमला।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो के विवेकानंद सभागार में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय, विद्यालय के सचिव श्रीकांत केशरी, और कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता ने स्वामी विवेकानंद और माता सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। पुरातन विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों पर अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान छात्रों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नवम और दशम कक्षा के विद्यार्थियों को विवेकानंद के आदर्शों पर चलने और विद्यालय की प्रगति के लिए संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## भरनो के कानारोवा स्कूल में कृषि पदाधिकारी ने बच्चों को पढ़ाया

### वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन का संकल्प



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भरनो प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कानारोवा में सोमवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकृष्ण ओहदार ने स्कूली बच्चों को पढ़ाया और मार्गदर्शन दिया। यह पहल उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की महत्वाकांक्षी योजना 'शिक्षा कर भेंट' के तहत आयोजित की गई।

कार्यक्रम में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत जैसे विषय पढ़ाए गए। बच्चों को आने वाली फरवरी 2025 की वार्षिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रामकृष्ण ओहदार ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने का सुझाव दिया और सभी शिक्षकों को आपसी समन्वय के साथ विद्यार्थियों को बचे हुए समय का अधिकतम उपयोग करवाने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने आगामी वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ परिणाम लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवराज भगत सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई0 पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालीन ई0 पुर्ननिविदा संख्या– WRD/MID/ Latehar/ F2 - 09/2024-25

पत्रांक– 42 लातेहार / दिनांक–13.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ग्राम– नावाडीह में प्रखंड–लातेहार अन्तर्गत ललमटिया डैम का जीर्णोद्धार (भाग–2) पंचायत–ईचाक, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 24.987 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 16.01.2025 12.30 बजे अपराह्न से |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2025 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.01.2025 .5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov.in) |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवंसमय | 27.01.2025 12.30 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
(3) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.344250 Water Resource(24-25):D


## वेंदवाकोना गांव में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का दौरा

# सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता





**गुमला।** रायडीह प्रखंड के वेन्दवाकोना गांव में सोमवार को गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लगभग 150 की आबादी वाले इस गांव में उपायुक्त ने 1.2 किमी की दूरी पैदल चलकर पहुंच बनाई और विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। गांव के निवासियों ने खराब सड़कों, पेयजल और बिजली की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता, और दो जल मीनारों के खराब होने जैसी समस्याएं उठाईं। इसके अलावा, जॉब कार्ड से जुड़ी परेशानियों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सड़क की समस्या पर विशेष ध्यान देते हुए 18 जनवरी तक ग्राम सभा आयोजित करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर :** गांव में सभी नागरिकों के लिए सिकल सेल एनीमिया जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, स्कूल के बच्चों को साइकिल वितरण की प्रक्रिया तेज करने के आदेश दिए गए।

**सरकारी योजनाओं का लाभ देने पर जोर :** उपायुक्त ने ग्रामीणों को मंईया सम्मान योजना, विधवा एवं वृद्धा पेंशन, मातृ वंदना योजना, और आयुष्मान भारत कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को विशेष कैंप आयोजित कर हर पात्र ग्रामीण को योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया।

**शराब सेवन पर सख्त अपील :** ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने शराब के सेवन से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि शराब सेवन विकास में बाधा बनता है और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

**तत्काल समाधान के लिए प्रशासनिक पहल :** दौरे के दौरान विभिन्न विभागों ने प्रशासनिक स्टॉल लगाए, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया।

**विकास के प्रति प्रतिबद्धता :** दौरे के अंत में उपायुक्त ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि विकास और कल्याण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर ग्रामीण तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई कोताही न हो।

## शिक्षक व अभिभावक बैठक का आयोजन

**गुमला।** भरनो प्रखंड के मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में सोमवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता कुजूर ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को मैट्रिक परीक्षा की तैयारी के लिए घर में तीन घंटे नियमित अभ्यास करने की आदत डालें, ताकि वे अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकें। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय में हाल ही में प्रीबोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया था और उसमें विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। अभिभावकों को यह जानकारी दी गई कि बच्चों को अच्छे परिणाम के लिए अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अर्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


## ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–26/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 13.01.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Swimming Pool at Latehar | 49993300 /- | 11 (Eleven) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20 / 01 / 2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 27 / 01 / 2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 28 / 01 / 2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल,मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 344259 Building(24-25)#D

> सदा अपने मन की पृष्ठभूमि में अपने प्रिय परमपिता को सम्बोधित कर, एक भक्ति गीत यह याद रखते हुए गुनगुनाते रहिये कि आपकी समस्त क्षमतायें उनके ही उपहार हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद, योगदा सत्संग पाठ

### संपादकीय

## महाकुंभ जाति वर्ग धर्म से ऊपर संगम

विश्व के प्राचीनतम सनातन धर्म संस्कृति पर विश्व के अधिकांश शक्तियां हमलावर हैं और एक्स या अन्य सोशल मीडिया पर तो दुष्प्रचार का अभियान ही चल रहा है पर विदेशों तक के भक्त इसका बिना बोले जवाब दे रहे हैं।वैदिक सनातन धर्म के सर्वाधिक प्रतिष्ठित कुंभ पर्व का आरंभ प्रयाग में हो रहा है। जिस प्रकार सनातन धर्म के आरंभ को कोई नहीं जानता, वैसे ही कुंभ के उद्गम और उसके विकास को भी कोई नहीं जानता। यह एक पारंपरिक धार्मिक व सांस्कृतिक प्रक्रिया है, जो निश्चित कालावधि में संपन्न होती है। कुछ विद्वान इसकी उत्पत्ति वेदों से मानते हैं। धर्मशास्त्रकारों का कहना है कि यह सुर-असुरों द्वारा किए गए समुद्र मंथन से शुरू हुआ। वहीं, संत साहित्य के विद्वानों के अनुसार, शांकर संप्रदाय के संन्यासियों और रामानंद संप्रदाय के बैरागी साधुओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा देकर इसके बृहत स्वरूप को विकसित किया। पर आम लोग इसे धार्मिक मेले से अधिक नहीं मानते। आचार्यों, साधु-संतों और विद्वानों को समझाना होगा कि कुंभ केवल मेला नहीं, बल्कि मानव कल्याण के लिए धर्म का उदात्त प्रयोग है, जिसमें ज्ञान-विज्ञान के माध्यम से अमृत की खोज करनी है। यह अमृत समाज को अमरता दे सकता है। मानव को देवता बना सकता है। इसी अमृत की लालसा लिए असंख्य श्रद्धालु कुंभ में तीर्थस्नान कर स्वात्म-धन्यता का बोध करते हैं। कुंभ शब्द पुराना है, जिसका अर्थ है कलश या घट। स्पष्ट है कि कुंभ का संबंध अमृत कलश से है, जिसे देवों व दानवों ने समुद्र को मथकर निकाला था। पुराणों में यही अमृत कलश लेकर भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। इस कलश को पाने के लिए हुई छीना-झपटी में अमृत की कुछ बूंदें चार स्थानों पर छलक पड़ी थीं। उन स्थानों में से एक प्रयाग है। महाभारत में इसी अमृत कलश को कश्यपनंदन गरुड़ अपनी माता विनता को दासत्व से मुक्त करवाने के लिए स्वर्ग से लाए थे। तभी अमृत कुंभ से निःसृत अमृत कण प्रयाग आदि स्थानों पर गिरे थे। यह अमृत गंगा और यमुना के उन जलकणों में है, जिन्हें पाने के लिए असंख्य लोग अपनी सुख-सुविधा छोड़कर संगम किनारे पहुंचते हैं। यह अलौकिक हो जाने का ऐसा शास्त्रीय भाव है, जिसमें आस्था और परंपरा के साथ जातिमुक्त सामाजिक संगम होता है। कुंभ के आयोजन की पुण्यभूमि प्रयाग की महिमा अकथनीय है। गंगा-यमुना के संगम का पुरातनतम निर्देश ऋग्वेद (10/75) में है - सितासिते सरिते यत्र संगते पत्राप्लुतासो दिवमुत्पतन्ति। ये वै विसृजन्ति धीरास्ते जनासो अमृतत्वं भजन्ते।। - जो लोग श्वेत यानी गंगा और कृष्ण यानी यमुना, इन दो नदियों के मिलन-स्थल संगम पर स्नान करते हैं, वे अमृत (मोक्ष) प्राप्त कर लेते हैं। जगत्कर्ता ब्रह्मा ने यहां यज्ञ किया था, इसी से यह क्षेत्र 'प्रयाग' कहलाया। संगम का पुरातन वर्णन वाल्मीकि-रामायण में है। भगवान श्रीराम ने माता सीता और अनुज लक्ष्मण को प्रयाग की महिमा बताई थी। पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा प्रशंसित होने पर पुण्यभूमि प्रयाग को 'तीर्थराज' की उपाधि मिली। प्रयाग में गंगा, यमुना एवं सरस्वती नदियों के मिलन से यह 'त्रिवेणी' हो गया। ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश्वर प्रयाग में सदा विराजते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है - को कहि सकइ प्रयाग प्रभाऊ, यानी प्रयाग का प्रभाव (महत्ता) कौन कह सकता है !कुंभ ज्ञान और उपासना का केंद्र है। इसमें केवल अगाध जलराशि का ही संगम नहीं होता, बल्कि बहुविध विचारों का संगम भी होता है। इसमें ज्ञान, वैराग्य व भक्ति के वाहक साधु-संतों की अद्भुत त्रिवेणी सृजित होती है।


# महाकुंभ 2025: जहां परंपरा और परिवर्तन आत्मसात होते हैं

कुंभ मेला, विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक है और यह आस्था, एकता और मानवता के ईश्वर से शाश्वत संबंध का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं में निहित, यह चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक- पर अमरता का अमृत छलकने का स्मरण दिलाता है। सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रहों की एक विशिष्ट ब्रह्मांडीय स्थिति के दौरान आकाशीय संरेखण द्वारा इसका निर्धारण होता है। कुंभ मेले में शुद्धि और मोक्ष की अभिलाषा के साथ प्रत?येक 12 वर्ष में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। समय बीतने के साथ-साथ कुंभ मेला विकसित हुआ और इसमें प्राचीन परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ा गया। 4 फरवरी, 2019 का कुंभ मेला, मानवता के अब तक के सबसे ०?यापक और शांतिपूर्ण समागम का साक्षी बना। आध्यात्मिकता में पूर्ण रूप से निहित यह विशिष्ट आयोजन आस्था, समुदाय और वाणिज्य का उत्सव है। मेलों, शैक्षिक कार्यक्रमों, संत प्रवचनों, भिक्षुओं के सामूहिक समारोहों और विविध मनोरंजन के साथ कुंभ मेला भारतीय समाज के जीवंत लोकाचार का उदाहरण है। प्रयागराज में वर्ष 2019 का संस्करण विशेष रूप से उल्लेखनीय था, जिसमें 50 दिनों के दौरान अनुमानित 24 करोड़ आगंतुकों ने भागीदारी की। इनमें से 4 फरवरी को ही 3 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसिद्ध गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर आयोजित किए गए कुंभ की तैयारियों में 3,200 हेक्टेयर में फैले विशाल टेंट क्षेत्र के साथ 440 किलोमीटर की अस्थायी सड़कें, 22 पंटून पुल, लगभग 50,000 एलईडी स्ट्रीटलाइट और व्यापक स्वच्छता बुनियादी ढांचा शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी का वर्ष 2019 में कुंभ मेले का दौरा आयोजकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का एक भाव था, जिन्होंने इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर सफल बनाया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया, सम्मान के प्रतीक के रूप में उनके चरण धोए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को पुष्ट बनाते हुए कहा कर्मठ स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए... मैं स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन करता हूं। वर्ष 2019 के कुंभ ने स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के लिए नए मानक स्थापित किए। वर्ष 2013 में सिर्फ. 5,000 सामुदायिक शौचालयों की तुलना में, वर्ष 2019 के आयोजन में 122,500 शौचालय निर्मित किए गए, साथ ही 20,000 डस्टबिन और 160 कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था की गई। साफ-सफाई के लिए वाटर जेट स्प्रे मशीन जैसे अभिनव उपायों ने पानी



की बर्बादी को काफी हद तक कम किया और स्वच्छता कार्य को आसान बनाया। शौचालयों को सुगमता के लिए रणनीतिक रूप से रखा गया था और इसमें लिंग-विशिष्ट और दिव्यांगता-अनुकूल डिजाइन शामिल थे। महिलाकर्मियों की सेवा के माध्यम से महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जबकि बुजुर्गों के अनुकूल शौचालय संचालित किए गए। सीवेज टैंकों की शुरूआत के साथ इनके उपयोग ने नदी में होने वाले प्रदूषण के जोखिम को समाप्त कर दिया। इन शौचालयों की दुर्गंध को दूर करने के लिए एक नवीन तकनीक अपनाई गई थी जिसका पहली बार वर्ष 2018 माघ मेले के दौरान परीक्षण किया गया था और फिर कुंभ 2019 में इसको उपयोग में लाया गया। इसके लिए छात्र शोधकर्ता मेला स्थल पर ही प्रतिदिन लगभग 65,000 लीटर दुर्गंधनाशक द्रव्य तैयार कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने स्वच्छता बनाए रखने और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईओटी-सक्षम मोबाइल ऐप से लैस, इन स्वयंसेवकों ने विशाल मैदान में 60,000 शौचालयों की निगरानी की, जिससे वास्तविक समय में ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया। इस पहल ने न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाया बल्कि स्वयंसेवकों को सशक्त भी बनाया, जिनमें से कई युवा और महिलाएं शामिल थीं। वर्ष 2017 में, यूनेस्को ने कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया। वर्ष 2019 का संस्करण इस सम्मान पर खरा उतरा, जिसमें भारत की अद्वितीय ०?यापकता और महत्व के आयोजनों की क्षमता का प्रदर्शन

आज की बात



अमिताभ कांत
नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी

किया गया था। वर्ष 2025 प्रयागराज में महाकुंभ मेले में दुनिया भर से 30 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की आशा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अत्यंत व्यापक स्तर पर की गई तैयारियां अभूतपूर्व हैं। महाकुंभ की पवित्रता को बनाए रखने के साथ-साथ इसके वैश्विक स्वरूप को बढ़ाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटूट है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की नियमित समीक्षा से लेकर तीर्थयात्रियों के कल्याण को सुनिश्चित करने तक का उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण, दोषरहित निष्पादन के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री का विजन सामुदायिक भागीदारी पर भी जोर देता है। वर्ष 2019 के अभूतपूर्व मेले की सफलताओं से प्रेरणा लेते हुए आगामी संस्करण में भक्ति, प्रौद्योगिकी और स्थिरता का एक सहज मिश्रण किए जाने का वादा किया गया है और यह नए वैश्विक मानक भी स्थापित करेगा। ध्यान देने योग्य विषयों में एक प्रमुख व्यवस्था स्थल और पहुंच का विस्तार करने से भी जुड़ी है। वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला एक आध्यात्मिक और उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवस्था के दिव्य स्वरूप के साथ तैयार है और यह अभूतपूर्व स्तर पर आस्था, नवाचार और स्थिरता को एक आयोजन में समाहित करेगा। यह भारत की अपनी प्राचीन परंपराओं का सम्मान करने की क्षमता को दर्शाता है, साथ ही आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए विश्व के लाखों लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है।

**(लेखक भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, इस लेख में व्यक्त किए गए उनके विचार व्यक्तिगत हैं।)**

### देश की बात

## भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले



ललित गर्ग

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं। अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### अलग बात

## मकर संक्रांति : भारतीय संस्कृति का उज्ज्वल पर्व



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

भारत अपनी सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के रंगीन ताने-बाने के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां के त्योहार मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को आपस में जोड़ने वाले सेतु और समरसता का अनुपम संदेश हैं। इन्हीं उत्सवों की श्रेणी में मकर संक्रांति एक अद्वितीय स्थान रखता है। यह पर्व प्रतिवर्ष जनवरी माह में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मकर संक्रांति का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और खगोलीय आयामों में भी गहन है। यह पर्व प्रकृति के बदलाव, नवजीवन के संचार और नई फसल के आगमन का प्रतीक है। इसके माध्यम से मानव जीवन में ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का प्रवाह होता है। मकर संक्रांति का खगोलीय महत्व इसे अद्वितीय बनाता है। इस शुभ दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन की ओर अपने पथ को परिवर्तित करता है, अर्थात वह पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध की ओर अग्रसर होने लगता है। यह महापरिवर्तन दिन और रात की लंबाई में होने वाले परिवर्तन का संकेत देता है, जो प्रकृति के चक्र में एक नई ऊर्जा का संचार करता है। सूर्य का उत्तरायण होना ठिठुरती सर्दियों के अंत और गर्मी की दस्तक का प्रतीक है। यह घटना भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह फसलों के पकने और उनकी कटाई के अनुकूल समय का प्रारंभ करती है। मकर संक्रांति प्रकृति और खगोल विज्ञान के इस गहन संबंध का उत्सव है, जो मानवता को सिखाता है कि प्रकृति के चक्र के साथ सामंजस्य बनाना ही सच्चा जीवन है।



धार्मिक दृष्टि से मकर संक्रांति एक दिव्य और पावन पर्व है, जो पवित्रता, दान और तपस्या के गहन आदर्शों से परिपूर्ण है। प्राचीन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा, यमुना, गोदावरी और कावेरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान आत्मा की शुद्धि और पापों के क्षय का प्रतीक माना गया है। यह केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और आध्यात्मिक जागरण का संदेश है। हिंदू धर्मग्रंथों में इस दिन भगवान सूर्य की उपासना को अत्यधिक फलदायी और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए शुभ बताया गया है। मकर संक्रांति महाभारत के महानायक दानवीर कर्ण की उदारता का स्मरण कराता है, जिन्होंने अपने सम्पूर्ण जीवन में निःस्वार्थ दान का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, भीष्म पितामह ने अपने जीवन की अंतिम यात्रा के लिए उत्तरायण का चयन किया, जिसे मोक्ष प्राप्ति के लिए सर्वोत्तम समय माना गया है। यह पर्व धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक घटनाओं का सम्मिलन है, जो इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का अद्वितीय प्रतीक है। यह पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में भिन्न-भिन्न नामों, रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। पंजाब में इसे 'लोहड़ी' के रूप में मनाया जाता है, जहां नई फसल की खुशी में लोग अलाव के चारों ओर नाचते-गाते हैं और मूंगफली, रेवड़ी, व तिल से बनी मिठाइयों का आदान-प्रदान करते हैं। तमिलनाडु में यह 'पोंगल' के नाम से प्रसिद्ध है, जहां सूर्य देव की विशेष पूजा होती है और घर-घर में पोंगल नामक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया जाता है। गुजरात में इसे 'उत्तरायण' के रूप में मनाया जाता है, जहां आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है। महाराष्ट्र में यह पर्व तिल-गुड़ की मिठास से सराबोर होता है, जहां लोग 'तिल गुड़ घ्या, गोड गोड बोला' कहकर परस्पर स्नेह और मधुरता का संदेश देते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे 'पोष संक्रांति' कहा जाता है, जहां खिचड़ी और तिल के विशेष व्यंजन बनाए जाते हैं, और गंगा-सागर में स्नान को अत्यंत पवित्र माना जाता है।


मकर संक्रांति का सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दृष्टिकोण भी इसे अद्वितीय बनाता है। यह पर्व मेल-जोल, सामाजिक सौहार्द्र और समरसता का संदेशवाहक है। इस दिन दान का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अन्न, वस्त्र, धन और तिल का दान करना पुण्य का असीम स्त्रोत माना गया है। जरूरतमंदों की सहायता कर हम न केवल उनकी जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि आत्मिक शांति और संतोष का अमूल्य अनुभव भी प्राप्त करते हैं। इसके साथ ही, तिल और गुड़ का सेवन सर्दियों में शरीर को गर्म रखने और रोगों से बचाने का प्राचीन उपाय है। हमारे पूर्वजों ने इस पर्व के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि और प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा देने की अद्भुत परंपरा स्थापित की थी।

मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा केवल खेल नहीं, बल्कि यह मानव की स्वतंत्रता, ऊंचाइयों को छूने की आकांक्षा और आकाश जितने विस्तृत सपनों का प्रतीक है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### फेसबुक वॉल से




### X से




### आज का दोहा

**जीवन भर पाया बहुत, फिर भी रहा उदास।**
**तुम्हें देखकर यूँ लगा, ज्यों निधिवन के पास।।**
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

### आपकी बात

## अखबारों की सुर्खी नहीं बना प्रवासी सम्मेलन



अशोक मधुप

आठ से दस जनवरी तक चला 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अखबारों की सुखियां भी नही बन सका। उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन की कामयाबी पर न लेख लिखे गए न संपादकीय। ये सम्मेलन एक रूटिन का कार्यक्रम ही बन कर रह गया। सरकार ये वह भी नही बताया कि देश की विकास याजनाओं में बाधक देश में फैले भ्रष्टाचर को रोकने की उसकी क्या योजनाएं हैं? प्रवासी भारतीयों के भारत के विकास में योगदान के लिए आने वाले प्रोजेक्ट की अनुमति आदि की मानिटरिंग के लिए उच्च स्तर पर इसकी देखरेख करने के लिए क्या करने का इरादा हैं? उच्च स्तर पर ये भी देखा जाए कि प्रोजेक्ट की अनुमति में अनावश्यक विलंब तो नहीं किया जा रहा? रिश्वत की चाहत में उद्योगपति को परेशान तो नहीं किया जा रहा? इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय- 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' जरूर रहा किंतु इसमें न कोई निर्णय हुए न कोई विशेष प्रस्ताव। प्रवासियों को भारत के चुनाव में मत देने का अधिकार है, किंतु न वे वोट बनवाने में रूचि रखते हैं, न वोट डालने में। उनसे वोट बनवाने और देश के विकास के लिए अपनी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की जा सकती थी किंतु वह भी नहीं की गई। 2003 से मनाना शुरू हुई प्रवासी सम्मेलन अभी तक एक औपचारिकता ही लगा। भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरूआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। ओडिशा को असीमित अवसरों की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों से राज्य की विकास यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया।

इस प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए सीएम माझी ने कहा, ओडिशा सिर्फ अपने गौरवशाली अतीत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं जाना जाता, यह भविष्य के लिए असीम अवसरों की भूमि है। ओडिशा के निवेशक-अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब भारत में निवेश के लिए सबसे स्वागत योग्य स्थलों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आप सभी से इन अवसरों का लाभ उठाने और अपनी मातृभूमि के विकास और समृद्धि में योगदान देने का आग्रह करता हूं। वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य के रूप में, आप दुनिया के लिए हमारे राजदूत हैं। मैं आपको ओडिशा और भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में हमारे साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं। हम सब मिलकर 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ को जनवरी,





सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व भारत की बात सुनता है, तथा देश अपनी विरासत के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह बताने में सक्षम है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए 70 देशों से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सम्मेलन में चार प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया, जिनमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और प्रवासी भारतीयों के योगदान को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, भारत और उसके प्रवासियों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने वाली एक संस्था बन चुकी है। पीएम मोदी ने उल्लेख किया कि हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का उत्सव मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10 जनवरी के समापन सत्र में प्रवासी भारतीयों को संबाधित किया। और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि यह आयोजन राज्य की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। पचास वर्षों से स्लोवेनिया में रहने वाली एक प्रवासी भारतीय कोकी वेबर ने इस आयोजन में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की। वह नमस्ते नाम का एक कारोबार चलाती हैं, जिसमें भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय हस्तशिल्प से बने चमड़े के सामान, रेशमी स्कार्फ, अगरबत्तियां और इनर गारमेंट्स बेचती हूं, जो सभी भारत में बने होते हैं। कोकी ने ओडिशा को भारत का एक छिपा हुआ रत्न बताया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# पहले स्नान पर्व पर मुस्तैद नजर आई पुलिस, बनी मददगार, विनम्रता से जीता दिल

**महाकुंभ नगर(आईएएनएस)।** महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा देखने को मिली। करोड़ों की संख्या में लोग पुण्य स्नान के लिए संगम तट की ओर उमड़ पड़े। इस दौरान जो सबसे अनूठी चीज देखने को मिली, वह पुलिस का व्यवहार रहा।

यूं तो श्रद्धालुओं को राह दिखाने के लिए मेला प्रशासन की ओर से 800 के करीब साइनेजेस लगाए गए हैं, लेकिन राह दिखाने के लिए योगी सरकार की पुलिस पर लोगों ने ज्यादा भरोसा दिखाया। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते, तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।

महाकुंभ को लेकर इस बार योगी सरकार के निर्देश पर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई गई है। परेड स्थित पुलिस लाइन में लगातार दो महीने तक पुलिसकर्मियों को बिहेवियर की ट्रेनिंग कराई गई है, जिसका असर सोमवार को पहले स्नान पर्व पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग पुलिसकर्मियों से पांटून ब्रिज पर आने और जाने के विषय में जानकारी लेते रहे। इसी तरह, सेक्टर की जानकारी के लिए भी पुलिसकर्मी ही श्रद्धालुओं की पहली प्राथमिकता रहे। खास बात यह थी कि पुलिसकर्मियों ने भी कुशल व्यवहार का परिचय देते हुए पूरी विनम्रता से श्रद्धालुओं की मदद की। यही नहीं, पुलिसकर्मी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग लोगों की मदद करते भी नजर आए। पहले स्नान पर्व पर भारी भीड़ के अनुमान को देखते हुए घाटों पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया, जबकि पांटून ब्रिज पर भी एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स का डेप्लॉयमेंट नजर आया।

## महाकुंभ में उमड़ी भीड़ में पीएम मोदी-सीएम योगी के कटआउट संग सेल्फी लेने का दिखा क्रेज



**महाकुंभ नगर(आईएएनएस)।** महाकुंभ के पहले पौष पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर सोमवार को संगम तट पर उमड़ी भीड़ में पीएम मोदी और सीएम योगी की तस्वीरों संग सेल्फी लेने और फोटो खिंचाने की होड़ दिखाई दी। नंदी द्वार पर लगे कटआउट के साथ तस्वीरें खिंचाने और सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ जमा दिखाई दी। भीड़ में महिलाओं और युवकों की भी संख्या सेल्फी और फोटो की होड़ में दिखी। मध्य प्रदेश के उज्जैन से आए ब्रजेश शर्मा ने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों के प्रशंसक हैं। इस तस्वीर ने उन्हें आकर्षित किया। पूरे परिवार ने सेल्फी ली और फोटो खिंचवाई है। यहां महाकुंभ मेले में अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं।

# स्टीव की पत्नी लॉरेन पॉवेल उर्फ कमला को काशी में छूने नहीं दिया गया शिवलिंग

### कैलाशानंद गिरि ने कहा, परंपरा है हिंदुओं के अलावा अन्य कोई काशी विश्वनाथ को नहीं छू सकता

नवीन मेल संवाददाता



**प्रयागराज।** भारत के सभी राज्यों के साथ ही विश्व के तमाम देशों से श्रद्धालु व दर्शक महाकुंभ में आए हैं। इनमें एप्पल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल भी हैं। लॉरेन पॉवेल जॉब्स काशी भी गई थीं। वहां उन्होंने काशी विश्वनाथ का दूर से दर्शन किया। लेकिन, उन्हें काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग को छूने नहीं दिया गया। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस बढ़ते विवाद के बीच लारेंस के आध्यात्मिक गुरु स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने इस मामले में जवाब दिया। मालूम हो कि पॉवेल जॉब्स प्रयाग में इन दिनों महाकुंभ मेले में कल्पवास कर रही हैं। उन्होंने 13 जनवरी को सुबह संगम में डुबकी लगा कल्पवास की शुरुआत की। वह कैलाशानंद गिरि महाराज के मार्गदर्शन में निरंजनी अखाड़े के शिविर में रह रही हैं और ध्यान, साधना, शाकाहारी भोजन व फलाहार करते हुए आत्मा,परमात्मा व भारतीय धर्म को जानने समझने की कोशिश कर रही हैं।

कैलाशानंद गिरि का उनके बारे में कहना है- पॉवेल जॉब्स धार्मिक व आध्यात्मिक महिला हैं, वह हमारी परंपराओं के बारे में जानना चाहती हैं। वह मुझे एक पिता व गुरु के रूप में सम्मान देती हैं, और हर कोई उनसे सीख सकता है।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने मंदिर के सख्त प्रोटोकॉल के बारे में बताया, पॉवेल जॉब्स के काशी विश्वनाथ मंदिर में आने को लेकर कोई विवाद नहीं है। मैं एक आचार्य हूं और परंपराओं व सिद्धांतों का पालन करना व आचरण को बनाए रखना मेरी जिम्मेदारी है। पॉवेल जॉब्स को प्रसाद व माला दी गई, लेकिन परंपरा यह है कि हिंदुओं के अलावा अन्य कोई भी व्यक्ति काशी विश्वनाथ को नहीं छू सकता। यदि मैं इस परंपरा को बरकरार नहीं रखूंगा, तो यह टूट जाएगी।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने अपनी बात को और साफ करते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ में भारतीय परंपरा के मुताबिक, हिंदुओं के अलावा कोई भी अन्य धर्म का व्यक्ति शिवलिंग को नहीं छू सकता, इसलिए पॉवेल जॉब्स को बाहर से ही शिवलिंग के दर्शन करने का मौका दिया गया। वह कुंभ में ही रहेंगी और गंगा में डुबकी भी लगाएंगी। पॉवेल जॉब्स ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया है।

कैलाशानंद गिरि महाराज ने पॉवेल जॉब्स को हिंदू नाम कमला दिया है। कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा है कि वह हमारे लिए बेटी की तरह हैं और वह दूसरी बार भारत आई हैं। मालूम हो कि महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होगा। महाकुंभ का मुख्य स्नान, जिसे अमृत स्नान (पहले शाही स्नान) कहा जाता है, वह 14 जनवरी को होगा। इसके अलावा, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन और 3 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन भी महाकुंभ में बड़े पैमाने पर लोग श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाएंगे।

### जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का किया गया उद्घाटन

# कश्मीर के विकास से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : पीएम

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी का जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के मुश्किल दिनों को पीछे छोड़कर हमारा कश्मीर अब फिर से धरती का स्वर्ग होने का पहचान वापस पा रहा है। इसके विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है। मैं चाहता हूं कि यह मुकुट और अधिक सुंदर और समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब साकार होगा, जब इसका मुकुट कश्मीर प्रगति के रत्नों से सजेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जम्मू-कश्मीर में शांति और तरक्की का माहौल है। उसका फायदा हम टूरिज्म सेक्टर में देख रहे हैं। वर्ष 2024 में दो करोड़ से अधिक टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर आए हैं। यहां सोनमर्ग में भी 10 साल में 6 गुना ज्यादा टूरिस्ट बढ़े हैं। इसका लाभ यहां की जनता को हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का जिक्र किए बगैर कहा, आप निश्चिंत रहिए, ये मोदी है। अगर वह कोई वादा करता है, तो उसे निभाता भी है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम होने वाला है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के तुरंत बाद आई है।

सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर की पुरानी मांग बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सुरंग से सोनमर्ग के साथ-साथ कारगिल और लेह के लोगों का जीवन बहुत आसान होगा। केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद ही 2015 में सोनमर्ग सुरंग के वास्तविक निर्माण का काम शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। मेरा हमेशा मंत्र रहा है कि जो भी हम शुरू करेंगे।

## बोले प्रधानमंत्री

### जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट, यह और अधिक सुंदर बने
### सोनमर्ग सुरंग इस क्षेत्र में पर्यटन को नए पंख देगी



### उमर अब्दुल्ला ने की पीएम मोदी की तारीफ

**सोनमर्ग(आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग टनल के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि आपने अपनी बात रखी और 4 महीने के भीतर चुनाव हुए। आपने जम्मू के लोगों को अपनी सरकार चुनने का मौका दिया। उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आपने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में अपने कार्यक्रम के दौरान तीन बहुत महत्वपूर्ण बातें कही थीं।

### लाइन की कमी से मरीज की मौत, फिर सरकारी अस्पताल की अव्यवस्था पर उठे सवाल

**रायगंज (उत्तर दिनाजपुर),(हि.स.)।** मेदिनीपुर में प्रतिबंधित सलाइन के कारण एक प्रसूति की मौत को लेकर राज्य में हंगामा मचा हुआ है। इसी बीच रायगंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सोमवार को सलाइन की कमी के कारण एआ मरीज की मौत के बाद अस्पताल की अव्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, कालियागंज निवासी 51 वर्षीय हिरण्मय महंता को सांस लेने में तकलीफ के कारण रविवार देर रात कालियागंज अस्पताल से रायगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

### 5 बांग्लादेशी बंगाल के सोनारपुर से गिरफ्तार

**कोलकाता(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर इलाके से पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन पर अवैध तरीके से भारत में घुसने, अपनी पहचान छिपाने और स्थानीय कपड़ा मिल में काम करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपित करीब एक साल से सोनारपुर में एक किराए के मकान में रह रहे थे और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मिल में नौकरी हासिल की थी। गुप्त सूचना के आधार पर सोनारपुर थाने के अधिकारियों ने इनकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। बताया गया है कि ये लोग अपने पड़ोसियों से अधिक संपर्क नहीं रखते थे, जिससे इन पर शक हुआ। एक अधिकारी ने कहा कि इन पांचों ने करीब एक साल पहले भारत में अवैध तरीके से प्रवेश किया था। फर्जी दस्तावेजों की मदद से इन्होंने कपड़ा मिल में नौकरी कर ली। हम इनके पड़ोसियों से बातचीत कर इनके अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। इन्हें आज दोपहर स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

# रोड शो में हुई देरी, आज नामांकन करेंगी आतिशी



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार को अपने विधानसभा में एक रोड शो के बाद नामांकन दाखिल करने जाने वाली थी, लेकिन रोड शो में हुई देरी के कारण आज उनका नामांकन स्थगित हो गया, अब मंगलवार को वह नामांकन दाखिल करेंगी। मुख्यमंत्री आतिशी का सोमवार को नामांकन दाखिल करने का कार्यक्रम था, लेकिन रोड शो में अधिक समय लगने का कारण इसे मंगलवार के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके पहले रैली शुरू करने से पहले आतिशी ने कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपने अभियान के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद उन्होंने "आप" नेता मनीष सिसोदिया के साथ गिरी नगर में गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद साहिब पहुंच कर मत्था टेका। आतिशी ने कहा कि आज मैं कालकाजी मंदिर में मां काली का आशीर्वाद लेने आई थी। मुझे विश्वास है कि मां कालका का आशीर्वाद हमेशा मुझ पर, आम आदमी पार्टी और कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों पर रहेगा।" आतिशी ने कहा, "मैंने पिछले पांच वर्षों से अपने निर्वाचन क्षेत्र में अथक परिश्रम किया है। कालकाजी के लोग मेरा परिवार हैं, वे मुझे अपनी बेटी और अपनी बहन के रूप में देखते हैं। मैं सिर्फ एक महिला नहीं हूं।" आतिशी ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटो पोस्ट करते हुए ये भी लिखा, "आज कालकाजी ने अपनी इस बेटी पर भरोसा जताते हुए नामांकन रैली में जो जबरदस्त समर्थन और आशीर्वाद दिया, वो मैं कभी नहीं भूल सकती। कालकाजी के मेरे परिवार ने साबित कर दिया है कि वह गाली-गलौच की गंदी राजनीति नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी की राजनीति के साथ खड़ी है।"

### राजद की राजनीति परिवारवाद, झूठ और भ्रष्टाचार पर आधारित : दिलीप जायसवाल

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने सोमवार को विपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दल केवल झूठ और नकारात्मक राजनीति की नींव पर टिके हुए हैं। बिहार की जनता ने इन दलों की विफलताओं को बार-बार नकारा है, लेकिन फिर भी ये जनता को गुमराह करने की कोशिश करते रहते हैं। जायसवाल ने कहा, "राजद और उसके सहयोगी दलों का एकमात्र एजेंडा विकास में बाधा डालना और बिहार को पीछे धकेलना है। जबकि, भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।" उन्होंने कहा कि राजद के नेताओं के पास न तो बिहार के विकास के लिए कोई दृष्टिकोण है और न ही अपने शासनकाल की विफलताओं का जवाब। ऐसे में भाजपा पर इस प्रकार के झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी हताशा और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है।

### मोतिहारी पुलिस ने 2565 लीटर विदेशी शराब व करोड़ो के गांजा के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण(हि.स.)।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर शराब व मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुआ है। पुलिस ने बीते 12 घंटे के दौरान दो अलग अलग थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए शराब की एक बड़ी खेप के साथ करीब 5 क्विंटल गांजा बरामद किया है। पहली कार्रवाई में छतौनी थाना पुलिस व डीआईयू की टीम ने नेपाल से तस्करी कर मध्य प्रदेश ले जा रहे एक टैंकर नंबर MP-13H0965 से 5 क्विंटल से अधिक गांजा जब्त किया है,साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है,सभी मध्यप्रदेश के रहने बताये जा रहे है। जब्त गांजा की कीमत करोड़ो में बतायी जा रही है।जबकि दूसरी कारवाई पकड़ीदयाल डीएसपी दुर्गा शक्ति के नेतृत्व में राजेपुर थाना पुलिस ने की है।जहां लावारिस हालत में खड़ी यूपी नंबर UP-12 BT-1852 की एक ट्रक से 389 कार्टन में रखे करीब 2565 लीटर विदेशी शराब जप्त किया है। जिसकी कीमत लाखो में बतायी जा रही है।

### बिहार में शीतलहर का प्रकोप जारी, 31 जिलों में येलो अलर्ट

**पटना(हि.स.)।** बिहार में शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के 31 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए हल्के से मध्यम कोहरे की चेतावनी दी है। राज्य के कई जिलों में सुबह के समय विजिबिलिटी बेहद कम (50 से 150 मीटर के बीच) दर्ज की जा रही है। कोहरे की घनी परत के कारण पटना, गया, पूर्णिया, भागलपुर, और मुजफ्फरपुर जैसे प्रमुख इलाकों में सड़क और रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने राज्य के 31 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया, भागलपुर, बांका, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, नवादा, गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, अरवल, पटना, जहानाबाद, नालंदा और बेगूसराय है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 12 जनवरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। यह विक्षोभ 14 जनवरी की रात तक उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इस दौरान बिहार में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

### उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर चूड़ा-दही भोज में शामिल हुए राज्यपाल



**पटना(हि.स.)।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मो. खान सोमवार को उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर आयोजित चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहारवासियों और देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। साथ ही चूड़ा-दही खाने के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर पहुंचे थे। राज्यपाल ने यहां उपस्थित पत्रकारों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि मकर संक्रांति हमारे देश का महत्वपूर्ण पर्व है। प्रार्थना है कि हमारे देश और प्रदेश के लिए आने वाला समय बहुत प्रगति लाए, उन्नति लाए, विकास लाए और खुशियां लाए। महाकुंभ में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं जा रहा हूं। बड़े संत ने मुझे महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया है। तीन दिनों के लिए वो कुंभ में जाएंगे। राज्यपाल ने विजय सिन्हा के आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रहे कलाकारों को राजभवन में भी आमंत्रित किया। इस भोज में मुख्यमंत्री नीतीश, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित एनडीए के तमाम नेता मौजूद रहे।

# राम मंदिर के निर्माण के बाद व्यापार में हुई वृद्धि : व्यवसायी



**अयोध्या (आईएएनएस)।** राम की नगरी अयोध्या में पुनर्निर्माण और राम मंदिर के निर्माण के बाद व्यापारियों की बिक्री में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। स्थानीय व्यापारियों ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि अयोध्या के पुनर्निर्माण के बाद यहां का व्यापार 70 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। हालांकि, इस पुनर्निर्माण के दौरान लोगों को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब इसका भरपूर फायदा मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या में बड़ा योगदान है, और उनके प्रयासों से हम पूरी तरह संतुष्ट हैं। व्यापारी वर्ग ने बताया कि रोज़ाना ढाई से तीन लाख श्रद्धालु अयोध्या आते हैं, और इसी कारण व्यापार भी बहुत अच्छे से चल रहा है। पहले कुछ दिक्कतें थीं, लेकिन अब वही बदलाव व्यापारियों के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। चौड़ीकरण और अन्य सुधारों के बाद हर चीज के व्यापार में वृद्धि हुई है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को भी किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही और वे आराम से दर्शन और पूजा अर्चना कर रहे हैं।

व्यापारी पवन किशोर गुप्ता ने बताया, "अयोध्या का व्यापार पहले की तुलना में कम से कम 70 प्रतिशत बढ़ चुका है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने अयोध्या को एक नई दिशा दी है। उनके प्रयासों से अयोध्या ने वह मुकाम हासिल किया है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी।" उन्होंने कहा, "व्यापारी वर्ग इस बदलाव से बहुत संतुष्ट है और किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं कर रहा है। पहले जो कुछ समस्याएं थीं, वे अब सुलझ चुकी हैं और व्यापार बहुत अच्छे से चल रहा है। रोजाना कम से कम ढाई से तीन लाख श्रद्धालु अयोध्या आते हैं, दर्शन करते हैं, पूजा अर्चना करते हैं और इसके बाद हमारा व्यापार भी उसी के सहारे अच्छे से फल-फूल रहा है। अब हमें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो रही। पहले जो चौड़ीकरण और अन्य बदलाव हुए थे, उनका असर अब सकारात्मक दिख रहा है और व्यापारी वर्ग को इसका लाभ मिल रहा है।" उन्होंने कहा, "राम मंदिर के निर्माण के बाद, अयोध्या में परिवहन की स्थिति बेहतर हुई है और लाखों श्रद्धालु यहां आ रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नॉर्टजे और एनगिडी की द. अफ्रीका टीम में वापसी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगीडी ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे टीम में वापसी की है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में है, जहां उनके साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें हैं। नॉर्टजे और एनगिडी ने चोटों के कारण पूरे घरेलू सीजन में कोई मैच नहीं खेला था। नॉर्टजे अपने बाएं पैर की उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, जबकि एनगिडी ग्रोइन की चोट से ठीक होकर मैदान पर लौटे हैं। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। टोनी डी जोरजी, रायन रिक्लटन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को पहली बार किसी बड़े 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए चुना गया है। टीम कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, "हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की भरमार है, जिन्होंने दबाव भरे मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अनुभव ऐसे बड़े टूर्नामेंट में बेहद अहम होता है। हमने अपनी विश्व कप टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया है। उन्होंने यह भी कहा, "आईसीसी टूर्नामेंट्स में हमारे हाल के प्रदर्शन यह दिखाते हैं कि हम ग्लोबल टूर्नामेंट्स के अंतिम दौर तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं। इस बार हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतने का है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड (सीएसए) ने यह भी बताया कि इमरान खान, जो हाई-परफॉर्मेंस बैटिंग लीड हैं, इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी कोच के रूप में टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। रॉब वॉल्टर ने कहा, "हम इमरान का स्वागत करते हैं। उनका अनुभव हमारी बल्लेबाजी को और मजबूत करेगा और टीम को बेहतर बनाने में मदद करेगा।



### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

## चोटिल पैट कमिंस कप्तान, मैथ्यू शॉर्ट और आरोन हार्डी जैसे नए चेहरे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 खिलाड़ियों की शुरुआती टीम का ऐलान किया है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होगा। ऑलराउंडर मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में शानदार प्रदर्शन किया है, जबकि हार्डी एक बढ़िया तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हैं। डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद, मैट शॉर्ट ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस, जो श्रीलंका दौरे के लिए टीम में नहीं थे, भी इस बार टीम में हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है। नाथन एलिस, जिन्होंने होबार्ट हरिकेंस को बीबीएल 14 के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, भी टीम में शामिल हैं। हालांकि, जैक फ्रेजर-मैकगर्क को खराब फॉर्म के चलते बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह शॉर्ट को ट्रेविस हेड के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया है। कप्तान पैट कमिंस इस टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे, लेकिन उनके टखने की चोट के चलते खेलना अभी तय नहीं है। कैमरन ग्रीन (पीठ की सर्जरी) और सीन एबॉट भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। चयनकर्ताओं ने टीम में ज्यादा ऑलराउंडरों को शामिल किया है, जिनमें मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और स्पिन ऑलराउंडर ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन शामिल हैं। एडम जाम्पा मुख्य स्पिनर होंगे, जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस, हेजलवुड और नाथन एलिस होंगे। चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, "यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है, जिसमें पिछले वनडे वर्ल्ड कप और अन्य बड़ी सीरीज का अनुभव है। यह टीम हर परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसके मुकाबले अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से होंगे। ग्रुप के सभी मैच पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे।




### पैरा सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता

## झारखंड पैरा तीरंदाजों ने जीते 11 पदक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजस्थान के जयपुर में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड पैरा तीरंदाजों ने - 08 सिल्वर एवं 03 बोंज के सहित कुल 11 पदक जीते। व्यक्तिगत स्पर्धा में झोंगो पाहन ने 50 मीटर में रजत पदक, जितुराम बेदिया ने 30 मीटर दूरी में रजत एवं 50 मीटर दूरी में कांस्य जीते। इंडियन राउंड में बालक टीम में जितुराम बेदिया और झोंगो पाहन ने सिल्वर मेडल जीते। वहीं इंडियन राउंड बालिका वर्ग में तुलसी कोरवा ने 50 मीटर दूरी और 30 मीटर दूरी में भी सिल्वर मेडल जीती। ओलंपिक राउंड में सिल्वर मेडल, इंडियन राउंड बालिका टीम ने तुलसी करोवा, गुरबारी केराई ने कांस्य पदक जीते। इंडियन राउंड मिक्स टीम में जितुराम बेदिया, तुलसी कोरवा ने रजत पदक जीता। रिकर्व स्पर्धा के रैंकिंग में विजय सुंडी सिल्वर मेडल व मिक्स टीम के सुकृति सिंह और विजय सुंडी ने ब्रोंज मेडल जीता। पदक विजेता खिलाड़ियों ने राज्य को गौरवान्वित किया है। जिसके लिये सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, टीम झारखंड और प्रशिक्षकों को झारखंड सरकार के खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, झारखंड तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, द्रोणाचार्य अवॉर्डी पद्मश्री पूर्णिमा महतो, सुमंत चंद मोहंती, हरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, बी एस राव समेत झारखंड के सभी प्रशिक्षकों एवं झारखंड तीरंदाजी संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## स्टार क्लब ने सात विकेट से जीता टूर्नामेंट

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ ग्राउंड टाटीसिलवे में इंस्पिरेशन सीए बनाम स्टार क्लब के बीच खेला गया। इंस्पिरेशन सीए ने 23.2 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन बनाया। रुमन यादव ने 43 व कबीर अली ने 28 रन बनाया। गेंदबाजी में आयुष कुमार ने तीन विकेट लेकर 53, नीलभ कुमार ने तीन विकेट लेकर 13 रन व सूरज कुमार ने दो विकेट लेकर 19 रन दिया। स्टार क्लब टीम ने 17 ओवर में तीन विकेट पर 161 रन बनाया। बल्लेबाजी करने उतरे विवेक कुमार ने 41 व रोशन कुमार ने 39 रन बनाया। बबलू ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। स्टार क्लब ने 7 विकेट से जीत दर्ज किया।

## खेल मंत्री से मिला झारखंड ओलंपिक संघ का प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ झारखंड ओलम्पिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक एवं झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह की शिष्टाचार मुलाकात।

## सिंधु 'नई जिंदगी', 'नए लक्ष्यों' के साथ सीजन के लिए तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत की दिग्गज शटलर और दो बार की मेडलिस्ट पीवी सिंधु अपनी शादी के बाद वापस प्रतिस्पर्धी खेल पर अपना फोकस कर रही हैं। उन्होंने नए सीजन के लिए 'नए लक्ष्य' निर्धारित किए हैं। सिंधु ने पिछले साल उदयपुर में हैदराबाद के बिजनेसमैन वेंकट दत्त साई के साथ शादी की है। वह मंगलवार से इंडिया ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 में हिस्सा लेंगी, जो शादी के बाद उनका पहला टूर्नामेंट भी होगा। सिंधु ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईएएनएस को बताया, "नया साल है, तो नए लक्ष्य हैं, नई जिंदगी है और नया दौर है। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह मेरे लिए शादी के बाद और नए सीजन का पहला टूर्नामेंट है, और वो भी अपने देश में। मैंने पिछले साल चोट की वजह से यह टूर्नामेंट मिस कर दिया था। मैं इसे लेकर तैयार हूं और उम्मीद है कि अच्छा प्रदर्शन करूंगी। सिंधु ने 2017 में इंडिया ओपन जीता था और 2018 में वह उपविजेता रही थीं। इसके बाद 2019 और 2022 में वह सेमीफाइनल तक पहुंचीं, लेकिन 2023 में पहले दौर में बाहर हो गईं। चोट के कारण उन्होंने पिछले साल का सुपर 750 टूर्नामेंट भी नहीं खेला था।

स्थानीय प्रशंसकों के समर्थन को लेकर उन्होंने कहा, "यहां हमेशा दर्शकों का अच्छा समर्थन मिलता है। मुझे उम्मीद है कि यहां भी फैन्स मेरा साथ देंगे और उनके समर्थन से मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी।

## अजित ने रेसिंग कार पर लगाया तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो




**चेन्नई** । तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अभिनेता अजित कुमार को कार पर तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण का लोगो और उनकी टीम अजित कुमार रेसिंग द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरणों को प्रदर्शित करने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित 24एच दुबई 2025 रेसिंग इवेंट की 991 श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल करने पर अभिनेता और उनकी टीम को तहे दिल से बधाई दी। अपनी एक्स टाइमलाइन पर उदयनिधि ने लिखा, "मैं यह सुनकर रोमांचित हूं कि अजित कुमार सर और उनकी टीम ने 24एच दुबई 2025 में 991 श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया है।

## रांची विवि की तीन खिलाड़ियों का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा 8 से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित उत्तर पूर्व विश्वविद्यालय जूडो चैंपियनशिप में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रांची विश्वविद्यालय की तीन खिलाड़ियों, निधि कुमारी, चांदनी कुमारी और सुषमा कुमारी ने अपनी उत्कृष्ट क्षमता और मेहनत के बल पर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई किया।

इन खिलाड़ियों की सफलता ने न केवल रांची विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है। झारखंड जूडो एसोसिएशन अध्यक्ष श्री के एन त्रिपाठी महासचिव श्री परीक्षित तिवारी,कोच रिचा कुमारी और अभिषेक कुमार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर झारखंड जूडो एसोसिएशन के सचिव श्री परिक्षित तिवारी ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को सराहा और कोच के माध्यम से उन्हें शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के शानदार आयोजन में देशभर की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जहां रांची विश्वविद्यालय की खिलाड़ियों ने अपने कौशल और संघर्षपूर्ण प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। कोच रिचा कुमारी ने कहा, "निधि, चांदनी और सुषमा की यह सफलता झारखंड के जूडो के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। झारखंड जूडो एसोसिएशन महासचिव परिक्षित तिवारी ने कहा, इन खिलाड़ियों की मेहनत और लगन ने झारखंड का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा देगी और राज्य में खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा। अब ये तीनों खिलाड़ी अमृतसर में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में झारखंड और रांची विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## जस्टिस ब्लू ने 6 विकेट से जीत अपने नाम की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में साई ई बनाम जस्टिस ब्लू के बीच खेला गया। साई ई की टीम ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 65 रन बनाया। बल्लेबाजी करने उतरे चिराग ने सर्वाधित 14 रन बनाया। वहीं गेंदबाजी के दौरान आदित्य चौधरी ने चार विकेट लेकर 16 रन, विराट कुमार ने तीन विकेट लेकर 15 रन, समीर टोप्पो ने दो विकेट लेकर 15 रन व आबिद ने एक विकेट लेकर 18 रन दिया। जस्टिस ब्लू की टीम ने 8.4 ओवर में चार विकेट पर 68 रन दिया। अथर्व ने 22 व आर्यन ने 18 रन बनाया। गेंदबाजी मे सौरव ने दो विकेट लेकर 11 रन, चिराग ने एक विकेट लेकर 24 रन, अर्पित ने एक विकेट लेकर 13 रन दिया। जस्टिस ब्लू 6 विकेट से टूर्नामेंट जीता।



## जस्टिस ग्रीन ने 50 रन से जीत अपने नाम की

रांची। सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में कुशमाही सीए बनाम जस्टिस ग्रीन के बीच खेला गया। जस्टिस ग्रीन टीम ने 34.2 ओवर में 10 विकेट पनर 171 रन बनाया। साद ने 46 व सफी ने 41 रन बनाया। गेंदबाजी करते हुए राजेश ने तीन विकेट लेकर 21रन, अंकित ने दो विकेट लेकर 29 रन व भास्कर ने दो विकेट लेकर 36 रन दिया। कुशमाही सीए की टीम ने 21 ओवर में 10 विकेट पर 121 रन बनाया। भास्कर ने 47, संतोष ने 21 व सुबोध ने 20 रन बनाए। आदर्श ने सात विकेट लेकर 40 रन व अरमान ने दो विकेट लेकर 22 रन दिया। जस्टिस ग्रीन ने 50 रन से जीत दर्ज की।



## एसएसवीएम ने सात विकेट से टूर्नामेंट जीता



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट डीएवी कपिलदेव बनाम एसएसवीएम के बीच नेहरू स्टेडियम में खेला गया। डीएवी कपिलदेव ने 25.4 ओवर में 10 विकेट पर 102 रन बनाया। हर्ष ने 23 व सक्षम ने 22 रन बनाया। स्वास्तिक ने 5 विकेट लेकर 18, हेमंत ने 2 विकेट लेकर 1 व साहिल ने 2 विकेट लेकर 13 रन दिया। एसएसवीएम ने 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 104 रन बनाया। शुभम ने 23, नैतिक ने 21 रन बनाया। प्रतियुष, लकी और सक्षम ने 1-1 विकेट लिए। एसएसवीएम ने 7 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट, निवेशकों के डूबे 12 लाख करोड़ रुपये

**मुंबई (आईएएनएस)**

- कारोबार के अंत में रियलिटी पीएसयू बैंक, मेटल, ऑटो और फार्मा सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई
- रियलिटी सेक्टर 6 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ



भारतीय शेयर बाजार नकारात्मक संकेतों के बीच सोमवार को 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार पर मजबूत अमेरिकी रोजगार डेटा का प्रभाव भी रहा, जो 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती का संकेत देता है। बाजार में गिरावट के दूसरे कारणों में क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें, रुपये में कमजोरी और विदेशी पूंजी आउटफ्लो शामिल हैं। बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कारोबार के अंत में रियलिटी, पीएसयू बैंक, मेटल, ऑटो और फार्मा सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। रियलिटी सेक्टर 6 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ।

सेंसेक्स 1,048.90 अंक या 1.36 फीसदी की गिरावट के साथ 76,330.01 पर बंद हुआ और निफ्टी 345.55 अंक या 1.47 फीसदी की गिरावट के साथ 23,085.95 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई, जिससे घरेलू बाजारों में भी इसी तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली, क्योंकि मजबूत अमेरिकी पेरोल डेटा ने 2025 में कम दरों में कटौती का संकेत दिया। इससे डॉलर मजबूत हुआ, बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी हुई और उभरते बाजार कम आकर्षक हो गए। एलकेपी सिक्योरिटीज के रूपक दे ने कहा, "निफ्टी के महत्वपूर्ण स्तरों को पार करने के कारण बियर हावी रहे। डेली चार्ट पर सूचकांक अपने पिछले स्विंग लो से नीचे फिसल गया, जो बढ़ती मंदी का संकेत है। हालांकि, निफ्टी ने 23,000 अंक के स्तर को बनाए रखा, जो एक महत्वपूर्ण स्तर बना हुआ है।

अगर निफ्टी अगले कुछ दिनों में 23,000 से ऊपर बना रहता है, तो यह संभावित सुधार का संकेत दे सकता है। इसके विपरीत, इस स्तर से नीचे एक निर्णायक गिरावट एक गहरे सुधार को ट्रिगर कर सकती है। निफ्टी बैंक 692.90 अंक या 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,041.25 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,195.35 अंक या 4.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,390.4 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 723.45 अंक या 4.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,922.10 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स रहे। जबकि, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंडसइंड बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड टॉप गेनर्स रहे। एफआईआई लगातार छठे दिन शुद्ध विक्रेता बने रहे, क्योंकि उन्होंने 10 जनवरी को 2,254.68 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, दूसरी ओर घरेलू संस्थागत ने 3,961.92 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

## भारत की ग्रीन एनर्जी कैपेसिटी 2024 में 16% बढ़कर हुई 209 गीगावाट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारत की कुल रिन्यूबल एनर्जी इंस्टॉल्ड कैपेसिटी में दिसंबर 2024 तक 15.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो दिसंबर 2023 में 180.80 गीगावाट से बढ़कर अब 209.44 गीगावाट हो गई है। बयान में कहा गया है कि 2024 के दौरान जोड़ी गई कुल कैपेसिटी 28.64 गीगावाट थी, जो 2023 में जोड़े गए 13.05 गीगावाट की तुलना में 119.46 प्रतिशत की सालाना वृद्धि को दर्शाती है। सोलर एनर्जी सेक्टर ने 24.54 गीगावाट की वृद्धि के साथ इस वृद्धि का नेतृत्व किया, जो इसकी क्यूमलेटिव इंस्टॉल्ड कैपेसिटी में 33.47 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो 2023 में 73.32 गीगावाट से बढ़कर 2024 में 97.86 गीगावाट हो गई है। विंड एनर्जी ने भी इस विस्तार में योगदान दिया, 2024 में एडिशनल 3.42 गीगावाट स्थापित होने से कुल विंड कैपेसिटी बढ़कर 48.16 गीगावाट हो गई, जो 2023 से 7.64 प्रतिशत की वृद्धि है। बायोएनर्जी ने भी शानदार वृद्धि दिखाई है, इसकी इंस्टॉल्ड कैपेसिटी दिसंबर 2023 में 10.84 गीगावाट से बढ़कर दिसंबर 2024 में 11.35 गीगावाट हो गई है।

## आईपीओ लाने जा रही सीफूड कंपनी कैप्टन फ्रेश को वित्त वर्ष 24 में हुआ 229 करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आईपीओ लाने की तैयारी कर रही बी2बी सेगमेंट की सीफूड कंपनी कैप्टन फ्रेश को वित्त वर्ष 24 में 229 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कंपनी के नुकसान में सालाना आधार पर 340 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 23 में यह 52 करोड़ रुपये था। कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह कुल खर्च में बढ़ोतरी होना है। वित्त वर्ष 24 में यह सालाना आधार पर 44.8 प्रतिशत बढ़कर 1,648 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 1,138 करोड़ रुपये था। कंपनी के खर्च में सबसे बड़ी हिस्सेदारी 79.55 प्रतिशत सामग्री लागत की है। वित्त वर्ष 24 में यह 72.5 प्रतिशत बढ़कर 1,311 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी का वित्त वर्ष 24 में कर्मचारी खर्च सालाना आधार पर 32.45 प्रतिशत घटकर 81.6 करोड़ रुपये हो गया है। लीगल खर्च सालाना आधार पर 30.56 प्रतिशत बढ़कर 47 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का ट्रांसपोर्टेशन खर्च सालाना आधार पर 24 प्रतिशत गिरकर 38 करोड़ रुपये हो गया है। अन्य खर्च 170.4 करोड़ रुपये पर स्थिर बने हुए हैं। वित्त वर्ष 24 में कैप्टन फ्रेश की परिचालन आय सालाना आधार पर 70.7 प्रतिशत बढ़कर 1,395 करोड़ रुपये रही है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 817 करोड़ रुपये थी। इसमें से 99.28 प्रतिशत या 1,385 करोड़ रुपये की आय उत्पादों की बिक्री से आई है। वहीं, सेवाओं की बिक्री से 1.3 करोड़ रुपये और अन्य मदों से 8.7 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है।

## एनसीआर में 1 करोड़ से अधिक के घरों की बिक्री में 2024 में बंपर उछाल

**नई दिल्ली** । नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में 2024 में बेचे गए कुल घरों में एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाली प्रॉपर्टी की हिस्सेदारी बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये और 2 करोड़ से 5 करोड़ रुपये के वर्ग में सबसे अधिक गतिविधि देखी गई, जो दिखाता है कि घर खरीदारों द्वारा गुणवत्तापूर्ण रहने की जगह को प्राथमिकता दी जा रही है। 2024 में एनसीआर ने देश के शीर्ष आठ बाजारों में 2 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये की टिकट साइज कैटेगरी में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। डेटा के मुताबिक, 18,997 यूनिट की बिक्री के साथ एनसीआर, इस टिकट साइज सेगमेंट में बिक्री में शीर्ष पर रहा है और इस रीजन ने देश के आठ बाजारों में हुई कुल बिक्री में 38 प्रतिशत योगदान दिया है। 2024 में एनसीआर में 2 करोड़ रुपये से 5 करोड़ रुपये के सेगमेंट में भी घरों की बिक्री में 84 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है।

## छत्तीसगढ़ के हसदेव नदी के किनारे मिला 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म

# हेरिटेज साइट के रूप में विकसित किया जाएगा : सीएम विष्णु देव साय

**रायपुर (हि.स.)**

छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिला अब इतिहास, पुरातत्व और प्रकृति प्रेमियों के लिए नया आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यहां हसदेव नदी के किनारे 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिला है। छत्तीसगढ़ सरकार इसे एक मैरिन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। यह पार्क न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे एशिया का गौरव बनने वाला है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोमवार को इस बारे में जानकारी साझा की है। सरकार ने इस विषय पर गहरी रुचि दिखाते हुए इसे नए सिरे से आगे बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया है। जीवाश्मों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित करने और मनेंद्रगढ़ को एक प्रमुख वैज्ञानिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।


छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को कहा कि मनेंद्रगढ़ में 28 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिलना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। यह न केवल वैज्ञानिक शोध का केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यटन से जुड़े रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। राज्य सरकार अपनी प्राकृतिक धरोहरों को सहेजने और उनका विकास करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैरिन फॉसिल्स पार्क के रूप में विकसित होने के बाद यह क्षेत्र एक बायोडायवर्सिटी हेरिटेज साइट के रूप में पर्यटकों और वैज्ञानिकों के लिए खुल जाएगा। यहां आने वाले सैलानी करोड़ों साल पुराने जीवों की उत्पत्ति और उनके विकास की कहानी को देख और समझ सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार इस परियोजना को विशेष महत्व दे रही है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता और बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट लखनऊ की टीमों ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर इसकी संभावनाओं का जायजा लिया है।

पुरातत्व विभाग के नोडल अधिकारी डॉ विनय कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि यह एशिया का सबसे बड़ा जीवाश्म है। देश-विदेश से वैज्ञानिक पुरातत्ववेत्ता यहां अध्ययन करने आएंगे। कार्बन डेटिंग से पता चला कि यह 28 करोड़ साल पुराना है। पहले 1954 में इसकी खोज डॉ एसके घोष ने की। फिर ईएसआई व लखनऊ बीरबल की टीम ने लगातार इस पर सर्वे किया। वैज्ञानिकों के अनुसार 28 करोड़ वर्ष पूर्व वर्तमान हसदेव नदी के स्थान पर एक ग्लेशियर था। जो बाद में श्टाथिसश नामक पतली पट्टी के रूप में समुद्र में समा गया, जिससे होकर समुद्री जीव-जंतु मनेंद्रगढ़ की वर्तमान हसदेव नदी में प्रवेश कर गए। वे धीरे-धीरे विलुप्त हो गए, लेकिन उनके जीवाश्म आज भी उक्त स्थल पर देखे जा सकते हैं। वर्ष 2015 में बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियो साइंसेज लखनऊ के वैज्ञानिकों ने भी इसकी पुष्टि की थी।

### पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने का महत्वपूर्ण स्रोत है जीवाश्म क्षेत्र

**पर्यटकों और वैज्ञानिकों दोनों के लिए होगा उपयोगी**

जीवाश्मों के अवशेषों से यह प्रमाण मिलता है कि करोड़ों साल पहले इस क्षेत्र में समुद्र था, जो बाद में प्राकृतिक परिवर्तन के कारण हटा और इन जीवों के अवशेष पत्थरों में दबकर जीवाश्म के रूप में संरक्षित हो गए। यह एक महत्वपूर्ण खोज है, जो पृथ्वी के इतिहास और परिवर्तन के बारे में हमें जानकारी प्रदान करती है। यह जीवाश्म क्षेत्र वास्तव में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धरोहर है, जो पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने का महत्वपूर्ण स्रोत है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा वर्ष 1982 से इस क्षेत्र को नेशनल जियोलॉजिकल मोनुमेंट्स के रूप में संरक्षित किया गया है, जो इसके महत्व को दर्शाता है।


---

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में किया वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस, बोले

# उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील, लेकिन स्थिर

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को मानेकशॉ सेंटर में वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मणिपुर की स्थिति, भारत-म्यांमार सीमा, कश्मीर घाटी में सीमा पार से आतंकी घुसपैठ, चीन सीमा पर डेप्सांग और डेमचोक में पेट्रोलिंग शुरू होने, बांग्लादेश की स्थिति के मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि डेप्सांग और डेमचोक के दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक चराई शुरू हो गई है। साथ ही, मणिपुर के बारे में उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि सीमा पर अभी तक हो रही अशांति के फैलाव से बचा जा सके। जनरल द्विवेदी ने कहा कि देश की उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील, लेकिन स्थिर है।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की विभिन्न सीमाओं के बारे में खुलकर सवालों के जवाब दिए। उन्होंने मणिपुर के बारे में कहा कि आज मणिपुर में जनजातीय समुदाय मजबूत रुख अपना रहा है, लेकिन हमें पूरे देश के साथ सुलह करने के लिए काम करना होगा। मुझे वहां तैनात किए नए राज्यपाल से भी बहुत उम्मीद है कि वे इस दिशा में कदम उठाएंगे। आपसी तालमेल के सवाल पर सेना प्रमुख ने भरोसा दिलाया कि समन्वय की बिल्कुल भी कमी नहीं है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि कौन सा पक्ष कहां है। जब मई 2023 में यह समस्या आई, तो डीजीपी ने आदेश जारी किया कि आप जिस भी समुदाय से हैं, उसके निकटतम पुलिस स्टेशन जाएं, लेकिन बाहरी ताकतों के सवालों को खारिज नहीं किया जा सकता।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में कुल मिलाकर स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है। मणिपुर में सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है। हालांकि, हिंसा की चक्रीय घटनाएं जारी हैं। हम इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। विभिन्न गैर सरकारी संगठन और हमारे दिग्गज समुदाय के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं, ताकि एक तरह का सामंजस्य स्थापित किया जा सके। भारत-म्यांमार सीमा पर बढ़ी हुई निगरानी और वर्चस्व की व्यवस्था की गई है, ताकि म्यांमार में अभी तक हो रही अशांति के फैलाव से बचा जा सके। मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए हमने अपने क्यूआरटी और क्यूआर मेडिकल टीमों को अपग्रेड करने के लिए विशेष रूप से 17 करोड़ रुपये चिह्नित किए हैं।

भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कश्मीर घाटी के संबंध में कहा कि पिछले साल मारे गए आतंकवादियों में से 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी मूल के थे। आज घाटी और जम्मू क्षेत्र में बचे आतंकियें में लगभग 80 फीसदी या उससे अधिक पाकिस्तानी मूल के हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर डीजीएमओ के बीच सहमति के बाद फरवरी, 2021 से प्रभावी संघर्ष विराम जारी है। इसके बावजूद आतंकी ढांचा बरकरार है और आईबी सेक्टर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। हाल के महीनों में उत्तरी कश्मीर और डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने बताया कि हिंसा का स्तर आतंकवाद के केंद्र पाकिस्तान की ओर से संचालित किया जा रहा है। हमने वर्ष 2024 तक 15 हजार अतिरिक्त सैनिकों को एलओसी पर तैनात किया है, जिसकी वजह से हिंसा का स्तर कम हुआ है। यही वजह है कि संसदीय चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव दोनों में लगभग 60 फीसदी मतदान हुआ।



### हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है बांग्लादेश

बांग्लादेश की स्थिति पर भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने बताया कि बांग्लादेश हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। हम पड़ोसी हैं, हमें साथ रहना है और एक-दूसरे को समझना है और किसी भी तरह की दुश्मनी एक-दूसरे के हित में नहीं है। आज की स्थिति में किसी भी तरफ से कोई कमजोरी नहीं है। जब यह बदलाव हुआ था, तब भी मैं बांग्लादेश के प्रमुख के संपर्क में था। नवंबर में हमने एक वीडियो कांफ्रेंस भी की थी। बांग्लादेश से सैन्य सहयोग के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पहले की तरह ही बढ़ रहा है। संयुक्त उत्पाद शुल्क मौजूदा स्थिति के कारण कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया है और जैसे ही स्थिति में सुधार होगा, वह उत्पाद शुल्क भी जारी रहेगा। अभी की स्थिति में सैन्य संबंध अच्छे और सही हैं।

- सुरक्षाबलों के समन्वित प्रयास और सक्रिय सरकारी पहल से स्थिति नियंत्रण में
- भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी बढ़ी, कश्मीर घाटी में घुसपैठ पर कड़ी नजर

---

### विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त को किया तलब

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सीमा के मुद्दे पर नई दिल्ली और ढाका में बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को तलब किया। इससे पहले रविवार को बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। भारत बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए बाड़ लगाने जा रहा है। बांग्लादेश के सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ वर्मा की बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। वर्मा का कहना था कि ढाका और नई दिल्ली के बीच सीमा पर सुरक्षा के लिए बाड़ लगाने के संबंध में सहमति है।

---

# सीबीआई को सत्येंद्र जैन के खिलाफ अभियोजन चलाने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)**

दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में अभियोजन चलाने के लिए सीबीआई को अनुमति मिल गई है। सोमवार को सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को इस बात की सूचना दी। सीबीआई की इस सूचना के बाद स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को करने का आदेश दिया।

मनी लांड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 18 अक्टूबर 2024 को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है। ऐसे में वे जमानत के हकदार हैं। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने लोकसेवक रहने के दौरान 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच एक करोड़ 62 लाख रुपये अर्जित किए जो उनके ज्ञात स्रोत से काफी ज्यादा है। मनी लांड्रिंग के मामले में जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपित बनाया है, उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड शामिल है। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था।



- आय से अधिक संपत्ति का है मामला

---

# सिंगापुर के राष्ट्रपति आज आएंगे भारत, पीएम मोदी मुलाकात करेंगे

- पांच दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान ओडिशा भी जाएंगे

**नई दिल्ली (हि.स.)**

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम 14-18 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। उनके साथ मंत्रियों, संसद सदस्यों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में यह थर्मन शानमुगरत्नम की पहली भारत यात्रा होगी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति थर्मन का 16 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति थर्मन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू उनके सम्मान में भोज का भी आयोजन करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिंगापुर के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर और कई अन्य भारतीय गणमान्य व्यक्ति भी राष्ट्रपति थर्मन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति थर्मन 17-18 जनवरी 2025 को ओडिशा का भी दौरा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और सिंगापुर के बीच मैत्री, विश्वास और आपसी सम्मान की लंबी परंपरा पर आधारित व्यापक सहयोग है।

राष्ट्रपति थर्मन की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर 2024 की सिंगापुर यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। उनकी राजकीय यात्रा भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के समारोह की शुरुआत भी करेगी।



---

### कोर्ट ने एम्स को दिया मिशेल की हिप सर्जरी की व्यवस्था करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया है कि वह अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की हिप सर्जरी की व्यवस्था करे। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने क्रिश्चियन मिशेल की याचिका पर ये आदेश दिया। कोर्ट ने ये आदेश एम्स की रिपोर्ट देखने के बाद दिया। एम्स ने अपनी रिपोर्ट में टोटल हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हे का प्रत्यारोपण) की सलाह दी थी। उसके बाद कोर्ट ने एम्स को फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में सर्जरी करने की बात कही थी। क्रिश्चियन मिशेल ने याचिका दायर कर कहा था कि उसके हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की सख्त आवश्यकता है, क्योंकि वो दैनिक कार्यों को भी नहीं कर पा रहा है।

---

# लॉस एंजिलिस में जंगल की आग से अब तक 24 की मौत




**लॉस एंजिलिस (हि.स.)**

लॉस एंजिलिस जंगल की आग से जूझ रहा है। गरम और तेज हवा चल रही है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लॉस एंजिल्स में लगी आग से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार देर रात से बुधवार तक क्षेत्र में तेज हवा चलने की आशंका से लोग भयभीत हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सप्ताहांत में दमकल कर्मचारियों को तेज और गरम हवाओं के बीच पैलिसेड्स और ईटन में आग का प्रकोप कम करने में काफी हद तक कामयाबी मिली। दमकल विभाग के कर्मचारी जंगल में लगी आग को बुझाने में लगे रहे। लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि लापता लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चिंता व्यक्त करते हुए सोशल साइट ट्रुथ पर राज्य के अधिकारियों को 'अक्षम' कहा है।

---

### नेपाल-भारत में व्यापार संधि की समीक्षा के लिए शीघ्र होगी चौथे दौर की वार्ता

**काठमांडू।** नेपाल-भारत व्यापार तथा परिवहन संधि की समीक्षा के लिए जल्द ही चौथे दौर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बनी है। काठमांडू में शनिवार और रविवार को हुई दो दिवसीय नेपाल-भारत वाणिज्य सचिव स्तरीय अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। नेपाल में भारतीय दूतावास की ओर से सोमवार को एक बयान में बताया गया कि नेपाल और भारत के बीच वाणिज्यिक संधि को संशोधित करने पर चौथे दौर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच नेपाल में उत्पादित वस्तुओं को भारत में निर्यात करने के लिए जरूरी बीआईएस प्रमाणन प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी सहमति बनी है।

---

# विदेशी ब्रांडों को मिली तरजीह : पवन खेड़ा

- 'मेक इन इंडिया' को लेकर कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार पर हमला

**नई दिल्ली (हि.स.)**

कांग्रेस ने 'मेक इन इंडिया' को लेकर मौजूदा केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार का 'मेक इन इंडिया' वादा महज बयानबाजी बनकर रह गया है। एआईसीसी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला।

उन्होंने रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि सरकारी टेंडर अपने खुद के 'मेक इन इंडिया' दिशा-निर्देशों का पालन करने में विफल रहे हैं। पिछले 3 वर्षों में 64,000 करोड़ रुपये मूल्य के 3,500 से ज्यादा उच्च-मूल्य वाले टेंडरों में से लगभग 40 प्रतिशत को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 'मेक इन इंडिया' नियमों का अनुपालन न करने के रूप में चिह्नित किया गया था।

पवन खेड़ा ने कहा कि वर्ष 2017 के 'मेक इन इंडिया' खरीद नियम घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए पेश किए गए थे, लेकिन वास्तव में बाद के टेंडरों ने आर्थिक और गुणवत्ता कारणों का हवाला देते हुए विदेशी ब्रांडों को तरजीह दी, जिससे भारतीय निर्माता हाशिए पर चले गए। 'मेक इन इंडिया' पहल के शुभारंभ के बाद से मोदी सरकार द्वारा जारी किए गए 3,590 टेंडरों में से उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने पाया कि नवंबर 2024 तक 1,502 टेंडर, जिनकी राशि 63,911 करोड़ रुपये थी, मेक इन इंडिया नीति दिशा निर्देशों का पालन करने में विफल रहे।



---

### दिल्ली पुलिस ने ताहिर की अंतरिम जमानत याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली** । दिल्ली पुलिस ने एआईएमआईएम उम्मीदवार और 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपित ताहिर हुसैन की चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने की मांग वाली याचिका का दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध किया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अगर आपको केवल नामांकन भरना है, तो आप जेल से भी कर सकते हैं। अंतरिम जमानत याचिका पर अब 14 जनवरी को भी सुनवाई होगी।

### इमरान-बुशरा से जुड़े अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार केस में फैसला तीसरी बार टला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत (भ्रष्टाचार रोधी अदालत) ने 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये) के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला तीसरी बार टाल दिया। जियो न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद स्थित भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने अब फैसला सुनाने की नई तारीख 17 जनवरी मुकर्रर की है।

---

## वैष्णव ने एक पॉडकास्ट में फेसबुक के संस्थापक की कही गई बात पर किया पलटवार, कहा

# मार्क जुकरबर्ग की टिप्पणी तथ्यात्मक रूप से गलत

**नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग की वर्ष 2024 में हुए भारतीय संसदीय चुनावों पर की गई टिप्पणियों को निराशाजनक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया। जुकरबर्ग ने दावा किया है कि वर्ष 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोरोना के बाद हार गई हैं। सोमवार को अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत ने वर्ष 2024 के चुनावों में 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं के साथ चुनाव लड़ा। भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा, जुकरबर्ग का दावा है कि वर्ष 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोरोना के बाद हार गईं, यह तथ्यात्मक रूप से गलत है।



- जुकरबर्ग ने दावा किया था अधिकांश मौजूदा सरकारें कोरोना के बाद हार गईं
- भारत के लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में अपना विश्वास जताया है

उन्होंने कहा कि 800 मिलियन लोगों के लिए मुफ्त भोजन, 2.2 बिलियन मुफ्त टीके, और कोरोना के दौरान दुनिया भर के देशों को सहायता, भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में नेतृत्व करने तक, प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक तीसरी बार की जीत सुशासन और जनता के विश्वास का प्रमाण है। मेटा के सीईओ जुकरबर्ग द्वारा खुद गलत सूचना देना बेहद निराशाजनक है। तथ्यों की विश्वसनीयता को बनाए रखना चाहिए था।

उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को, जो रोगन ने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के साथ दो घंटे का पॉडकास्ट प्रसारित किया, जहां उन्होंने कंटेंट मॉडरेशन, सरकारों में विश्वास, कोरोना, सरकारी प्रभाव और अन्य सहित कई विषयों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान, जुकरबर्ग ने कहा कि कोरोना के कारण भारत में मौजूदा मोदी सरकार को वर्ष 2024 में हुए चुनावों में पूर्ण बहुमत नहीं मिला। कोरोना महामारी से निपटने के लिए सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों के कारण वैश्विक स्तर पर लोगों में विश्वास की कमी का विश्लेषण करते हुए, जुकरबर्ग ने बताया कि महामारी संबंधी नीतियों और असंगत शासन व्यवस्था के कारण दुनिया भर में लोगों में असंतोष है। उनके अनुसार, इस असंतोष ने कई देशों में चुनावी नतीजों को प्रभावित किया है।